ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 10 ● विक्रम संवत 2079 ● बुधवार, 15 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-122 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50



सनी देओल, अमीषा पटेल-स्टारर... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

### डीडीसी ने जिला परिषद के प्रधान सहायक व नाजीर को हटाया

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिला परिषद के प्रधान सहायक और नाजीर को तत्काल प्रभाव से विरमित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान सहायक सुनील चौबे और नाजीर नागेंद्र कुमार पिछले कई वर्षों से जिला परिषद में प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे थे। काफी लंबे अरसे प्रतिनियुक्ति पर कार्य कर रहे दोनों कर्मियों को विरमित करते हुए उनके मूल कार्यालय डीआरडीए में वापस कर दिया है।

### टीपीएससी के तीन नक्सलियों को रंका पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गढ़वा।** रंका पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर फरार चल रहे टीपीएससी के तीन नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनमें रंका थाना क्षेत्र के जून गांव निवासी विकास सिंह, सिरोईकला निवासी रामप्यारी कोरवा और रमकंडा थाना के चेटे गांव निवासी राजेश उर्फ राजेश्वर यादव शामिल हैं। एक प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी थाना प्रभारी विकास कुमार ने मंगलवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर फरार नक्सलियों को पकड़ने के लिए एक टीम गठित किया गया था। इसी आलोक में नक्सलियों को घर आने की गुप्त सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त सभी नक्सली 17 आर्म्स एक्ट एवं सीएलएक्ट के आरोपी हैं। सभी पिछले सात महीने से फरार चल रहे थे। उन्होंने बताया कि नक्सली राजेश उर्फ राजेश्वर यादव वर्ष 2017 में रमकंडा थाना के चेटे में केन बम लगाने का आरोपी है। राजेश उर्फ राजेश्वर यादव पूर्व में भी जेल जा चुका है। इस मौके पर एसआई श्रवण कुमार, पिंकू कुमार उपस्थित थे।

### कानपुर में प्रशासन के सामने मां-बेटी जिंदा जलीं

**एजेंसी। कानपुर देहात**
सोमवार को अतिक्रमण हटाने के दौरान मां-बेटी की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह घटना तब हुई, जब पुलिस-प्रशासन के दर्जनों जिम्मेदार वहां मौजूद थे। ये लोग अवैध कब्जा हटाने गए थे कि यह वारदात हुई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन की टीम को दौड़ा लिया। अफसरों ने भाग कर जान बचाई। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई। मंगलवार को अधिकारियों ने परिजनों को मनाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। एसडीएम को सस्पेंड कर दिया गया है। लेखपाल और जेसीबी के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी मौजूद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## पलामू टाइगर रिजर्व से गुजरने वाली रेलवे लाइन व सड़क होगी डायवर्ट

### रेलवे व वन मंत्रालय के बीच बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व से होकर गुजरने वाले वाली रेलवे लाइन डायवर्ट होगी। रेलवे सोननगर से पतरातू तक फ्रेट कॉरिडोर का निर्माण करा रहा है। इसके तहत तीसरी लाइन बिछायी जानी थी। तीसरी लाइन बिछाने के लिए रेलवे ने वन मंत्रालय से अनुमति मांगी थी। मामले में वन मंत्रालय ने पलामू टाइगर रिजर्व से होकर गुजरने वाली तीसरी लाइन के साथ-साथ पहले से मौजूद दो रेल लाइनों को भी डायवर्ट करने को कहा है। इसके अलावा पलामू टाइगर रिजर्व से होकर गुजरने वाली डालटनगंज-महुआडांड़ रोड को भी डायवर्ट करने को कहा गया है। रेल लाइन को डायवर्ट को लेकर वन मंत्रालय और रेलवे के बीच सहमति बन गई है। इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेश जेना ने बताया कि थर्ड लाइन को डायवर्ट करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। जबकि पहले से मौजूद दो लाइनों को भी डायवर्ट करने के प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। रेलवे द्वारा कुछ इलाकों में सर्वे का काम अधूरा था, जिसे पूरा किया जा रहा है। रेलवे ने पीटीआर के कोर एरिया से थर्ड लाइन ले जाने की योजना तैयार की थी। रेलवे का फ्रेट कॉरिडोर (थर्ड लाइन) का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत 11 किलोमीटर लंबी रेल लाइन पीटीआर के कोर एरिया से होकर गुजरनी थी। यह रेल लाइन छिपादोहर से हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के बीच गुजरनी थी। अब थर्ड लाइन के साथ-साथ पहले से मौजूद दोनों लाइन को भी डायवर्ट किया जाएगा। इस संबंध में वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट प्रोफेसर डीएस श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों रेल लाइन का डायवर्ट होना बड़ी बात वेस डाटा डायवर्ट के निर्णय के बाद भी कई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। यह इलाका चिकन नेक कहलाता है। यहां वाइल्ड लाइफ की समस्या कम है। पलामू में सबसे पहले 1906 में रेलवे ने जमीन का अधिग्रहण किया था। जबकि 1964 में पहली रेल लाइन बिछाई गई थी। वहीं 1974-75 में दूसरी लाइन बिछाई गई थी। जबकि 2021 में तीसरी लाइन बिछाए जाने की योजना तैयार की गई थी। पलामू टाइगर रिजर्व का गठन 1973-74 में किया गया है। दरअसल, रेलवे विकास निगम ने फरवरी 2021 में ऑनलाइन आवेदन देकर थर्ड लाइन को पीटीआर से गुजरने के बाद एनओसी मांगा था। इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें रेलवे बोर्ड के आवेदन पर साफ तौर पर नॉट रिकमेंड लिख दिया गया है। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाले नेशनल वाइल्डलाइफ बोर्ड में यह मामला चला गया था। कुछ दिनों पहले वन मंत्रालय और रेलवे ने संयुक्त रूप से फिर से सर्वे की सहमति जताई थी। पलामू टाइगर रिजर्व के कोर एरिया से थर्ड लाइन करीब 11 किलोमीटर गुजरनी है, पीटीआर प्रबंधन ने छिपादोहर रेलवे स्टेशन के पास से रेल लाइन को डायवर्ट करने का आग्रह किया है। यह दूरी करीब 14 किलोमीटर की होगी। दूसरा पूरे मामले में विवाद के निपटारे के लिए रेलवे विकास निगम पीटीआर प्रबंधन की एक संयुक्त टीम बनाई गई थी। यह टीम रेल लाइन डायवर्ट करने को लेकर सर्वे करने वाली थी। टीम को 2021 में अपनी रिपोर्ट सौंपनी थी, लेकिन रेलवे विकास निगम के किसी भी अधिकारी ने इलाके का सर्वे नहीं किया।



## मुख्यमंत्री ने खतियानी जोहार यात्रा में केंद्र पर साधा निशाना, कहा

# व्यापारियों की है सरकार

### केंद्र सरकार को गरीबों, दलितों, पिछड़ों व आदिवासियों के विकास से कोई मतलब नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लातेहार खेल स्टेडियम में मंगलवार को खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार व्यापारियों की सरकार है। यह सरकार अपने व्यापारिक मित्रों को लाभ देने के लिए योजनाएं बनाती है। केंद्र सरकार को गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के विकास से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बाहर के कुछ लोग झारखंड के लोगों को सत्ता में देखना ही नहीं चाहते। राज्य गठन के बाद सबसे पहले एक आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाया गया, लेकिन उन्हें पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। इसके बाद अर्जुन मुंडा आए, लेकिन उन्हें भी कार्यकाल पूरा नहीं करने दिया गया। झारखंड में पहली बार पांच साल का कार्यकाल पूरा करनेवाले मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नेता थे। उन्होंने कहा कि आखिर क्या कारण है कि जो लोग गुजरात महाराष्ट्र और अन्य दूसरे राज्यों में शासन कर रहे हैं वह इलाका विकसित हो गया, लेकिन वही लोग जब झारखंड आते हैं तो झारखंड का विकास नहीं हो पाता। इनकी मानसिकता हमेशा ही झारखंड को पिछड़ा रखना है ताकि यहां की संपत्ति से वह लोग अपनी तिजोरी भर सके, लेकिन अब झारखंड की जनता जाग चुकी है। बाहरी लोगों को अब झारखंड को चारागाह नहीं बनाने दिया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने गिनाईं अपनी उपलब्धियां :** मुख्यमंत्री ने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि जब से झारखंड में बहुमतवाली यूपीए की सरकार बनी है तब से झारखंड के लोगों का सपना पूरा हो रहा है। हमने तीन वर्षों के कार्यकाल में ही वह कार्य किए हैं जो पिछले 20 वर्षों में नहीं हुए थे। पूर्व के सरकार में हमारे गरीबों के घर में अनाज नहीं होता था और वह भात-भात करते हुए मर जाते थे। ऐसी स्थिति में पूर्ववर्ती सरकार ने 11 लाख लोगों के राशन कार्ड को रद्द कर दिया था, लेकिन हमारी सरकार आते ही 20 लाख गरीबों को राशन कार्ड उपलब्ध कराया गया। सोरेन ने कहा कि हमने झारखंड के प्रत्येक वृद्धों को पेंशन दिया। प्रत्येक विधवाओं को पेंशन दिया। सरकारी नौकरी करनेवाले लोगों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया। यहां के बेरोजगार युवकों को रोजगार के लिए बैंकों से मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना के तहत ऋण उपलब्ध करवाया। छात्रों को उचित शिक्षा देने के लिए बेहतर माहौल तैयार करवाया। उन्होंने कहा कि हमारी एक ही सोच है कि झारखंड में भी स्थानीय नीति लागू होता ताकि यहां के मूलवासियों को रोजगार मिल सके। इसके लिए हमने 1932 का खतियान के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर




### हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देने पर : सीएम

**लातेहार।** वर्ष 2023 योजनाओं के क्रियान्वयन का वर्ष है। हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को रफ्तार देना है। इस कड़ी में योजनाओं की प्रगति की लगातार निगरानी हो रही है। योजनाएं वास्तविक रुप से धरातल पर उतरे। योजनाएं सही समय पर पूरी हो। आम लोगों को तमाम योजनाओं का पूरा लाभ मिले। इसमें अधिकारियों-कर्मचारियों की अहम भूमिका है। अधिकारी जिम्मेदारियों को ईमानदारी के साथ निभाएं, वरना सरकार कार्रवाई करने को बाध्य होगी। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री मंगलवार को लातेहार के न्यू पुलिस लाइन में लातेहार और चतरा जिले में संचालित विकास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू में अपराधियों ने बोलेरो फूंकी



**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**
पलामू जिले के पूर्व मध्य रेलवे के सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड पर मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन के समीप भीम चूल्हा टनल निर्माण स्थल पर सोमवार देर रात उग्रवादियों ने उत्पात मचाया है। एक गाड़ी को आग लगा दी। सोमवार देर रात उग्रवादियों ने निर्माण स्थल पर कर्मियों के साथ अभद्रता की और फायरिंग की। साथ ही उन लोगों ने निर्माण स्थल पर खड़ी बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी, जिससे बोलेरो पूरी तरह जलकर खाक हो गई। उग्रवादियों ने वहां खड़ी अन्य गाड़ियों को भी आग लगा दी लेकिन कर्मियों ने तत्काल बुझा दिया। माना जा रहा कि यह करतूत टीएसपीसी दस्ते की हो सकती है। मोहम्मदगंज थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और छानबीन की। उन्होंने इस घटना में नक्सलियों के हाथ होने की पुष्टि नहीं की है, लेकिन घटनास्थल से टीएसपीसी के नाम से एक पर्चा भी बरामद किया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य में लगी कंपनी प्रबंधन पर दहशत पैदा कर लेवी वसूल करने की नियत से यह कार्रवाई की गई है। पूर्व में भी कई बार निर्माण कंपनी के कर्मियों को निशाना बनाया गया है। भीम चूल्हा टनल का काम सुनसान जगह और पहाड़ के नीचे हो रहा है।

## पंकज मिश्रा के करीबियों पर शिकंजा

### बिजली विभाग के इंजीनियर समेत तीन को ईडी का समन

### न्यायिक हिरासत के दौरान पंकज मिश्रा से मिले थे इंजीनियर

### फोन पर बात करानेवाले सूरज पंडित और चंदन यादव को भी समन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन व परिवहन के मामले में मनी लाउंड्रिंग के मास्टरमाइंड पंकज मिश्रा व उनके करीबियों पर ईडी का शिकंजा कसने लगा है। न्यायिक हिरासत में बंद पंकज मिश्रा से गैरकानूनी तरीके से मिलनेवाले बिजली विभाग के इंजीनियर नथन रजक को ईडी ने समन भेजा है। नथन रजक को 21 फरवरी को ईडी के रांची जोनल कार्यालय में दिन के 11 बजे बुलाया गया है। वहीं, पंकज मिश्रा के सहयोगी सूरज पंडित को 22 फरवरी जबकि चंदन यादव को 23 फरवरी को ईडी ने बुलाया है।

**नथन ने रिम्स में जाकर की थी मुलाकात :** ईडी की जांच में यह बात सामने आई है कि नथन रजन ने रिम्स के पेइंग वार्ड में जाकर पंकज मिश्रा से मुलाकात की थी। पंकज मिश्रा तब पेइंग वार्ड में न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान इलाजरत थे। रिम्स के पेइंग वार्ड के बाहर सीसीटीवी में मुलाकात की तस्वीर सामने आयी थी। पहचान किए जाने के बाद ईडी ने नथन रजक को समन किया है। नथन से ईडी यह पूछेगी कि किन परिस्थितियों में और क्यों उन्होंने पंकज मिश्रा से मुलाकात की।

**चंदन और सूरज से पहले भी हो चुकी है पूछताछ :** पंकज मिश्रा के करीबी सूरज पंडित और चंदन यादव से पूर्व में भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। उन्हें तीसरी बार ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। अक्टूबर 2022 में सूरज पंडित और चंदन यादव के दो मोबाइल फोन समेत छह सिम ईडी ने जब्त किए थे। जब्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड के नए डीजीपी बने अजय कुमार सिंह



**रांची।** झारखंड के नए डीजीपी अजय कुमार सिंह को बनाया गया है। इस संबंध में गृह विभाग के अवर सचिव शैलेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को आदेश जारी कर दिया है। अजय कुमार सिंह वर्तमान में झारखंड पुलिसि हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे। उन्हें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। जारी आदेश में कहा गया है कि अजय कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के पद पर पदस्थापित किया जाता है। वह भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। जानकारी हो कि पूर्व डीजीपी नीरज सिन्हा के रिटायर होने के बाद से यह पद खाली था। सरकार की ओर से किसी को डीजीपी नहीं बनाए जाने पर उन्होंने स्वतः पद त्याग दिया था। इसके बाद से डीजीपी का पद खाली था।

## अयोध्या में सौ एकड़ में बनेगा आरएसएस का भव्य कार्यालय

### 27 दिसम्बर 2025 को अपना शताब्दी दिवस यहां मनाएगा संघ

### यह संघ का प्रमुख प्रशिक्षण, सामाजिक-राजनीतिक रणनीतिक अध्ययन चिंतन व पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का आवासीय केंद्र होगा

**– कृष्णमोहन सिंह**
नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) 27 दिसम्बर 2025 को अपना शताब्दी दिवस राम की जन्मस्थली अयोध्या में 100 एकड़ में बनाये जाने की योजनावाले भव्य उप मुख्यालय में मनायेगा। जो नागपुर में एक एकड़ में बने संघ मुख्यालय परिसर से 100 गुना बड़ा, दिल्ली में झंडेवालान में 3 एकड़ में बने संघ कार्यालय से 33 गुना बड़ा होगा। जिसके लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आवास विकास परिषद अयोध्या के ग्रीन फिल्डशिप योजना (1450 एकड़ की नव्य अयोध्या) में 100 एकड़ जमीन के लिए आवेदन कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि यह जमीन संघ के नाम अलॉट होते ही भव्य परिसर को बनाने का कार्य तीव्र गति से शुरू हो जायेगा। सब कुछ ठीक रहा तो यह ढ़ाई से तीन वर्ष में बनकर तैयार हो जायेगा ताकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या के अपने इस परिसर में 27 दिसम्बर 2025 को अपना शताब्दी दिवस समारोह मना सके। पूरी तरह बन जाने के बाद राष्ट्रीय ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**तोहफा**

### रेलवे ने महाशिवरात्रि पर दिया तोहफा

# किफायती दर पर करें 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
महाशिवरात्रि का महापर्व 18 फरवरी को है। हिंदुओं के लिए यह दिन काफी खास होता है। ऐसे में शिव भक्तों को भारतीय रेलवे ने एक खास तोहफा दिया है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) शिव भक्तों को बेहद कम पैसों में 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर प्रदान कर रहा है। इस स्पेशल टूर पैकेज को महाशिवरात्रि के मौके पर लॉन्च किया गया है और इसका नाम 'महाशिवरात्रि नव ज्योतिर्लिंग यात्रा' रखा गया है। इस पैकेज के जरिए भक्तों को देश के अलग-अलग हिस्सों में बेहद किफायती दाम में ट्रैवल करने को मिलेगा।

**इन ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का मिलेगा मौका :** इस पैकेज के जरिए ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

#### टूर डिटेल्स

- इस टूर की शुरुआत मदुरई से होगी।
- इस पैकेज का बोर्डिंग प्वाइंट है तिरुनेलवेली, मदुरै, डिंडीगुल, इरोड, सलेम, जोलारपेट्टई, काटपाडी, पेरम्बूर, नेल्लोर।
- पैकेज का शुल्क-15,350 रुपये
- यात्रा की डेट- इस पैकेज के जरिए आप आठ मार्च से 20 मार्च 2023 तक इन सभी जगहों की यात्रा करेंगे।
- पैकेज में मिलेंगी ये सुविधाएं
- पैकेज में यात्रियों को ट्रेन में स्लीपर कोच से यात्रा करने की सुविधा मिलेगी।
- इस पैकेज में यात्रियों को हर जगह ठहरने के लिए उचित व्यवस्था मिलेगी।
- सभी यात्रियों को ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के साथ एक 1 लीटर पानी का बोतल भी मिलेगा।
- सभी यात्रियों को टूर एस्कॉर्ट एंड सिक्योरिटी की सुविधा भी मिलेगी।

#### रेलवे स्टेशनों पर होगी लिफ्ट, फ्री वाई-फाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेलवे ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कुछ रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प करने का फैसला किया है। इसके तहत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल अंतर्गत झारखंड में कुमारधुबी, गिरिडीह, देवघर, मधुपुर, बासुकीनाथ, दुमका, शंकरपुर, जामताड़ा और विद्यासागर स्टेशनों की तस्वीर बदलने वाली है। परियोजना का उद्देश्य मल्टी मॉडल एकीकरण की परिकल्पना के लिए स्टेशनों पर सभी सुविधाओं को एक छत के नीचे लाना है। आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतरता के आधार पर स्टेशन के विकास को दर्शाती है। जैसे स्टेशनों तक पहुंचने के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## झारखंड में प्रेमी ने प्रेमिका के प्राइवेट पार्ट में रॉड डालकर कर दी हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
वैलेंटाइन डे के ठीक पहले झारखंड के गढ़वा में एक 17 वर्षीय किशोरी के साथ उसके प्रेमी ने ऐसी बर्बरता के साथ मौत के घाट उतार दिया, जिसने हर किसी को दहलाकर रख दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने लड़की से रेप के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में लोहे का रॉड डालकर उसकी हत्या कर दी। वारदात गढ़वा जिले के केतार थाना अंतर्गत अजनिया गांव की है। लड़की का शव उसके प्रेमी के घर से थोड़ी दूर एक खेत से बरामद किया गया। बताया गया कि दोनों के बीच पिछले कुछ अरसे से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। तीन-चार दिन पहले युवक ने लड़की के साथ अपनी फोटो फेसबुक पर पोस्ट की थी। इसका परिजनों ने विरोध किया था। इस बीच रविवार की रात लड़की अपने घरवालों को बताए बगैर चुपके से लड़के के पास चली गई। घरवालों का कहना है कि वह कैसे और कैसे घर से निकली, इसका उन्हें पता भी नहीं चला। अहले सुबह जब उसकी लाश गांव के लोगों ने खेत में देखी तो यह खबर पूरे इलाके में फैली और वहां सैकड़ों लोग जुट गए। लोगों ने संदेह होने पर उसके प्रेमी की तलाश की, तो वह घर से फरार मिला। मृतका के परिजनों ने केतार थाना में उसके कथित प्रेमी के विरुद्ध हत्या को लेकर एफआईआर कराई है। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। भारी गम और गुस्से के बीच उसका अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि आरोपी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

NEWS इन ब्रीफ

## वाहन चेकिंग अभियान में कई, वाहन जब्त



**विश्रामपुर।** थाना गेट के समीप मंगलवार को पुलिस ने विशेष दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। जिसमे बिना हेलमेट के चला रहे कई वाहन मालिकों को फटकार लगाते हुए बाइक को जब्त कर पुलिस ने थाना ले गई वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व कर रहे एएसआई राजकुमार चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ते क्राइम व दुर्घटना के मद्दे नजर आला अधिकारियों के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। जो आगे भी निरंतर जारी रहेगी। मौके पर हवलदार शिव लाल पासवान,आरक्षी करूदीन अंसारी, पवन कुमार सहित शस्त्र बल के कई जवान मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि का एक दिवसीय मेला 18 को

**विश्रामपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर विश्रामपुर नगर परिषद के छिपादोहर पहाड़ी मंदिर परिसर में आगामी 18 फरवरी को एक दिवसीय मेला लगेगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर पहाड़ी मंदिर परिसर में मेला लगेगा। मेला का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। मेला को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मेला के सफल आयोजन की तैयारी जोरों पर है। पूरी कमेटी मेला की सफलता के लिए दिन रात जी जान से लगी हुई है। श्री पांडेय ने लोगों से जायदा से ज्यादा संख्या में आने का आग्रह किया है।

# कलश यात्रा के साथ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद सिटी के जपला सिद्धनाथ नगर से भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार को श्रीश्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ प्रारंभ हो गया। यह यज्ञ श्रीश्री 1008 के यज्ञाचार्य उपेन्द्र पंडित के अगुवाई में हो रहा है। जो 19 फरवरी को संतों की विदाई व भव्य भंडारा के साथ समापन होगा। कलश स्थापना को लेकर गाजे बाजे के साथ सुबह दस बजे भव्य जलयात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं, कुंवारी कन्याओं सहित पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस कलश यात्रा का नेतृत्व भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, राकांपा नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, योगेन्द्र सिंह, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल,अजय प्रसाद गुप्ता, छोटू सिंह, दुग्धेश्वर सिंह, उदय प्रताप सिंह आदि सदस्यों के साथ किया। सिद्धनाथ नगर स्थित मंदिर परिसर से निकलकर जपला मुख्य पथ होते हुए पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए देवरी सोन नदी के तट तक पैदल पांच किलोमीटर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने कलश में जलभराई की। जहां आचार्य उपेन्द्र पंडित ने विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। तत्पश्चात पुनः कलश यात्रा उसी रास्ते से होते हुए यज्ञ स्थल स्थित यज्ञ मंडप पहुंचकर स्थापित किया। जहां यज्ञाचार्यों ने मंत्रोच्चारण के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया । इस कलश यात्रा में काफी संख्या में लंबी कतार लगी रही। कलश यात्रा में चल रहे श्रद्धालुगण धर्म से संबंधित कई जयकारा को भी गुंजायमान किया। कलश यात्रा के साथ महायज्ञ प्रारंभ हो गया। मौके पर मुख्य यजमान अनुज सिंह, विश्वनाथ सिंह,लोकेश सिंह,पंकज सिंह, ललन सिंह, भोला यादव के अलावा कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। इस यज्ञ में प्रवचन 15 फरवरी से 18 फरवरी तक संध्या 6 बजे से 9 बजे तक श्रीमद् जागद्गुरु रामानुजाचार्य, श्री सर्वेश्वराचार्य स्वामी जी महाराज के कर कमलों द्वारा सम्पन्न होगा।



## मुखिया संघ की मासिक बैठक ,उपस्थिति पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार।** मुखिया संघ की बैठक इटको पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । जिसका संचालन इटको पंचायत मुखिया जोहरा बीबी ने किया। मुखिया संघ मासिक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा एवं कृषि पदाधिकारी प्रभु राम, कनीय अभियंता राजू पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुखिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद अमीर हमजा से मांग करते हुए कहा कि पंचायत दिवस एवं रोजगार दिवस के मौके पर सभी पंचायत कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रंखड क्षेत्र में जो भी व्यक्ति विकास विरोधी है। वह सावधान रहें, और विकास कार्यों में सहयोग करें। जिससे क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य हो सके। अन्यथा बाध्य हो कर उन विकास विरोधियों के उपर चिंहित करते हुए कार्रवाई की जायेगी।

## सद्भावना टीम ने फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कर्नल ब्रिगेड स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा सिंचाई विभाग मैदान में आयोजित सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मोहम्मदगंज और काजीनगर टीमों के बीच खेला गया। जिसमें मोहम्मदगंज की टीम ने काजीनगर को 4-1 गोल से हराकर सद्भावना फुटबॉल कप पर कब्जा जमाया। विजेता टीम को बीडीओ प्रभाकर ओझा जबकि उपविजेता को थाना प्रभारी अक्षय कुमार ने कप प्रदान किया। प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का खिताब सीबी रमन सिंह और मैन ऑफ द मैच का खिताब राणा प्रताप सिंह ने मोहम्मदगंज के खिलाड़ी विद्याभूषण को प्रदान किया। रेफरी धीरेंद्र बैठा जबकि लाइंसमैन की भूमिका सत्येंद्र कुमार व विजय ठाकुर ने निभाई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह के अलावा मनोज कुमार सिंह, रामवचन बैठा, मानिक सिंह, राणा प्रताप सिंह, शिव प्रसाद, नेहाल मिर्जा, गोविंद सिंह, भरदुल सिंह, विनय सिंह सहित सनोज,संजय व काफी संख्या में दर्शकों ने खेल का आनन्द लिया।

# आप इकाई ने पुलवामा के वीरों को किया नमन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर पलामू आप इकाई के नेताओं ने शहीदों के नाम दीप जलायें। आम आदमी पार्टी के पलामू इकाई ने मंगलवार को पुलवामा हमले में शहीद भारतीय सेना के उन जवानों को नमन किया। जिन्होंने पुलवामा हमले में मातृभूमि के सेवार्थ अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। पलामू के जिला संयोजक चंद्रबली चौबे के नेतृत्व में मंगलवार को आम आदमी पार्टी की पलामू टीम के सभी वरिष्ठ नेता और पदाधिकारीगण पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पहुंचे और पुलवामा हमले में भारतीय सेना के जिन वीरों ने अपने प्राणों की आहुति देकर मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और एक मिसाल पेश की ,उनकी कुबार्नी को याद किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिला संयोजक श्री चौबे ने कहा कि जो लोग देश के खातिर अपने प्राणों की आहुति देते हैं । उनसे बड़ा मुकाम किसी का हो नहीं सकता। कार्यकारी सचिव सुधीर कुमार ने कहा कि देश की रक्षा करते हुए जिन वीर जवानों ने अपना बलिदान दिया। आम आदमी पार्टी पलामू की टीम उनके योगदान को न सिर्फ याद करती है। बल्कि उनके परिवारों के साथ हमेशा खड़े होने का वादा भी करती है। युवा नेता राकेश तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी अपने आदर्शों पर काम करते हुए भारतीय सेना के प्रति उच्च सम्मान रखती है और अपने शहीदों की कुर्बानियों को नमन करती है। कार्यक्रम के दौरान पलामू जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, सचिव शंकर दयाल सिंह, युवा नेता कौशल किशोर बच्चन, शशिकांत तिवारी, अभय सिंह चेरो, मुकेश नारायण दीक्षित, ओम प्रकाश दुबे, डॉ गणेश, अशोक यादव, मसरूर अहमद, मनोज रवि और आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम के समापन पर आप पलामू की टीम ने भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद और वीर जवान अमर रहे ,जैसे देश प्रेम के नारे लगाए और हमेशा शहीदों के परिवारों के हित में खड़े रहने की शपथ ली।



## पलामू जिले में मृतक के नाम हो रहा है फर्जी खाद्यान्न का उठाव

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आपूर्ति विभाग द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानों से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना एवं जन एफ एस ए का खाद्यान्न नावाबाजार प्रखंड में जन वितरण प्रणाली दुकानों से मृतकों के नाम पर उठाव बदस्तूर जारी है। जानकारी के अनुसार नावाबाजार प्रखंड के इटको पंचायत की डीलर मालती देवी की दुकान से मृतक नावा निवासी नशीम शाह और महावीर साव का राशन पिछले कई वर्षों से उठाव किया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली दुकानदार मालती देवी की मिलीभगत से मृतक कार्डधारियों के नाम पर राशन का उठाव एवं वितरण किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार दोनों कार्डधारियों की मृत्यु विगत दो वर्ष पूर्व हो चुका है। बावजूद खाद्यान्न का उठाव बदस्तूर जारी है। वहीं जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के पास वैसे फर्जी राशन कार्ड हैं जिसपर प्रतिमाह खाद्यान्न का आवंटन लिया जा रहा है। जिसे वितरण के बजाए कालाबाजारी कर दिया जा रहा है। जन वितरण प्रणाली दुकानदार मालती देवी के पास एक कार्ड जिसका नंबर 202002621290 है जिसपर परिवार के किसी सदस्य का नाम नहीं है। इस पीएच कार्ड पर राशन का उठाव किया जा रहा है। जिन मृतकों के के नाम राशन का उठाव किया जा रहा है। उसमें नावां बाजार के राशनकार्ड संख्या 202002621412 नशीम शाह और राशनकार्ड संख्या 202005830498 महावीर साव का नाम शामिल है।

## भगवान का आश्रय लेने वाले परेशान नहीं होते : महाराज

**विश्रामपुर।** केतात में मनोकामना सिद्ध पीठ पंचमुखी हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ स्थल पर श्रीमद भागवत कथा चल रहा है। कथा के सातवे दिन जगतगुरु बासुदेवाचार्य विद्याभाष्कर स्वामी जी महाराज के कृपापात्र जगत गुरु विष्णु विक्रम जी महाराज हरिद्वार पीठाधीश्वर ने राजा परीक्षित के जन्म की कथा सुनाई। इसके अलाव उन्होंने कृष्ण व कुंती के बीच हुए संवाद की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि जो भी मनुष्य भगवान के चरणों में आश्रय लेता है। उन्हें भगवान की कोई भी माया परेशान नहीं कर सकती है। महाराज जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत गीता लोगों को इस मायावी दुनिया के सच्चाई से रूबरू कराती है। कथा में दिन प्रति दिन भक्तो की भीड़ बढ़ रही है। मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, विजयकांत चौबे, सुरेश पांडेय, अरविंद चौबे, रविशंकर चौबे, संजय चौबे, राघवेंद्र चौबे, मनोज चौबे, हर्षवर्धन चौबे सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन सम्पन्न

**पाटन।** कररकला गांव में 646 वां शिरोमणि संत रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। संत रविदास जयंती समारोह के मौके पर भव्य शोभा यात्रा कररकला , किशुनपुर, चेतमा, मोरिया करीब 5 किलोमीटर तक जय भीम एव संत रविदास से सबंधित पट्टिका लेकर बैड बाजो के साथ रथ निकाली गई। जयंती समारोह में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम मुख्य अतिथि बतौर महात्मा बुद्ध एव संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुरूआत किया। मौके पर संसद बीड़ी राम ने कहा कि डॉ भीम राव अम्बेडकर हमेशा याद किये जायेंगे। आज हमलोग जो भी है उन्हीं के बदौलत हैं। आज मैं सांसद उन्हीं के बदौलत हुं। इन्होंने कहा कि हमें अपनी पृष्ठ भूमि जिनमें जन्म लिया है उस पृष्ठ भूमि को नही भूलना चाहिये। कितना भी उच्चे शिखर पर क्यो नहीं पहुंच गये हो समाज/परिवार के प्रति कर्तब्य निर्वाहन करें। इन्होंने कहा कि संत रविदास ने कितना भी दबाब आया अपने धर्म को नही छोड़ा। समाज मे व्याप्त कुरीतियों को दूर करने को जीवन पर्यंत लगे रहे। इनके आदर्शों को आत्मसात करने की आवश्यकता है।

शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा से कुरीतियां दूर हो सकती है। तथा जीवन मे अधिकार के साथ सभी कुछ हासिल कर सकते है। इसलिए शिक्षा बच्चों को जरूर दिलायें। भारत सरकार दलित गरीबों के लिये दर्जनों लोककल्याणकारी योजना चला रही है। अशिक्षा के कारण लाभ नहीं ले रहे है और न ही जानकारी ले पाते है। पीएम मोदी हरेक वर्ग के लोगों को अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के लिये ह्रदय से उत्थान चाहते है।

## रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला में संत शिरोमणि रविदास जयंती पखवाड़ा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत से पहले संत शिरोमणि रविदास के चित्र पर पूजा अर्चना किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बसपा के प्रदेश सचिव कृष्णा दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि फीता काट कर किया। कृष्ण दुबे ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी के विचार आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कर्म को उस वक्त भी प्रधान बताया था। संत शिरोमणि का उपाधि हासिल करने के बाद भी उन्होंने अपना कर्म नहीं छोड़ा था।

## महिला ने लगाई आग, इलाज के दौरान मौत

**हरिहरगंज ।** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पड़रिया गांव में सोमवार की रात साधु भुइयां की 50 वर्षीय पत्नी कलावती देवी ने घर के अंदर आग लगा ली। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गयी। इलाज के लिए महिला को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत इलाज के दौरान हो गयी। बताया जा रहा है कि महिला ने पति से विवाद होने के बाद यह आत्मघाती कदम उठाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। इस संदर्भ में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि महिला की आग से झुलस कर मौत होने की बात सामने आयी है। बावजूद पुलिस सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर रही है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

(SCA योजना के अन्तर्गत)
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 20/वर्ष 2022–23

पत्रांक ............................/ दिनांक ......................................./

1. विभाग का नाम — जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग,झारखण्ड सरकार, राँची।
2. विज्ञापन दाता का नाम — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि — दिनांक 15.02.2023 से 24.02.2023 (कार्यालय अवधि में)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.02.2023 अपराह्न 3.00 बजे
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय — दिनांक 25.02.2023 अपराह्न 3.30 बजे
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान — कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. कार्य का विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र की मूल्य (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम उगरा के स्वास्थ्य उपकेन्द्र में शौचालय निर्माण कार्य। | सेन्हा | 834000.00 | 1250.00 | 16700.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें WWW. jharkhand.Gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा
PR 290237 Lohardaga(22-23).D



कार्यालय–जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू
नया समाहरणालय परिसर ब्लॉक–सी मेदिनीनगर, पलामू (झारखण्ड) 822101
ई–मेल–deo.palamu@gmail.com

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 175 दिनांक 09.03.2023 के द्वारा आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (Schools of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना संख्या PR289907 दिनांक 10.02.2023 के द्वारा प्रकाशित सूचना में आवेदन करने की निर्धारित अंतिम तिथि 28.02.2023 के स्थान पर दिनांक 05.03.2023 पढ़ा जाय। शेष पूर्ववत रहेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
पलामू
PR 290228 Jharkhand Education Project Council(22-23)D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा।
आवश्यक सूचना
(लापता बसंती देवी, उम्र– 18 वर्ष)



मेराल थाना सनहा सं0–21/2023 दिनांक–10.02.2023 में लापता बसंती देवी, उम्र–18 वर्ष, पति–मंदीस सिंह, ग्राम–बाना, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, की रहने वाली हैं। जो दिनांक–07.02.2023 को 04:00 बजे शाम में अपने घर से अपने मायके रारो जा रही हुं कहकर निकली परन्तु वहाँ पर भी नहीं पहुँची, उसी दिन से लापता है। उक्त लापता बसंती देवी, उम्र–18 वर्ष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता बसंती देवी उम्र–18 वर्ष के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।
हुलिया:–
रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट लगभग,
भाषा–हिन्दी, मगही।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।
PR 290266 Police(22-23)D



कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला- लातेहार

कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 09/2022–23
अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में अधिष्ठापित 3KVA & 5KVA UPS, Battery, Solar Inverter, and 10kva three phase Stebilizer की मरम्मति एव क्रय किया जाना है। इच्छुक फर्म/संवेदक से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 3.00 बजे तक सभी दर सहीत आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में पैन कार्ड, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, Gst से संबंधित सभी कागजात के साथ जमा किया जा सकता है। उक्त मुहरबन्द कोटेशन को दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 4.00 बजे नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committeee) द्वारा खोला जायेगा। उपरोक्त किये जाने वाले कार्यों की जानकारी नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 20.02.2023 तक प्राप्त किया जा सकता है। नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय उपयोग हेतु क्रय एवं मरम्मति किये जाने वाले सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Discription | Unit |
|---|---|---|
| 01 | Reparing Work of 5KVA orion Online UPS, Single Phase input and single phase output power system of input voltage range 110v-300v ac 5% frequency range 40Hz to 60Hz, Power Factor>0.9@ full load and output voltage range 200v/240v Ac, voltage regulation 1%. | 01 |
| 02 | Reparing work of 3 KVA, UTL online UPS, Single phase input and single phase output power system of input voltage rang – 110 V AC- 300 V AC ± 5%, frequency range 40Hz to 60 Hz, Power factor > 0.9 @ full load and output voltage range 200V/240 V Ac, voltage regulation ± 1%. | 01 |
| 03 | Purchasing of 12 Volt, 26 Ah, Seald Maintenance free exide/Amaron (SMF) battery with 24 month replacement Guaranty as per IS:1652:1991. | 16 |
| 04 | Purchasing of 12 Volt, 42 Ah, Seald Maintenance free exide/Amaron (SMF) battery with 24 month replacement Guaranty as per IS:1652:1991. | 16 |
| 05 | Reparing work of 1.5 KVA UTL solar inverter, single phase input and single phase output power system of input voltage range 110 V ac to 300 V ac ± 5%, frequency range 40Hz to 60 Hz, Power factor > 0.9 @ full load and output voltage range 200V/240 V Ac, voltage regulation ± 1%. | 01 |
| 06 | Reparing work of 10 KVA, 3 Phase input and output voltage 360 V to 400 V automatic type stebilizer. | 01 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार
PR 290225 (Urban Development) 22-23 (D)



नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

संख्या :– 234 दिनांक:– 13.02.2023

सूचना

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या–WP(C) N0.-3894/2021 के संदर्भ में पारित न्यायादेश एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के ज्ञापांक–11/वाद–07–11/2022 का०–604/राँची, दिनांक–30.01.2023 के आलोक में विद्यालय द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2023 (PR No.287831 Human Resource Development (22-23):D ) को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। इस मामले में नये सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर अग्रेतर कारवाई सुनिशिचत की जाएगी जिसकी सूचना बाद में प्रकाशित की जाएगी। अब तक प्राप्त आवेदनों को उनके द्वारा दिए गए पत्राचार के पते पर लौटाया जा रहा है।

ह०/– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति,नेतरहाट
PR 290227 Human Resource Developement(22-23).D



पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा
आवश्यक सूचना
(लापता मुकेश कोरवा, उम्र– 20 वर्ष)



रमकण्डा थाना सनहा सं0–13/2023 दिनांक–25.01.2023 में लापता मुकेश कोरवा, उम्र–20 वर्ष, पिता–बिरक्षन कोरवा, ग्राम–मंगरही, पो0+थाना–रमकण्डा, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाले हैं। जो दिनांक–02.01.2023 को 06:00 बजे शाम में अपने घर से लापता है। उक्त लापता मुकेश कोरवा, उम्र–20 वर्ष का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता मुकेश कोरवा के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।
हुलिया:–
रंग–सांवला, लम्बाई–05 फीट, चेहरा–गोल,
पहनावा–काला कोट एवं जिंस, जुता–Sport, लाल गमछा,
शैक्षणिक–छः वर्ग पास।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा
PR 290264 (Police)22-23*D

NEWS इन ब्रीफ

## पंचायत सचिव जिला विकल्प का लिंक जारी

**मेदिनीनगर।** पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों के लिए सोमवार की देर रात जेएसएससी के द्वारा जिला विकल्प का लिंक जारी कर दिया गया है।अभ्यर्थियों को 13 फरवरी से 20 फरवरी तक जिला विकल्प देने को कहा गया है। जिला विकल्प के लिए 23 जिला का विकल्प दिया गया है । जिसमें सभी अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के द्वारा जिला विकल्प को चुना जाना है । पंचायत सचिव का मेरिट जनवरी माह में दिया गया था। इसके बाद से लगातार अभ्यर्थियों के द्वारा जिला विकल्प के मांग की जा रही थी। जिला विकल्प का कार्य पूर्ण होते ही आयोग के द्वारा अंतिम मेधा सूची जारी कर दी जायेगी।

## झारखंड अपराधियों के चंगुल में :आजसू

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड में तीन साल के शासन में कांग्रेस ,झामुमो और राजद की सरकार ने अपराधियों को तांडव करने की पूरी छूट दे दी है। राज्य में हत्या के ग्राफ में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। देवघर में दो पुलिसकर्मी संतोष और रवि की हत्या अपराधियों ने गोली मारकर कर दी। जिस राज्य में पुलिसकर्मी सुरक्षित नहीं है। उस राज्य में आम अवाम की सुरक्षा पर तो प्रश्न उठता है। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा नहीं है, आये दिन हत्या और बलात्कार सुर्खियों में रहता है। हेमंत सरकार जनता को गुमराह कर तीन साल झारखण्ड के विकास को पीछे धकेल दिया। न तो 1932 खतियान ,न पिछड़ा वर्ग को आरक्षण ,न बेरोजगारी भत्ता और न छात्रों को स्टाईपन, बीपीएल को डीजल पेट्रोल में सब्सिडी ये सब सरकार का नौटंकी ड्रामा रहा। प्रधानमंत्री आवास के लिए बालू पर रोक, सरकारी संरक्षण मे बालू का माफियागिरी। आजसू पार्टी सरकार के असली चेहरा बेनकाब करेगी । वही,27 फरवरी को आरक्षण और बालू के सवाल पर ओबीसी आरक्षण बचाओं मोर्चा की ओर से पलामू बन्द सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड में प्रभारी नियुक्त किया गया है। तैयारी आरंभ कर दी गई है बन्द ऐतिहासिक होगी।

## सैबुन को मिला बेस्ट मॉनिटर का अवार्ड

**मेदिनीनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में पुरस्कार का महत्व और भी बढ़ जाता है। उक्त बातें सहायक शिक्षिका रेणु कुमारी जायसवाल ने बीएमसी नेउरा विद्यालय में आयोजित बेस्ट मॉनिटर अवार्ड 2022-23 कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किए जाने पर दूसरे अन्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। इससे विद्यालयी जीवन के बाद भी कर्तव्यनिष्ठ बने रहने की प्रेरणा मिलती है। पुरस्कारों से प्रतिभा का विकास होता है और आनंद की अनुभूति होती है। प्रधानाध्यापक एमजे.अजहर ने कहा कि सभी बच्चे हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में वर्ग- 5 की छात्रा सैबुन खातून को बेस्ट मॉनिटर अवार्ड 2022-23 से पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुसर्रत जहां, अलकमा खातून, हलीमा खातून, नेहा श्रीवास्तव, दीनानाथ कुमार सहित सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल संसद प्रधानमंत्री ईसा खातून, उप प्रधानमंत्री जांनिसार अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। अध्यक्षता प्रधानाध्यापक एमजे.अजहर ने की, संचालन व धन्यवाद ज्ञापन रामप्रवेश सिंह ने किया।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशीप मेदिनीनगर में 14 फरवरी को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के वरिष्ठ रसायन शिक्षक सर्वेश्वर प्रधान के आकस्मिक निधन पर विद्यालय परिवार ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके. सिंह ने कहा कि - विद्यालय परिवार परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करता है कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार एवं आत्मीय जनों को सहन-शक्ति प्रदान करें।

# मुख्यमंत्री से मिले सहायक अध्यापक, सौंपा मांग पत्र



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री के लातेहार आगमन पर सोमवार की शाम को सर्किट हाउस लातेहार में राज्य के सहायक अध्यापकों ने मुख्यमंत्री से मिला। विभिन्न समस्याओं पर बात रखी गई और मांग पत्र भी सौंपा गया। सभी मामलों पर सकारात्मक तरीके से मुख्यमंत्री से चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया कि पारा शिक्षकों की समस्या को बहुत जल्द दूर किया जायेगा। आप लोगों को बहुत जल्द खुशखबरी मिलेगी । आपलोगों की कुछ समस्यायों पर मेरी नजर है। जिसे बहुत जल्द दूर कर दिया जायेगा। अंत मे उनके द्वारा बताया गया कि मेरी सरकार राज्य के पारा शिक्षकों को भला करेगी। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, जिला महासचिव अनूप कुमार, चदंवा प्रखण्ड अध्यक्ष बेलाल अहमद, सासंग संकुल अध्यक्ष शिव बालक राम शामिल रहे।

# आज स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव करेंगे, अनुबंध स्वास्थ्यकर्मी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के एनआरएचएम एएनएम जीएनएम अनुबंध कर्मचारी संघ एवं झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मी संघ के संयुक्त तत्वावधान में आंदोलन का 28 वां दिन तथा आमरण अनशन का 21 वां दिन हो गया। लेकिन न तो सरकार और न ही विभाग इन कर्मियों की सुध ले रही है। अनुबंध कर्मियों ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार संवेदनहीन हो गई है। हम सभी अनुबंधित चिकित्सा कर्मी कोरोना काल में कोरोना योद्धा को झारखंड सरकार ने सम्मानित किया तथा सम्मान के रूप में गुलाब के फूलों से पुष्प वर्षा की। कोरोना योद्धा एएनएम, जीएनएम, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, नेत्र सहायक इत्यादि ने अपने व अपने बाल बच्चों के जान की परवाह किए बिना कोरोना वायरस के संघर्ष में



आकर अपनी कर्तव्य को कुशलतापूर्वक से मरीज को स्वस्थ किया । लेकिन आज अपनी नियमितीकरण के लिए महीनों से राज्य के सड़कों पर आंदोलन करने के लिए बाध्य हैं। परंतु सरकार संवाद भी नहीं करना चाह रही है। अनुबंध कर्मियों ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री का जब आवास घेराव हुआ था तो सैकड़ों पारा मेडिकल चिकित्सा कर्मी के बीच दरी पर बैठकर 7 फरवरी को आप स्वास्थ्य अनुबंध कर्मियों के समायोजन के लिए बीच का रास्ता निकाल कर आंदोलन समाप्त कराए जाने का आश्वाशन दिया था। साथ ही कहा था की आप सभी धैर्य बनाकर शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करें। आप एक सम्मानित पद पर रहते हुए अपने वादा से मुकरे जो झारखंड के आमो आवाम के लिए दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। जिससे हम कर्मियों में काफी रोष है। अनुबंध चिकित्सा कर्मी अपने आंदोलन में आंशिक बदलाव लाते हुए आज सोशल मीडिया साइट जैसे ट्विटर अकाउंट एवं फेसबुक के माध्यम से अपनी मांगों को सरकार के वादों को निभाने हेतु अभियान चलाया। एनएचएम कर्मी अपनी मांगों को लेकर आज स्वास्थ्य मंत्री के डोरंडा आवास का घेराव करना सुनिश्चित किया गया।

# आज से खाद्य कारोबार बंद रहेंगे

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** फेडरेशन ऑफ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आह्वान पर राज्य सरकार द्वारा पारित झारखंड राज्य कृषि उपज और पशुधन विपणन (सबर्धन और सुविधा ) विधेयक 2022 के विरोध में आज से पलामू जिला की खाद्यान्न,किराना ,आलू प्याज एवं अन्य खाद्य सामग्री की दुकानें अनिश्चित काल तक बंद रहेगी । इसके लिए प्रचार के माध्यम से भी लोगों को सूचना दी गयी है।



गौरतलब है कि इस विधेयक से खाद्य सामग्री पर 2 प्रतिशत बाजार शुल्क लगेगा जो उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ होगा तथा व्यापारियों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ेगा। पड़ोसी राज्यों में भी बाहर शुल्क लागू नहीं है। बाजार शुल्क लगने से कृषकों को उनके उपज का कम मूल्य मिलेगा। कृषि उत्पादन, विपणन प्रसंस्करण प्रभावित होगा तथा व्यवसाय का पलायन होगा। इसके विरोध में संघ के द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक बंदी भी किया का चुका है। लेकिन सरकार के द्वारा कोई भी सकारात्मक पहल नहीं करने के कारण संघ अब अनिश्चित समय के लिए बंद बुला रहा है।

# पलामू में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला आज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय स्थित श्रम कार्यालय मैदान, डाल्टनगंज में 15 फरवरी 2023 को सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना अंतर्गत एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें झारखंड के कई प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित होने की सहमति प्रदान की है। पलामू जिला नियोजनालय पदाधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वह पूर्व में




निबंधित नहीं है तो रोजगार मेले से पूर्व अपने स्थानीय नियोजनालय में अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उम्मीदवार विभाग के अधिकृत पोर्टल पर भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले के दिन कार्यालय में पंजीयन नवीनीकरण कार्य स्थगित रहेगा। इस मेले में चयन हेतु सभी आवेदक अपना बायोडाटा, फोटो, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र एवं रोजगार कार्यालय के पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित रहेंगे। नियोक्ता निजी क्षेत्र से हैं। इसलिए वे साक्षात्कार रिक्ति और सेवा शर्तों के लिए जिम्मेदार हैं। रोजगार कार्यालय केवल सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है।

# पीजीटी में 140 व टीजीटी में 71 अभ्यर्थियों की होगी नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में पीजीटी में 140 शिक्षक और टीजीटी में 71 शिक्षकों को नियुक्ति जल्द किया जायेगा। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के द्वारा आदर्श विद्यालय योजना के अंतर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों में व प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के तहत गुणवत्ता शिक्षा केंद्र के रूप के विकसित किया जा रहा है। जिसके तहत पलामू में भी शिक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इस नियुक्ति में दिव्यांग को 4 प्रतिशत और महिलाओं को 5 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिया जाना है।

**पीजीटी में इन विषयो की होनी है नियुक्ति :** पीजीटी में 140 अभ्यर्थियों की नियुक्ति होगी। जिसमें हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, हिस्ट्री, भूगोल,अर्थशास्त्र, गणित, भौतिक, जीव विज्ञान, रसायन और वाणिज्य विषय मे होगी। इसमें सामान्य कोटि के लिए 72 पद, बीसी-2 के लिए 8 पद,बीसी -1 के लिए 11 पद, एसटी के लिए 13 पद और एससी के लिए 36 पद शामिल है। अभ्यर्थियों को सौ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन 5 मार्च तक डीईओ कार्यालय में जमा करना है। पीजीटी में आवेदन देने वाले अभ्यर्थियों को अपने विषय मे एमए की डिग्री के साथ बीएड अनिवार्य है।

**टीजीटी में इन विषयों में होनी है नियुक्ति :** टीजीटी विषय मे हिंदी, इंग्लिश, संस्कृत, गणित व भौतिक, जीवविज्ञान व रसायन, भूगोल, इतिहास व नागरिक, अर्थशास्त्र, शारीरिक विज्ञान और गृह विज्ञान विषय मे नियुक्ति होगी। इसमें सामान्य में 38 पद, बीसी -2 में 2 पद, बीसी-1 में 6 पद, एसटी में 6 पद और एससी में 21 पद शामिल है। टीजीटी में अभ्यर्थियों को अपने मूल विषय मे स्नातक के साथ बीएड की डिग्री अनिवार्य है। आवेदन देने वाले अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष और अधिकतम 55 वर्ष रखी गई है। सभी नियुक्त होंने वाले शिक्षक 11 महीने तक संविदा पर रखे जायेंगे।

# गौवंश संरक्षण संवर्धन का लें संकल्प : महापौर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के बाईपास रोड स्थित श्री गौशाला परिसर में मंगलवार को गौ आलिंगन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोवंश को नया वस्त्र धारण कराकर उनकी पूजा-अर्चना की गई। साथ ही हरी घास व गुड़ आदि खिलाया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि सनातन काल से हम गाय की पूजा अर्चना करते आए हैं। गाय का दूध संपूर्ण आहार है। इनके संरक्षण संवर्धन का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उक्त बातें मेदिनीनगर नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर ने कहीं। उन्होंने कहा कि पलामू के लोकप्रिय राजा रहे मेदनी राय के जमाने में दूध ,दही की गंगा बहती थी। यह हमें याद दिलाता है कि उस जमाने में गौवंश का कितना आदर सत्कार व मान-सम्मान था। मेयर ने कहा कि अंग्रेजों ने सुनियोजित तरीके से हमें अपनी संस्कृति सभ्यता से भ्रमित किया। हमें पुरातन काल से चली आ रही अपने परंपरा व संस्कारों पर कायम



रहना चाहिए। मेयर ने गौशाला को समृद्ध करने में हर संभव सहयोग की बात कही। मौके पर डॉ नारायण चंद्र अग्रवाल ने कहा कि 5 दशक पूर्व गौशाला समृद्ध हुआ करता था। बाद के दिनों में सरकार की अनदेखी के कारण उपेक्षित हो गया। इसके विकास के लिए सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। नवल तुलस्यान ने कहा कि पलामू की गौशाला समृद्धि की ओर अग्रसर है । इसे स्वावलंबी बनाने में सबका सहयोग अपेक्षित है। मौके पर श्री गौशाला कमेटी के अध्यक्ष अनिल पांडेय ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कहा कि गाय को गले लगाओ कार्यक्रम का आयोजन होने से गौ माता के प्रति लोगों में आस्था व श्रद्धा का विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के सदस्य अरविंद तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष नरेंद्र मेहता ने किया। मौके पर सचिव सत्येंद्र पांडेय में पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन में राजीव रंजन तिवारी मनीष भिमानियां विकास तिवारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आजाद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** स्वतंत्रता समता न्याय और बंधुत्व के रास्ते / आओ कि कोई ख्वाब बुने कल के वास्ते की भावना के साथ 15 वां इप्टा राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजन समिति एवं प्रगतिशील लेखक संघ पलामू के द्वारा फैज अहमद फैज की जयंती के मौके पर रेड़मा स्थित इप्टा कार्यालय में लाजमी है कि हम भी देखेंगे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉक्टर इंतखाब असर ने फैज अहमद फैज के संघर्ष में जीवन की चर्चा करते हुए कहा कि फैज साहब ने अपनी रचनात्मकता जरूरतमंद लोगों और एक सुंदर दुनिया के निर्माण के लिए समर्पित किया था। इसके बाद अरशद जमाल उर्फ गुड्डू ने फैज अहमद फैज की रचना 'लाजमी है कि हम भी देखेंगे। ।

# सतबरवा में पंचायत स्तरीय समिति गठित

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा ।** युवा जागृति केंद्र द्वारा सतबरवा प्रखंड के पोची पंचायत हलुमाड़ -सखुआटांड़ मे एक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने युवा जागृति केंद्र की सदस्यता ली एवं पंचायत स्तरीय समिति का निर्माण किया। जिसमें सर्वसम्मति से श्याम लाल सिंह को अध्यक्ष, विजय बैठा को सचिव, संगीता देवी एवं निमार्णी देवी को सह सचिव एवं विजय सिंह को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन सतबरवा प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि सरकार के अनदेखी और पक्षपातपूर्ण नीतियों का नतीजा है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग आज भी बदहाली का जीवन जीने को विवश हैं। जनप्रतिनिधियों के स्वार्थ पूर्ण व्यवहार के कारण आज भी अव्यवस्था बनी हुई है। केंद्रीय सचिव मुकेश विश्वकर्मा ने कहा कि युवा जागृति केंद्र के प्रसार से ग्रामीण जनता में समस्याओं के



समाधान के लिए आशा जगी है। इसे युवा जागृति केंद्र किसी भी परिस्थिति में पूरा करेगा। जिला सचिव प्रेम कुमार चौहान ने कहा शीघ्र ही सतबरवा प्रखंड में युवा जागृति केंद्र का प्रसार कर ग्राम स्तरीय समितियां बनाई जायेंगी। प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र कुमार संगठन में नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। मौके पर जिला सचिव अमित रंजन, छोटू तिवारी, बलवंत चौहान एवं आशीष बैठा, चंद्रदेव सिंह, प्रदीप शुक्ला, प्रमोद कुमार, प्रेम कुमार सिंह, बिंदा देवी, सहजीता बीबी, सुरेंद्र सिंह, शीतल देवी, वीणा देवी, कलमुद्दीन अंसारी, मुस्लिम अंसारी एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राजद प्रदेश कार्यसमिति की लिस्ट जारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के नेतृत्व में बनी प्रदेश कार्यसमिति में 8 उपाध्यक्ष, 33 प्रदेश महासचिव, 43 प्रदेश सचिव और 32 कार्यसमिति सदस्य बनाए गए हैं। इस नवगठित झारखंड प्रदेश राजद कार्यसमिति में 126 नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है। हालांकि इस प्रदेश कार्यसमिति की सूची से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार सिंह और पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव को बाहर रखा गया है जो कहीं ना कहीं पार्टी के अंदर खाने में ऑल इज वेल नहीं होने का संदेश दे रहा है। राजद प्रदेश कार्यालय में नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की सूची को जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि यह पहली सूची कार्यसमिति की है। आने वाले समय में पार्टी के प्रकोष्ठ और विभागों की जिम्मेवारी पार्टी नेताओं को देने की सूची भी जारी की जायेगी। उन्होंने कार्यसमिति में सभी वर्गों का ध्यान में रखने का दावा करते हुए कहा कि पार्टी संगठन मजबूत 'करने के उद्देश्य से सभी नेताओं को विशेष रुप से जिम्मेदारी दी गई है। जिसका फल आने वाले समय में देखने को मिलेगा। राष्ट्रीय जनता दल की नवगठित प्रदेश कार्यसमिति की सूची में एक बार फिर यादव नेताओं को सर्वाधिक स्थान दिया गया है। जबकि दूसरे नंबर पर मुस्लिम नेताओं को स्थान दिया गया है। जो कहीं ना कहीं पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक के आधार पर प्रतिनिधित्व देने के फामूर्ले की ओर इशारा करता है। कार्यसमिति की जारी सूची में जारी प्रदेश उपाध्यक्ष के नामों पर नजर डालें तो 8 प्रदेश उपाध्यक्ष में से 5 यादव हैं । प्रदेश राजद के द्वारा जारी कार्यसमिति की सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव के अलावे पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव को प्रधान महासचिव अध्यक्ष अनुशासन समिति बनाया गया है।

# डीलरशीप रद्द नहीं करने के खिलाफ प्रखंड कार्यालय का घेराव

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि उपायुक्त पलामू के निष्पक्ष जांच के निर्देश के बावजूद भी अंचलाधिकारी सह प्रभारी एमओ नावाबाजार व जिला आपूर्ति विभाग के कुछ पदाधिकारियों की मिलीभगत से जविप्र बाना के लाभुकों के साथ दुर्व्यवहार,गाली-गलौज व पॉश मशीन में टीप लगाकर राशन तौलने के बाद दादागिरी कर प्रति लाभुक एक किलो से लेकर पांच किलो तक जबरदस्ती राशन निकालने वाले डीलर अमन स्वयं सहायता समूह के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। अगर इसी तरह आम जनता की हकमारी करने वाले जविप्र के दुकानदार व प्रभारी एमओ के गठजोड़ को लूट की खूली छूट जारी रही तो बाध्य होकर प्रथम चरण में झारखण्ड क्रांति मंच के द्वारा प्रखण्ड कार्यालय का घेराव व प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि पिछले दिनों सैकड़ों की संख्या में बाना ग्राम के लाभुकों ने उपायुक्त पलामू को ज्ञापन देकर भ्रष्ट अमन स्वयं सहायता समूह का डीलरशीप रद्द करने की मांग किया था। जिस पर उपायुक्त पलामू ने शीघ्र जांच कराने व कार्रवाई की बात कही थी। जारी बयान में जेकेएम अध्यक्ष ने कहा है कि नावाबाजार प्रखण्ड में प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर गठित निगरानी व सतर्कता समितियों की भीषण उदासीनता व राशन लूट की अनदेखी की वजह से कई महीनों का निःशुल्क व शुल्क समेत मिलने वाले राशन में भीषण अनियमितताएं बरती गई हैं।

फरियाद

## डीसी ने लगाया जनता दरबार, एसडीओ व बीडीओ को दिया निर्देश

# पाटन सीओ पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखी। उपायुक्त श्री दोड्डे ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द जांच कर निवारण करने हेतु निर्देशित किया।




**सतबरवा बीडीओ को भुगतान करने के निर्देश :** इसी तरह धावाडीह के ग्राम नौसंगा से आयी मुनि देवी ने उपायुक्त को बताया कि वो दैनिक मजदूरी पर सतबरवा प्रखंड कार्यालय में साफ-सफाई का कार्य करती आ रही है । लेकिन अक्टूबर माह से अबतक प्रखंड कार्यालय की ओर से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। इसपर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट सतबरवा बीडीओ को कॉल कर भुगतान करने हेतु निर्देशित किया।

**पाटन सीओ पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी :** इसी तरह पाटन से आये फुलचुन राम ने उपायुक्त को बताया कि कई बार पाटन अंचल कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उनका जमीन संबंधी काम नहीं किया जा रहा है। इसपर उपायुक्त ने पाटन के अंचलाधिकारी को फोन कर उक्त फरियादी का कार्य करने एवं भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। अन्यथा विभागीय कार्रवाई हेतु तैयार रहने की बात कही। इसी क्रम में हरिहरगंज से आये रिजवान आलम ने हरिहरगंज अंचल के कर्मचारी प्रगति प्रकाश पर म्युटेशन के बदले पैसे मांगे जाने की शिकायत की । साथ ही कर्मचारी द्वारा पैसे लिये जाने का साक्ष्य भी उपलब्ध कराया । जिसके बाद उपायुक्त ने उक्त कर्मचारी को सस्पेंड करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। इसी तरह गोपाल सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर आवेदन दिया। वहीं छतरपुर से आये अब्दुल गनी अंसारी ने भी म्युटेशन से संबंधित आवेदन किया। उपरोक्त के अलावे आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

### सदर एसडीओ को जांच हेतु पाटन जाने के निर्देश

जनता दरबार में पाटन के सगुना से आये मोख्तार हवारी ने उपायुक्त से गैरमजरूआ एवं परती जमीन पर भू- माफियाओं द्वारा जमीन हड़पने के संबंध में शिकायत किया । इस पर उपायुक्त ने सदर एसडीओ को त्वरित रूप से स्थल पर जाकर जांच करते हुए शाम तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

# विधायक ने भाजपा नेताओं के साथ किया मिलन समारोह

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने भाजपा नेताओं के साथ मिलन समारोह का आयोजन किया। साथ ही रात्रि भोज में शामिल सभी को प्रशंसा पत्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी जिला के भाजपा नेताओं का जमावड़ा मेदिनीनगर में लगा । यह आयोजन आपसी सहयोग व सामंजस्य को बढ़ावा देने और तालमेल को बेहतर बनाने के लिए किया गया था। रात्रि भोज में शामिल भाजपा नेताओं को पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक पुष्पा देवी ने शॉल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्यामनारायण दुबे, परशुराम



ओझा, नरेंद्र कुमार पांडेय, अरविंद सिंह, विपिन बिहारी सिंह, शिवदीप सिंह, विनोद सिंह, उदय कुमार शुक्ला, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, बबलू मिश्रा, कुश कुमार ओझा, अभिमन्यु तिवारी, प्रदीप सिन्हा, अजय तिवारी, इसरार खान, अरविंद गुप्ता, धर्मेंद्र उपाध्याय, मनोज दुबे, प्रेमानंद झा, दुर्गा जौहरी सहित कई लोग मौजूद थे।

NEWS इन ब्रीफ

## स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए भूमि की हुई मापी



**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में बीडीओ सह सीओ मुकेश मछुआ के उपस्थिति में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर मापी किया गया। स्वास्थ्य उपकेंद्र के संवेदक कृपाशंकर जायसवाल ने बताया कि मापी की गई भूमि पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा बहुत जल्द स्वास्थ्य उप केंद्र की आधारशिला रखी जायेगी। तत्पश्चात स्वास्थ्य उप केंद्र का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया मूंगा साह, सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार,अंचल अमीन नवल किशोर तिवारी, ग्रामी राम परिखा सिंह,नंदू बियार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल की टक्कर में जख्मी

**रमना।** क्षेत्र से गुजरी एनएच 75 सड़क पर चट्टनिया चौपाल के समीप दो मोटरसाईकिल के आमने- सामने टक्कर मे दोनों मोटर साईकिल चालक घायल हो गए ।घायलों मे रमना क्षेत्र के टंडवा ग्राम निवासी दिपक विश्वकर्मा और सपही निवासी शंभू उरांव शामिल है ।घटना स्थल पर मौजूद स्थानिए लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र रमना मे भर्ती कराया ।जहां चिकित्सक एसके रवि के द्वारा घायलों का इलाज किया गया ।डॉक्टर के मुताबिक दोनों घायल खतरा से बाहरा है चोट लगी है जिसका इलाज किया जा रहा है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण



**रमना।** सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने अठनवा टोला आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 81के 45 नौनीहालो के बीच दो-दो स्वेटर का वितरण मंगलवार को किया गया। मुखिया अनीता देवी ने कहा कि सरकार गरीब व अभावग्रस्त बच्चों के समग्र विकाश के प्रति लगातार प्रयास कर रही है। इस आंगनवाड़ी के लिए अधूरे पड़े भवन को पूर्ण कराने का हरसंभव प्रयास रत है जिसके लिए विभागीय अधिकारियो से सम्पर्क किया जा रहा। उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र से जरुर जोड़े ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंच सके ।इस अवसर पर पंसस सुरजदेव पासवान, वार्ड सदस्य उदय मेहता, केंद्र संचालिका उषा देवी, सहायिका सीमा देवी, ग्रामीण नकू पासवान, शंकर राम सहीत काफी लोग मौजूद थे।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में 11 घायल, सभी का चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा में मंगलवार को दो अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में 11 लोग घायल हो गए। भवनाथपुर थाना क्षेत्र के ढेकुलिया गांव के पास हुई दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में दोनों मोटरसाइकिल पर सवार 5 लोग घायल हो गए। घटना में घायल एक मोटरसाइकिल पर सवार भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी गांव निवासी विवेक गोस्वामी 18 वर्ष निकलेश गोस्वामी 20 वर्ष, निलेश पाल 19 वर्ष बताया गया है। जबकि दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार भवनाथपुर गांव निवासी अरुण कुमार राम 20 वर्ष व सुजीत कुमार राम 22 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया गया कि एक मोटरसाइकिल भवनाथपुर से मकरी की ओर जा रहा था। जबकि दूसरी मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहा था। उसी बीच दोनों मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना में सभी घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई 3 माह का बच्चा सहित 6 घायल

गढ़वा रंका मुख्य मार्ग पर अन्नराज डैम के पास हुई कार दुर्घटना में कार पर सवार 3 माह का बच्चा सहित 6 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना में घायल बिहार राज्य के भागलपुर निवासी दीनबंधु प्रसाद 68 वर्ष, कल्पना गुप्ता 62 वर्ष, रोहतास जिला के पटफुलिया गांव निवासी निरंजन कश्यप 35 वर्ष, अमृता कश्यप 32 वर्ष, मोहित कश्यप 20 वर्ष, वह निरंजन कश्यप का पुत्र निकुंज कश्यप 3 माह का नाम शामिल है। घटना के संबंध में घायल दीनबंधु प्रसाद ने बताया कि यह लोग रोहतास से रामानुजगंज एक शादी समारोह में शामिल होने गए हुए थे। शादी समारोह से वापस घर लौटने के दौरान अन्नराज घाटी के समीप कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। जिसमें सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से 108 एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भेजा गया। घटना में सभी घायलों के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## घरेलू विवाद में कीटनाशक खाकर युवक ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** रमना थाना क्षेत्र के झुरहा गांव निवासी सीताराम पाल का पुत्र सत्यद्र पाल 30 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि सत्येंद्र पाल किसी बात को लेकर घर में पारिवारिक विवाद उत्पन्न हुआ था। उसी बात से उग्र होकर सत्येंद्र पाल ने कीटनाशक दवा खा लिया। जब उसकी स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। इधर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना है।

### एमके इंटरनेशनल स्कूल का प्रथम वार्षिक उत्सव धूमधाम के साथ मना

# जीवन निर्माण में माता-पिता और शिक्षक की अहम भूमिका : आलोक

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
नगर पंचायत क्षेत्र के जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को विद्यालय का प्रथम वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक उत्सव में स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने अतिथियों को बुके एवं मोमेंटो देकर शानदार तरीके से स्वागत किया। एसडीओ आलोक कुमार ने कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान होता है। शिक्षकों को बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देनी चाहिए। उन्होंने



सभी का उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। वही एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के कौशल विकास के लिए इस तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां समय-समय पर होते रहना चाहिए। छात्रों को अपने जीवन में ऊंचे लक्ष्य निर्धारित जरूर करना चाहिए और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मेहनत अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार इस जीवन को एक नया रूप देते हैं हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारने आसान होता है। एमके इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह ने कहा कि आप लोगों के सहयोग से ही विद्यालय का संचालन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में सीखने के लिए मोबाइल की बहुत जरूरत है लेकिन इसका दुष्प्रभाव भी है इसलिए छात्र-छात्राएं मोबाइल का प्रयोग सीखने के उद्देश्य से करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक, हास परिहास सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों और उपस्थित सभी लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। वही पुलवामा हमले में शहीद जवानों को याद करते हुए बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत की तो एक अलग ही उत्साह नजर आया। मौके पर विद्यालय के संस्थापक मुनेश्वर सिंह गुरुजी, भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, गढ़वा क्रिकेट क्लब सेक्रेटरी राघवेंद्र नारायण सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक विकास कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी विजय कुमार सिंह, प्रतिष्ठित व्यवसाई गोकुल चंद्र जायसवाल, प्रोफेसर डॉ बीडी सिंह, डॉ रघुनाथ सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष सोनू सिंह, विद्यालय के डायरेक्टर मनीष सिंह, प्रिंसिपल डॉक्टर इन रॉय रोस, अब्दुल मोत्ताल्लिब, गुड्डू जयसवाल, शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी, रोहित कुमार दुबे, खुशबू प्रजापति प्रीति कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बड़गड़ से मुटकी तक बन रही सड़क का कार्य दो माह से बंद

### आसपास के लोग उड़ रहे धूल से हो रहे परेशान




**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
संवेदक एवं विभागीय उदासीनता के कारण बड़गड़-मुटकी मार्ग के किनारे बसे लोगों सहित साइकिल, मोटरसाइकिल से तथा पैदल चलने वाले राहगीरों को पिछले 2 माह से धूल फांकनी पड़ रही है। यहां बता दें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले इस सड़क का शिलान्यास बीते नवंबर माह में क्षेत्रीय सांसद एवं विधायक के द्वारा बड़े ही तामझाम के साथ किया गया था। तब लोगों में सड़क के निर्माण जल्द हो जाने को लेकर उम्मीद जगी थी लेकिन विभागीय एवं संवेदक के लापरवाही के कारण निमार्णाधीन सड़क के आसपास बसे लोग उड़ती धूल से परेशान हो रहे हैं। उक्त सड़क निर्माण का कार्य करा रहे संवेदक के द्वारा शिलान्यास के पश्चात बड़गड़ से मुटकी तक मिट्टी का वर्क सहित छोटे पुल, पुलिया बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है लेकिन बाकी कार्य पिछले दो माह से बंद है। ग्रामीणों द्वारा संवेदक एवं विभागीय अधिकारियों को सूचना दिए जाने के बावजूद निमार्णाधीन सड़क का कार्य शुरू नहीं कराया जा रहा है वही सड़क में उड़ रहे धूल से निजात दिलाने के लिए ग्रामीणों द्वारा कई बार किए गए आग्रह के बाद भी संवेदक द्वारा सड़क में पानी पटाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। संवेदक एवं विभाग की मनमानी के कारण बड़गड़ से मुटकी तक लगभग चार किलोमीटर की दूरी में सड़क के किनारे बसे लोगों को उड़ती धूल के वजह से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बड़गड़ - मुटकी मार्ग के किनारे बसे गांव बड़गड़, गोठानी, टेंगारी एवं मुटकी के शंकर यादव, सुरेश प्रसाद, अशोक यादव, शोबरन प्रजापति, नुतनलाल तिर्की, गणेश प्रसाद, तारामनी टोप्पो, सत्यानंद कुजुर, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद, मंदीप कुमार, विनोद प्रसाद, नारद प्रसाद आदि ग्रामीणों ने जिले के उपायुक्त से सड़क में उड़ रही धूल से मुक्ति दिलाने एवं सड़क निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने की मांग की है।

# डीलर पर कार्ड फाड़ने का आरोप, कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखंड क्षेत्र के बुका के डीलर उमेश यादव के खिलाफ एक महिला लाभुक सीता देवी ने बीडीओ सह एमओ को आवेदन देकर राशन कार्ड फाड़ने एवं दुर्व्यवहार करने के आरोप लगा कर कारवाई करने की मांग की। महिला लाभुक के आवेदन के आलोक में बीडीओ ने डीलर से स्पस्टीकरण की मांग किया है। महिला लाभुक के द्वारा आवेदन में कहा है कि डीलर उमेश यादव के द्वारा मनमानी ढंग से जनवितरण प्रणाली के दुकान बढ़ता जाता हैं जब राशन बांट रहा था तो मैं भी वहां राशन लेने गयी थी डीलर के द्वारा मेरा राशनकार्ड फाड़ दिया गया। और गाली-गलौज देते हुए मुझे वहां से भागने को कहा नही भागने पर जान से मार देने की धमकी दी।



**क्या कहते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी**

इस संबंध में बीडीओ सह एमओ जयपाल महतो ने कहा कि डीलर उमेश यादव से महिला लाभुक के आवेदन के आलोक में 24 घंटे के अंदर स्पस्टीकरण की मांग किया गया है स्पस्टीकरण के बाद आगे के कारवाई के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया जाएगा।

**क्या कहते हैं एसडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि अगर डीलर के द्वारा ऐसा किया गया है तो कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर मामला सत्य पाया जाता है तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# धुरकी के प्रवासी मजदूर की महाराष्ट्र में मौत, गांव में मातम

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**
थाना क्षेत्र के टाटीदीरी में पलायन कर मजदुरी करने के लिए महाराष्ट्र गया था। वही शनिवार को रात में खाना खा कर सो रहा था, इसी दौरान हृदय गती रोकने से मौत हो गई। आननफानन में राजवाड़ी होस्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया। जाहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी घरवालों को मौत कि खबर सुनते ही चित्कार मार कर रोने लगे। मृतक 35 वर्षीय शिवकुमार विश्वकर्मा टाटीदीरी गांव निवासी लालजी विश्वकर्मा के पुत्र था। मृतक का दो बेटे और एक बेटी थी। जो अपने पीछे छोड़ गया। वहीं इधर लगातार गढ़वा जिले के कांडी मझीआंव सगमा और इसके बाद धुरकी में पलायन कर मजदुरी करने वाले युवको की मौत होने के बाद एंबुलेंस से शव आने का सिलसिला अनवरत जारी है।



मृतक के घर व परिजनों पर दुखो का पहाड़ टुटने से क्षेत्र के लोग काफी आहत और दुखी हैं। आपको बता दे विगत दो दिन पुर्व सगमा प्रखंड के झुनका गांव के ही एक युवक की मौत महाराष्ट्र में हुई थी। उक्त युवक भी अपने गांव व घर से पलायन कर मेहनत मजदुरी का काम करने महाराष्ट्र में गया था और वहीं मौत हो गई। इसके बाद पिता ने बेटे का शव महाराष्ट्र से घर लाने के लिए गरीबी और तंगहाली से जूझ रहे पिता ने अपने इकलौते बेटे का शव एंबुलेंस से लाने के लिए पांच कठा जमीन बेचकर एंबुलेंस का किराया दिया था, वहीं अभी उक्त घटना की चर्चा भी नही थमा था तभी टाटीदीरी के शिवकुमार विश्वकर्मा की भी मौत महाराष्ट्र में हो गई। इसकी सुचना प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं धुरकी थाना प्रभारी को दी गई है। जिसे मृतक के परीजन को तत्काल कुछ राशि एवं खाद्य सामग्री का व्यवस्था किया गया। इस दौरान मुखिया सगुनी राम, पंचायत समिति सदस्य सुरेन्द्र साह, निरंजन साह, उदय साह आदि लोग मौजूद थे।

# 9वीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पिपरडीह ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के कक्षा 9 वी की छात्राओं के लिए प्रैक्टिकल का आयोजन किया गया। गृह विज्ञान की शिक्षिका मैरून खातून ने छात्राओं को दो ग्रुपों में विभाजित कर उनका प्रेक्टिकल कराया.दोनों ग्रुपों की छात्राओं द्वारा स्वादिष्ट व्यंजन बनाया गया। जिसका अवलोकन विद्यालय के शिक्षकों व सीआरपी ने किया। गृह विज्ञान के इस प्रैक्टिकल में ग्रुप ए में निशा कुमारी, श्रेया कुमारी, राधिका कुमारी, खुशबू कुमारी, आरती कुमारी व ग्रुप बी में सुप्रिया कुमारी, छाया कुमारी, वर्षा कुमारी, आरती कुमारी, काजल कुमारी, निशु कुमारी व मंजली कुमारी शामिल थे। विद्यालय के शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजन का लुत्फ उठाया। शिक्षकों ने छात्राओं द्वारा बनाये गये स्वादिष्ट व्यंजनों की सराहना किया। मौके पर सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक उदय कुमार, गोपी चंद्रवंशी, सीमा कुमारी, बिरेन्द्र कुमार यादव, अशोक ठाकुर, नागवन्त कुमार यादव सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

धर्म

## मां नव दुर्गा मंदिर का 16वां स्थापना दिवस को लेकर तैयारी पूरी

# जल यात्रा के साथ होगा शुभारम्भ

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
प्रखंड मुख्यालय स्थित मां नव दुर्गा मंदिर का 16 वां स्थापना दिवस समारोह मनाने को लेकर लगभग सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजनकर्ताओं के द्वारा जारी की गई है। मां नव दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन कर्ता समिति के सदस्यों ने बताया कि 16 फरवरी 2023 दिन गुरुवार को स्थापना दिवस पर भव्य जल यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कलश स्थापना के पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर शाम 7:00 बजे से 12 घंटे का अखंड श्री हरि कीर्तन आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात 17 फरवरी 2023 दिन शुक्रवार को



हवन, पूजन, आरती के पश्चात महा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले सभी पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम मंदिर के पुजारी श्री कृष्णा पांडे के सानिध्य में संपन्न कराया जाएगा। मां नव दुर्गा मंदिर के 16 वें स्थापना दिवस को सफल बनाने में समिति के सदस्य भरत प्रसाद, रामचंद्र सिंह, रामअवतार प्रसाद, अरुण भगत, राकेश जयसवाल, भोला सोनी, ओम प्रकाश, धनेश्वर सोनी, रामनाथ सोनी, गोरख प्रसाद, आनंद सोनी, नारद प्रसाद, विनोद प्रसाद, अरविंद जयसवाल, उपकार प्रसाद, रामू प्रसाद, मिथिलेश ठाकुर, सुरेश प्रसाद केसरी, बंटी कुमार, आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### एक दिवसीय सुंदरकांड सह हनुमान चालीसा का आयोजन

**भवनाथपुर।** टाउनशिप दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दुर्गा मंदिर ट्रस्ट कमेटी एवं सोसल इंवेसन ग्रुप के तत्वावधान में एक दिवसीय सुंदर कांड सह हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे सुंडी मुखिया शिला देवी के द्वारा रांची से आए मांस मंडली एवं दुर्गा मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों को अंग वस्त्र दे कर समानित कर कार्यक्रम का शुरूआत की। इस मौके पर मुखिया शिला देवी ने कहा कि आज के जमाने में लोग भक्ति भाव को भूल कर मोबाइल के दुनियां में खोए हुए हैं इस तरह की कार्यक्रम आयोज होने से समाज का वातावरण शुद्ध होता है इसके लिए मुखिया शिला देवी ने



आयोजनकर्ताओं को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में रांची से आये उमाकांत पांडेय के मानस मंडली ने भक्तों के बीच सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ सुनाया। मौके पर व्यास उमाकांत पांडेय ने कहा कि सुंदरकांड की महिमा अन्यतम है, मान्यता है कि 'सुंदरकांड' के पाठ से हनुमान जी अति प्रसन्न होते हैं और भक्तों की विपदा तुरंत हर लेते हैं, कलियुग में 'सुंदरकांड' का पाठ तत्काल लाभ दिलाता है। कार्यक्रम के बीच-बीच मे भक्तों ने जय श्रीराम, जय हनुमान का जयकारा लगाया। मौके पर भक्तों के बीच सुंदर कांड एवं हनुमान चालीसा का पुस्तक वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में खीर का महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संतोष कुमार, बुचुन सिंह, सत्यम पांडेय, रवि सिंह, रौशन सिंह, चंदन दुबे, सुबोधकांत पाठक, विशाल राज, प्रथम चौबे, निखिल तिवारी, प्रथम चौबे, नीतीश वीरु, कुंदन दुबे, दीपक दुबे, पंकज सिंह, प्रभात सिंह, जानू सिंह, अमन सोनी, अनुपम राज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
जिला– लातेहार
कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2022–23

अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अधिष्ठापित किये गये Hight Mast Light & Street Light की मरम्मति संबंधित स्थल पर करते हुए संचालित किया जाना है। इच्छुक फर्म/संवेदक से मुहरबंद कोटेशन दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 3.00 बजे तक सभी दर सहीत आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में पैन कार्ड, अध्यतन आयकर एकनॉलेजमेन्ट, Gst से संबंधित सभी कागजात के साथ जमा किया जा सकता है। उक्त मुहरबन्द कोटेशन को दिनांक 21.02.2023 को अपराहन् 4.00 बजे नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committeee) द्वारा खोला जायेगा। उपरोक्त किये जाने वाले कार्यों की जानकारी नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 20.02.2023 तक प्राप्त किया जा सकता है। नगर पंचायत, लातेहार क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में अधिश्ठापित किये गये Hight Mast Light & Street Light की मरम्मति किये जाने वाले सामग्रियों का विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Discription | Unit |
|---|---|---|
| 01 | Repairing works of LED street lights single phase input 230 – 240 V, 50 Hz to 60 Hz frequency, power factor less then 0.9, flux per watt 110 to 125 lumens. (Panel -HPTLS/EN/PCB/038-1, Driver - PI-13-D-356A) with including concave lens fitting on emiting diodes. | |
| | (i) Bajaj LED light 70 watt | Per Each |
| | (ii) HPL LED light 150 watt | Per Each |
| | (iii) C&S LED light 150 watt | Per Each |
| | (iv) Eversine LED light 75 watt | Per Each |
| 02 | Reparing work of LED outdoor flood light, water proof and weather proof single phase 230-240 V, 50 to 60 Hz frequency, power factor less then 0.9 and flux per watt 110 to 125 lumens. (Pannel -LS-D0051, ST-200 V, 275 x 115 mm -5730-10C10 B x 4-200 watt) with light reflactors . | |
| | (i) Out door flood lights 200 watt | Per Each |
| | (ii) Out door flood lights 150 watt | Per Each |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 290226 Urban Development(22-23)D

# खुदरा व्यावसायिक संघ का हड़ताल आज, बंद रखेंगे अपनी दुकानें

## दो प्रतिशत टैक्स लगाने का कर रहे है विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**
झारखंड सरकार द्वारा कृषि उपज और पशुधन विपणन शुल्क दो प्रतिशत लागू करने का विधेयक विधानसभा में पारित किए जाने के बाद व्यवसायी इसके विरोध में उतर आए हैं। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के आह्वान पर मंगलवार को चंदवा के व्यवसायियों ने 15 फरवरी बुधवार से अपनी दुकानों को अनिश्चितकालीन बंद रखने का निर्णय लिया है। मंगलवार की शाम बुध बाजार शिव मंदिर प्रांगण में बैठक कर जानकारी देते हुए चंदवा व्यवसायिक संघ के अमरदीप साहू और राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि छोटे व मध्यवर्गीय व्यवसायियों के लिए यह विधेयक काला कानून है। इस कानून के लागू होने के बाद भ्रष्टाचार बढ़ेगा व अफसरशाही को बढ़ावा मिलेगा। झारखंड के पड़ोसी व आसपास के राज्यों में ऐसी कोई कानून नही है। इस विधेयक को लागू कर सरकार व्यवसायिक साथ अन्याय न करें। व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक सरकार विधेयक वापस नहीं ले लेती तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। आगे बताया कि मामले को लेकर चेंबर ऑफ कॉमर्स लातेहार के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन भी सौंपा गया है। व्यवसायियों ने प्रखंड के सभी गल्ला व्यपारियों से अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखकर बंदी को समर्थन देने की अपील भी की है। मौके पर व्यवसायी अनुज कुमार, गोलू कुमार, उदय केसरी, राजू चौधरी, सुनील साव, शंकर साव, जागृति कुमार समेत कई व्यवसायी मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**लातेहार।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दो दिवसीय लातेहार दौरे के क्रम में सोमवार की शाम लातेहार परिसर में जिले के जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करते हुए उनका लातेहार में स्वागत करने का काम किया साथ ही साथ क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित कराने का भी काम किया । जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी के द्वारा लातेहार जिले के बालूमाथ प्रखंड को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा दिलाने के साथ-साथ बालूमाथ में डिग्री कॉलेज, एकलव्य विद्यालय, आईटीआई की स्थापना, जिले में विकास कार्य योजनाओं का संचालन जिला परिषद के माध्यम से कराने, डीआरडीए को जिला परिषद में पूर्ण रुप से विलय करने और राज्य सरकार के माध्यम से रेल मंत्रालय को बालूमाथ शिवपुर रेल सवारी ट्रेनों का परिचालन शुरू कराने को लेकर भी ध्यान आकर्षित कराने का काम किया गया। अनिता देवी के जनहित के सवालों को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा सकारात्मक आश्वासन देते हुए सभी समस्याओं को जल्द दूर करने का आश्वासन दिया गया। वही अनिता देवी ने बताया कि लातेहार जिले की समस्याओं को लेकर वह लगातार संघर्ष कर रही है और राज्य की हेमंत सरकार के माध्यम से उन समस्याओं को दूर कराने को लेकर लगातार प्रयासरत हैं इसका समुचित फायदा क्षेत्र की जनता को मिलेगा।

# संदेहास्पद स्थिति में विवाहिता की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**
**पत्थलगड़ा।** चतरा जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत पत्थलगड़ा गांव निवासी श्यामदेव मिस्त्री ने 21 वर्षीय विवाहीत पुत्री नंदनी कुमारी की हत्या उसके ससुराल वालों पर देहेज को लेकर करने का अरोप लगाते हुए राजपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नंदनी का शव घार में ही फंदे पर झुलता हुआ मिला था। नंदनी की मां सुलेखा देवी पति श्यामदेव मिस्त्री ने बताया की बेटी नंदनी का विवाह 07 दिसंबर 2022 को चिरीदिरी-सिमराडीह, थाना राजपुर निवासी डब्लू विश्वकर्मा पिता स्व. श्यामलाल विश्वकर्मा के साथ किया गया था। विवाह के कुछ दिन के बाद से ससुराल वाले दहेज को लेकर प्रताड़ीत करने के साथ शारीरिक यातना देते थे, जिसकी शिकायत कई बार की समझा बुझा कर ससुराल भेजा गया, लेकिन प्रताड़ना कम नही हुआ और उसकी हत्या कर आत्म हत्या का रुप देने का प्रयास किया गया। मृतका की मां ने थाने में दिए आवेदन में सास सुमित्रा देवी पति स्वर्गीय श्याम लाल विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, सुशीला देवी पति बबलू विश्वकर्मा, भागीना बादल विश्वकर्मा व दमाद डब्लू विश्वकर्मा के विरुद्ध फांसी लगाकर हत्या करने व दहेज में 5 लाख नकद तथा टीवीएस बाइक की मांग करने का अरोप लगाया गया है। वहीं राजपुर थाना में 11/23 में धारा 304(बी), 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान कर रही है। मृतका के परिजनों ने हत्यारों को अभिलंब गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की गुहार एसपी व पुलिस पदाधिकारियों से की हैं। पत्थलगड़ा प्रमुख मनीषा कुमारी ने जांच कर नंदनी के हत्यारों को सजा दिलाकर न्याय दिलाने की मांग पुलिस से की है। दूसरी ओर मृतका के पिता के घर पत्थलगड़ा पहुंचकर प्रमुख, सिंघानी मुखिया राधिका देवी, पंचायत समिति सदस्य मीना देवी आदि गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

## मनिका प्रखंड के पावर ग्रिड में कैंप आयोजित

**लातेहार।** जिला के मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित विद्युत शक्ति उप केंद्र पावर ग्रिड में दिन बुधवार को कैंप आयोजित कर समय सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक बिजली उपभोक्ताओं से बकाया बिजली बिल जमा करवाने का काम किया जाएगा। जिसकी जानकारी बिजली विभाग मनिका के कर्मियों ने दिया कर्मियों ने बताया कि बकाया बिजली बिल जमा करना अति आवश्यक है जो उपभोक्ता अपना बकाया बिल जमा नहीं करते हैं उन्हें चिन्हित कर उनका बिजली का कनेक्शन काट दिया जाएगा और जरूरत पड़ी तो विभाग के द्वारा उनके विरुद्ध सर्टिफिकेट केस भी दायर की जाएगी। इसलिए बिजली का कनेक्शन कटने से बचने के लिए सभी बिजली उपभोक्ता अपना बकाया बिजली बिल दिन बुधवार को पावर ग्रिड मनिका आकर समय से जमा कर दें।

# कुंदा में सीआरपीएफ ने बांटे उपयोगी सामान




**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**
चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खुटेर में सामाजिक पुलिसिंग के तहत मंगलवार को शिविर लगाकर रोजमर्रा में उपयोग आने वाले सामग्री का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। शिविर में गरीब व जरूरत मंद करीब 200 ग्रामीण व 80 स्कूली बच्चों के बीच कड़ाही, फुटबॉल, बॉलीबॉल, नेट, कौंपी, कलम, पेंसिल का वितरण किया गया। साथ ही लगभग डेढ़ सौ ग्रामीणों का स्वास्थ जांच कर जरुरत के अनुसार दवा दी गई। शिविर में प्रखंड के खुटेर, पचरुखिया, जगरनाथपुर, पचम्बा, धरतीमांडर, लेवाड़, तरदोहर, टिकैतबांध गांव के लोग पहुंचे थे। कमान्डेंट मनोज कुमार के निर्देश पर समन्वय अधिकारी निरीक्षक रामखेलावन राम व उप कमान्डेंट राम भरोसे के संयुक्त नेतृत्व में सीआरपीएफ 190 वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत लगाये गये इस शिविर में प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार साहू, उपप्रमुख सतेंद्र कुमार गुप्ता, एसआई मुकेश कुमार द्वारा सामग्री का वितरण किया गया।

## पारा शिक्षकों ने सीएम को सौंपा मांग पत्र



**चंदवा।** एकीकृत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) संघ लातेहार ने परिसदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिल कर अपनी समस्याओ को रखा और मांग पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री को संघ की ओर से अवगत कराया गया और मांग की गई टेट पास को बेतनमान और आकलन परीक्षा के उपरांत आकलन पास को बेतनमान दिया जाए। पारा शिक्षकों की मृत्यु के बाद उनके आश्रित परिवार को अनुकंपा का लाभ दिया जाए। अनुकंपा का लाभ मिलने से आश्रित परिवार को जीने का सहारा मिलेगा। ईपीएफ कल्याण कोष लागू किया जाए। आकलन परीक्षा का आयोजन जल्द किया जाए। आकलन परीक्षा बिहार मॉडल की तर्ज पर आयोजित किया जाए। शिक्षा मंत्री के साथ हुवे पिछले बार के समझौते को लागू किया जाए इन सभी मामलों से अवगत कराया गया। सभी मामलों पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक विचार देते हुवे आश्वाशन दिया कि वर्तमान सरकार सरकार पारा शिक्षकों की सभी समस्याओं को बहुत जल्द दूर करेगी ।प्रतिनिधिमंडल में एकीकृत सहायक अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह, महासचिव अनूप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सह चँदवा प्रखण्ड अध्यक्ष बेलाल अहमद, सासंग संकुल अध्यक्ष शिव बालक राम मौजूद थे।

## नाबालिग को भगाने के आरोपी को पुलिस ने रांची से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**गिद्धौर।** चतरा जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी को पुलिस ने रांची से गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। आरोपी युवक की गिरफ्तारी पुलिस अवर निरीक्षक टीकवानंद भगत के नेतृत्व में रांची पुलिस के सहयोग से हुई। बताया गया कि आरोपी गांगपुर निवासी त्रिभुवन साव के पुत्र बजरंगी साव के विरुद्ध थाना में नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसपर त्वरीत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नाबालिग को लड़की बरामद करने के साथ भगाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## ठोस-तरल कचरा प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

**गिद्धौर।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के तत्वधान में मंगलवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत ठोस-तरल कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के सभी मुखिया के अलावे स्वयंसेवी संस्था से जुड़े लोग शामिल थे। उपस्थित प्रतिभागियों को जल जीवन मिशन पर विस्तृत जानकारी दिया गया। जबकि लोगों को ठोस व तरल कचडा प्रबंधन की जानकारी भी दी गई। वहीं जल संचय करने के कई तरकीब भी बताए गए। कार्यशाला में अवधेश सिंह, देवदीप कुमार, मनोहर शर्मा, मुखिया निर्मला देवी, सरिता देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## पोस्ट बजट परिचर्चा का आयोजन

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के परिसर में पोस्ट बजट पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस पर विभिन्न क्षेत्र के विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि बजट के बारे में लगभग 1:30 - 2 घंटे तक बातें बताई जाती है। कई बातें समझ में नहीं आती है कि इसमें किस चीज की दरें बढ़ाई गई है, किसकी घटाई गई है। इन सब बातों को समझने के लिए यह परिचर्चा का आयोजन किया गया है ताकि हम समझ सके की किन-किन क्षेत्रों में रियायत मिली है। वैसे बजट से पूर्व हम लोग अपने अपेक्षाएं लिखित रूप से केंद्रीय वित्त मंत्री को भेजते हैं ताकि उस पर ध्यान रखा जाए। वही चेंबर के महासचिव मानव केडिया ने बताया कि भारत सरकार ने कई चीजें पर रियायतें दी हैं और उनका मुख्य उद्देश्य जीएसटी को आसान बनाना है। साथ ही साथ मध्यमवर्ग के हित के लिए भी उन्होंने बहुत कुछ सुविधाएं बढ़ाई हैं। उन्होंने कहा कि इस परिचर्चा का उद्देश्य सभी व्यापारी गण, उद्योगपति गण यह जानेंगे की हमें किस तरह इस बजट का लाभ उठाना है।

# खेतों में किया गया ड्रोन से दवा का छिड़काव



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**
कृषि विज्ञान केन्द्र, चतरा के तत्वधान में गिद्धौर प्रखंड में किसानों के खेतों में ड्रोन के माध्यम से किटनाशी दवा का छिड़काव किया गया। इस दौरान किटनाशी, ब्याधिनाषी एवं सुक्ष्म पोशक तत्वों का प्रत्यक्षण सह प्रशिक्षण भी किसानों को दिया गया। कृषि वैज्ञानिक विनोद कुमार पांडेय ने किसानों को बताया कि पारंपरिक खेती की बजाय आधुनिक और तकनीकी खेती का विस्तार हो। खेती की बढ़ती लागत और प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी किसानों को खेती से नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में ड्रोन जैसी टेक्नोलॉजी के जरिए की गई प्रिसिजन फार्मिंग देश के किसानों को बेहतर विकल्प दे सकती है। ड्रोन का इस्तेमाल कर किसान लागत में कमी और समय की बचत कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। पारंपरिक तरीके से कीटनाशकों का छिड़काव करने से हेल्थ पर इसका इफेक्ट पड़ता है लेकिन ड्रोन के इस्तेमाल से इससे बचा जा सकता है। एग्रीकल्चर में ड्रोन के इस्तेमाल पर फोकस कर रही है। ड्रोन में लगभग 5 से 10 किलोग्राम की उच्च क्षमता होती और सिर्फ 15 मिनट में करीब एक एकड़ जमीन पर कीटनाशक का छिड़काव किया जा सकेगा। इसमें हाइलेवल सेंसर व कैमरे लगे हैं। मौके पर विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, जनसेवक, चितरंजन शर्मा, अभिजीत घोष, बीटीएम दीनदयाल प्रसाद, समाजसेवी दिनेश भारती सहित अन्य शामिल थे।

## अज्ञात ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार घायल

**हेरहंज।** थाना क्षेत्र के बालूमाथ-हेरहंज-पांकी एसएच-10 मुख्य पथ पर मेराल ग्राम के पास अज्ञात टेलर ने बाइक सवार को मारी टक्कर। ग्रामीण व राहगीरों के अनुसार बताया गया कि बालूमाथ की ओर से आ रहे बाइक सवार हेरहंज जाने के क्रम में विपरीत दिशा से आ रही टेलर ने बाइक में सवार शान्तु गंझू को टक्कर मार दिया और टेलर भागने में सफल रहा। वहीं ग्रामीण संजू भोक्ता व अन्य ग्रामीणों की मदद से घायल शान्तु गंझू महुवाटांड शेरेगड़ा (बालूमाथ) निवासी को पिकअप वैन में चढ़ा कर बालूमाथ सामुदायिक अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि शान्तु गंझू का दाहिना पैर में काफी चोटें आई है।

## जोहार यात्रा में शामिल होंगे झामुमो कार्यकर्ता



**मनिका।** लातेहार मनिका प्रखंड से जोहार यात्रा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए हजारों हजार की संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता वाहन के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के हाई स्कूल के समीप से प्रस्थान किया। सभी कार्यकर्ता खेल स्टेडियम लातेहार में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होंगे और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को क्षेत्र में हो रही विभिन्न समस्या और क्षेत्र में विकास कार्यों की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। जिसकी जानकारी जिप सदस्य सह झामुमो नेता बलवंत सिंह ने दिया। कार्यकर्ताओं में खतियानी जोहार कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। सभी कार्यकर्ता झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद इत्यादि नारे लगाते हुए प्रखंड क्षेत्र से प्रस्थान किया। मौके पर जिप सदस्य बलवंत सिंह ने बताया कि वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के द्वारा क्षेत्र में एक भी विकास कार्य संचालित नहीं किए गए हैं जिसके कारण यहां के मजदूर दूसरे राज्य में पलायन करने को मजबूर हैं इसलिए यथाशीघ्र वीरेंद्र किंडो को यहां से हटाया जाए। उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करना, मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज और प्रखंड मुख्यालय में बंद पड़े पानी टंकी को चालू करवाना समेत इत्यादि मांगों से मुख्यमंत्री को अवगत कराई जाएगी।

## रामनवमी पूजा के पंकज गिरी बने अध्यक्ष

**बरवाडीह।** प्रखंड के छिपादोहर बाजार में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर राजू प्रसाद की अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक स्थानीय शिव मंदिर परिसर में की गयी। रामनवमी पूजा समिति की बैठक में पूर्व की भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमे पूर्व कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंकज गिरी को अध्यक्ष सुमित कुमार को उपाध्यक्ष, दीपक प्रसाद,अमित कुमार को कोषाध्यक्ष, शिवानंद प्रसाद ओम प्रकाश को सचिव चुना गया, जबकि मुख्य संरक्षक में राजू प्रसाद, पूर्व उप मुखिया सरवन सिंह, सुधीर प्रसाद समेत अन्य सदस्यों को रखा गया।

# घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

## मामला : प्रेम-प्रसंग में झड़प



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र अंतर्गत कटिया गांव में प्रेम प्रसंग को लेकर हुए झड़प में गंभीर रुप से घायल गांव के ही सुभाष कुमार की मौत हो गई। उपरोक्त जानकारी देते हुए मृतक के परिजनों नें बताया कि गांव के ही एक युवक और युवती घर से भाग गए थे। जिन्हें लड़की के परिजनों के द्वारा खोज कर वापस लाकर लड़के के साथ मारपीट करने लगे, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जिसे देखकर सुभाष छुड़ाने पहुंचा तो लोग उसके ऊपर ही टूट पड़े और बेरहमी से पिटाई कर दी और सुभाष घायल होकर गिर पड़ा। उसके बाद ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना देने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तो आक्रमणकारी भाग खड़े हुए। इसके बाद पुलिस नें दोनों युवकों को थाना लाकर एंजूरी काटकर इलाज के लिए सिमरिया भेज दिया। वहीं गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया गया और स्थिति को बिगड़ते देखकर उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां सोमवार की रात सुभाष की मौत हो गई।

# मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को जिला ग्राम प्रधान संघ ने मांग पत्र सौंपा





**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला ग्राम प्रधान संघ लातेहार द्वारा लातेहार को मेसो विभाग को अलग करते हुए पूरे झारखंड के अनुसूचित क्षेत्रों को मेसो से अलग किया जाए। लातेहार में जिला स्तर पर धूमकुरिया भवन साथ ही पूरे प्रखंड में धूमकुरिया भवन बनाने की मांग। पूरे झारखंड में पारंपरिक व्यवस्था को लागू करते हुए पहनाई बैगाई जमीन को कड़ाई से लागू करवाने की मांग। लातेहार में मिनी सर्वे करवाने की मांग, विस्थापन कराए जा रहे लोगों को विस्थापन प्रमाण पत्र सहित बसाने के साथ शहरी क्षेत्रों के हिसाब से मुआवजा की मांग, पेसा कानून के अनुसार ग्राम सभा में पास किए गए नियमों को पालन करवाने की पत्र, झारखंड के व्यवहार न्यायालय में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की बहाली जिला स्तर पर करवाने की पत्र, ग्राम विकास के लिए ग्राम कोष में 25 लाख रुपए देने की पत्र, ग्राम सभा सचिवालय सभी ग्राम में बनवाने की मांग सहित जिला ग्राम प्रधान संघ लातेहार द्वारा ग्राम प्रधान का हक एवं अधिकार के संबंध में मांग पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। जिसमें शंकु उरांव, ग्राम प्रधान लातेहार, रामेश्वर सिंह ग्राम प्रधान लालगढ़, दामोदर सिंह ग्राम प्रधान परसही सहित जिले के कई ग्राम प्रधान शामिल थे।

**आस्था** | बरवाडीह तीन दिवसीय महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

# कल से गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय में पंचमुखी शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद तीन दिवसीय गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 16 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारी पूरे जोर शोर से। किया जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पुरोहित राकेश मिश्रा के नेतृत्व में किया जाएगा। उक्त जानकारी मंदिर जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष अजय चंद्रवंशी देते हुए बताया कि पिछले लगभग 1 साल से पंचमुखी शिव मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर था, जो अब पूर्ण हो चुका है। जिसके उपरांत नवनिर्मित मंदिर में माता शक्ति व गणपति देव की प्राण प्रतिष्ठा हेतु तीन दिवसीय महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसमे गणेश शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 16 फरवरी से 18 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। 16 फरवरी को दस विधि स्नान के साथ महायज्ञ की शुरूआत होगी जिसमे कलश यात्रा,108कुंडीय महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। 17 फरवरी को वेदी पूजन, नगरभ्रमण होगा वही अंतिम दिन 18 फरवरी को मूर्तिका न्यास, प्राण-प्रतिष्ठा,रुद्राभिषेक, हवन एवं भंडारा का आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु मंदिर के रंग रोहन एवं सजावट का काम अंतिम चरण पर किया जा रहा है। इसके साथ ही भव्य तोरण द्वार व नगर सजावट कार्यक्रम किया जा रहा है। महायज्ञ संपन्न कराने हेतु मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों को रखा गया है जिसमें समिति अध्यक्ष अजय कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता चचू, मुखिया कालो देवी सचिव, रविंद्र कुमार चंद्रवंशी चंद्रवंशी कोषाध्यक्ष राकेश मिश्रा उप कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी आनंद अग्रवाल एवं सदस्यों में विनोद गुप्ता ,राकेश कुमार वर्मा उर्फ भूटा ,जगनारायण माली, निरंजन सिंह समेत बरवाडीह के सभी दुकानदारों को इसमें शामिल किया गया है। पंचमुखी शिव मंदिर आयोजक समिति ने सभी नगर वासियों जनता जनार्दन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहयोग देने एवं उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



## NEWS इन ब्रीफ

### बीडीओ ने पीएम आवास का किया निरीक्षण



**कैरो।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने मंगलवार को प्रखंड के नरौली पंचायत अंतर्गत पंचागाईं में पीएम आवास का निरीक्षण किया। बीडीओ ने निरीक्षण के क्रम में सुस्त गति से चल रहे पीएम आवास निर्माण के लाभुकों को स्पष्ट चेतावनी दी है कि आवास निर्माण फरवरी महीने के अंत तक कराएं अन्यथा राशि रिकवरी, प्राथमिकी सहित अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान उन्होंने वासुदेव उरांव, मनोरमा देवी, जतरू उरांव, धनशिला उरांव,लखनी उरांव आदी लोगों का निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण किया।

### हुरदा स्कूल में मातृ-पितृ पूजन का हुआ आयोजन



**बानो।** बानो प्रखंड के राज्य कृत प्राथमिक उच्च विद्यालय हुरदा में विद्यालय प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने संयुक्त रूप से मातृ-पितृ पूजन का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा माता-पिता का आरती ली गई। तिलक लगाकर व पैर छू कर प्रणाम किया। इस अवसर पर सुदामा सिंह ने कहा संसार मे माता-पिता ही बड़े गुरु व ईश्वर है। माता-पिता को कभी नही भूलना चाहिए। आज लोग वैज्ञानिक युग में सास्कृतिक नियम कानून को भी भूलते जा रहे है। हमे अपने संस्कृति नही भूलना चाहिए। समाज को नही भूलना चाहिए। मौके पर फितुंग सिंह, बबलू ठाकुर, संध्या देवी, पूनम, सरिता, हीरा साहू, रेमियास कंडुलना, सचिन बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### हीरो शो रूम में स्कूटर की नई मॉडल की लांचिंग



**सिमडेगा।** हीरो मोटो कॉर्प कंपनी की नई स्कूटी जूम की लॉन्चिंग मंगलवार को कोलेबिरा स्थित हीरो शो रूम हैप्पी ऑटोमोबाइल्स किया गया। स्कूटी के नए मॉडल जूम की लॉन्चिंग नेटवर्क मैनेजर अरविंद कुमार ने किया। मौके पर केक काटकर खुशी मनाई गई। नेटवर्क मैनेजर ने स्कूटर की खुबियों के बारे जानकारी देते हुए कहा कि मार्डन जमाने को ध्यान में रखते हुए इसको तैयार किया गया है। इसकी डिमांड अधिक होने के कारण ग्राहकों को इसकी बुकिंग करानी होगी। उन्होंने अन्य कंपनी के स्कूटर के मुकाबले इसे सबसे बेहतर बताते हुए ग्राहकों से इसकी सवारी करने की अपील की। इस मौके पर शो रूम के संचालक फरहान आलम,शो रूम के कर्मी और महिला मंडल की सदस्य मौजूद थे।

### कुरडेग पुलिस ने अज्ञात शव किया बरामद

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के चडरीमुंडा पहाड़ पर सोमवार रात ग्रामीणों की सुचना पर कुरडेग पुलिस ने लगभग 35 वर्षीय एक युवक का क्षत विक्षत शव बरामद किया है। शव को देखने से प्रतित होता है चेहरे को पत्थर से कुचलकर हत्या की गई है एवं मृतक का प्राइवेट पार्ट को काट दिया गया है। शव लगभग एक सप्ताह पुराना लगता है मृतक के कपड़े में किसी प्रकार की पहचान की कोइ भी समान नही है। इस मामले में कुरडेग पुलिस कुरडेग थाना काण्ड संख्या 7/23 धारा 302, 201 के तहत मामला दर्ज कर जाँच में जुट गइ है समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी।

## उपायुक्त कार्यालय समक्ष खाद्यान्न व्यापारियों ने किया धरना प्रदर्शन, कहा

# सरकार कृषि कानून से दे रही अफसरशाही व भ्रष्टाचार को बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कृषि उपज एवं पशुधन विपणन विधेयक 2022 के विरोध में झरखंड फेडरेशन के निदेर्शानुसार लोहरदगा चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन उपायुक्त कार्यालय गेट समक्ष किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षीय संबोधन में चैंबर अध्यक्ष रितेश कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा लाये गये कृषि कानून व्यापार विरोधी के साथ साथ किसान विरोधी व उपभोक्ता विरोधी कानून है। जिसके चक्की में सभी वर्ग के लोग पीस दिये जायेंगे।हम खद्यान व्यापारी पहले से हीं विभिन्न प्रकार के नियम कानून पूरा करते परेशान है, विभिन्न प्रकार के टैक्सों का भुगतान व लेखा जोखा करते हैरान रहते हैं ऊपर से एक और नया कानून बर्दाश्त नहीं होगा। इसबार एकबार फिर से सरकार और व्यापारी आमने सामने है, जिस प्रकार 7एसी और पूर्व में 1% लागू कृषि कर के विरुद्ध लड़ाई लड़ समाप्त करवाई थी, इसबार भी यह काला कानून वापस सरकार को लेना ही होगा।मौके पर कार्यकरिणी सदस्य चन्दन गोयल ने कहा कि कृषि कानून के तहत लगाया गया 2% टैक्स 2% नहीं बल्कि कर चक्र है जो 8 % है। क्योंकि सबसे पहले कच्चे माल पर 2% कर लगेगा फिर फैक्ट्री से निकले तैयार माल पर २% और फिर ग्राहकों को बिक्री पर 2% देना होगा और थोड़ी सी चूक हुई तो अफशरशाही पर 2% का बोझ अलग से। अर्थात यह कृषि कानून नहीं बल्कि ऐसा काला कानून है जो भ्ष्टार्चार, अफशरशाही के साथ साथ महँगाई को चरम तक पहुंचाने वाली है।

कार्यक्रम को उपस्थित अन्य कार्यकरिणी सदस्य व उपस्थित जागरूक व्यापारियों के द्वारा भी किया गया एवं व्यापारी एकता बनाये रखने की बात कही। वरीय उपाध्यक्ष पंकज जायसवाल ने कहा कि सरकार को हर हाल में यह काला कानून वापस लेना होगा अन्यथा इसका जो दूरगामी परिणाम सामने आयेंगे उसका सम्पूर्ण जवाबदेही झारखण्ड सरकार की होगी। हम व्यापारी अंतिम सांस तक इसका पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर कार्यकरिणी सदस्य धर्मेन्द्र कुमार, दीपक सर्राफ, दीपक जायसवाल, अशोक अग्रवाल, सौरभ कुमार, विशाल अग्रवाल शामिल हैं जबकि धरना प्रदर्शन में उपरोक्त सदस्यों के साथ साथ कोषाध्यक्ष दीपक पोद्दार, कार्यकरिणी सदस्य पीयूष केशरी, लोकेश प्रसाद, विजय अग्रवाल, भोला अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, विकास अग्रवाल, आशीष कुमार मित्तल, कुशल कुमार मित्तल, कुलदीप उराँव, फैज अहमद, महेश प्रसाद गुप्ता, संदीप अग्रवाल समेत अन्य सदस्य शामिल हुए।




# कागजों में लोहरदगा ओडीएफ प्लस घोषित

## जमीन पर कुछ और ही

- शौचालय निर्माण में अनियमितता की वजह से अभी भी खुले में शौच करने को विवश है लोग

## कुछ विवशता में तो कुछ जान बूझकर खुले में जाते है शौच

**शकील अहमद। कैरो**

केंद्र सरकार ने खुले में शौच मुक्त करने के लिये करोड़ों रुपये खर्च किए है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोहरदगा जिला ओडीएफ घोषित होने के बाद अब ओडीएफ प्लस घोषित किया जा चुका है। जिले के कैरो प्रखंड मुख्यालय पंचायत को भी खुले में शौच मुक्त घोषित किया जा चुका है। लेकिन जमीनी हकीकत यही है कि अभी भी गांव की बड़ी आबादी खुले में शौच कर रही है और स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बनाये गए शौचालयों में भारी अनियमितता बरती गई है। निर्माण में बरती गई अनियमितता की वजह से शौचालय बना लेकिन उपयोग के लायक नहीं रही। कुछ दिन, महीने बाद ही जर्जर हालत में शौचालय हो गई। कई शौचालय के दरवाजे टूट गए तो कुछ के छत उड़ गए। ऐसी घटिया निर्माण कार्य के वजह से शौचालय का बैठने की पैन भी धंस गई। अब जो लोग आदत को बदल भी रहे थे तो टूटे फूटे शौचालय जो उनके बदलाव को फिर से वापस ला दिया नतीजा यह रही कि लोग बाहर खुले में शौच को विवश हो गए। वही कुछ लोग जान बूझकर बाहर खुले में शौच जाते हैं क्योंकि वो अपनी आदत में बदलाव लाना ही नहीं चाहते हैं। बताया गया कि कुछ लोग ऐसे भी है जिनके घरों में शौचालय अच्छी हालत में है फिर भी वे बाहर शौच के लिए जाते हैं। इनकी मानसिकता ऐसी हो गई है कि खुले में शौच करने को ही गौरवान्वित महसूस करते हैं। विगत कुछ वर्ष पूर्व से स्वच्छ भारत मिशन की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा था। चलाया गया आखिर कब तक जागरूक करते रहेंगे क्या हमारा दशकों निकल जाएंगे सिर्फ यह समझाने की खुले में शौच ना करें। बाहर शौच के लिए जाने वाले में बुजुर्ग तो बुजुर्ग युवावस्था भी कुछ कम नहीं है। प्रखंड में लगभग 5880 शौचालय का निर्माण कार्य गया है। बावजूद प्रखंड मुख्यालय मुख्य चौंक से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित कंदनी नहर व कुछ दूर कंदनी नदी सहित कई ऐसे जगह है जहां पर खुले में शौच किए जा रहे है। सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक गणेश कुमार का कहना है की क्षेत्र जब ऑडीएफ घोषित किए जा चुके है बावजूद स्कूल के समीप नहर में खुले में शौच किया जाता है। उन्होंने बताया कि खुले में शौच जाने वालों में सिर्फ पुरुष ही नही है बल्कि महिलाएं और बच्चे भी सामिल है।



### मुहिम बंद होने से आई जागरूकता में कमी

खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ के लिए मॉर्निंग फॉलोअप मुहिम चलाया गया था। अधिकारियों के द्वारा सुबह के 5 बजे उठकर अपने क्षेत्र का भ्रमण किया जाता था यदि कोई खुले में शौच के लिए जाता दिखे तो उसे इससे होनेवाली बीमारियों और संक्रमण के बारे में बताकर उसे कान पकड़कर उठक-बैठक कराई जाती थी, ताकि उसे याद रहे कि खुले में शौच करने से कितनी शर्मिंदगी भी उठानी पड़ेगी।

### जमीनी हकीकत कुछ और ही कर रही बयां

स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के कैरो प्रखंड को ओडीएफ मुक्त घोषित किए जा चुके हैं।लेकिन हकीकत यही है कि गांव की बड़ी आबादी अभी भी खुले में शौच कर रही है और स्वच्छता अभियान का माखौल उड़ा रही है। कागजों पर तो गांवों को ओडीएफ घोषित कर दिया गया है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है।

## सिमडेगा एसपी कार्यालय में मासिक क्राइम गोष्ठी का हुआ आयोजन

# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को मौन रखकर दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा एसपी कार्यालय सभागार में मंगलवार को मासिक क्राइम गोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी की अध्यक्षता एसपी सौरभ ने की ।मौके पर मुख्य रूप से प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुलिस, उपाधीक्षक सर्किल इंस्पेक्टर सहित सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक से पूर्व पुलवामा आतंकी हमले में शहीद वीर जवानों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के दौरान एसपी सिमडेगा थानावार किए गए कार्यों की बारीकी से पीपीटी के माध्यम से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज में पुलिस की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है और समाज पुलिस पर जितना भरोसा करता है उसी प्रकार पुलिस के भरोसा को कायम रखने के लिए लगातार प्रयास करें। क्षेत्र में अवैध शराब वाहन जांच अभियान एंटी नक्सल अभियान के अलावा सामुदायिक पुलिसिंग क्षेत्र में बेहतर कार्य करें जिससे पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित हो सके।

मौके पर उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में महाशिवरात्रि एवं होली का पर्व है ऐसे में विधि व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सभी क्षेत्रों में बारीकी से नजर रखेगी ताकि परब त्यौहार के दौरान किसी प्रकार का माहौल खराब ना हो ।साथ ही उन्होंने कहा विधि व्यवस्था अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस बेहतर से बेहतर कार्य करने को लेकर नई नई पहल कर रही है।

उन्होंने कहा कि पूर्व में सिमडेगा जिला नक्सल प्रभावित रहा है ऐसे में जिले में छिटपुट अपराधियों के ऊपर बारीकी से नजर रखते हुए उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया जा रहा है ताकि सिमडेगा जिले को पूरी तरह से नक्सल मुक्त जिला बनाया जा सके।

उन्होंने बताया कि पुलिस अंकल टुटोरिअल के माध्यम से जिले के मैट्रिक पढ़ने वाले बच्चों को विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है ताकि मैट्रिक परीक्षा में बेहतर की जा सके सभी थाना प्रभारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं ताकि बेहतर से बेहतर बच्चे रिजल्ट प्राप्त कर सिमडेगा जिले का नाम रोशन कर सकें।

प्रभारी लोक अभियोजक अमित श्रीवास्तव ने भी बताया कि हाल ही के दिनों में कई लोगों को न्यायालय के माध्यम से सजा दिलाई गई है लेकिन साक्ष्य के अभाव में कई लोग बरी हो गए हैं उन्होंने सभी थाना प्रभारियों का आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जानकारी भी दी और कहा कि किसी भी मामले में सही तरीके से केस डायरी का मेंटेन हो ताकि अपराधी ना बचे और गुनाहगार सलाखों के पीछे हो। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।




# मनी अवार्ड को लेकर बैठक हुआ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला में बेहतर कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्राप्त अवार्ड मनी के बेहतर इस्तेमाल हेतु नई योजनाओं के चयन संबंधी बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में इस अवार्ड मनी से जिला में जेएसएलपीएस के महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा एक दीदी कैफे के संचालन, बीएस कॉलेज लोहरदगा में ई-लाईब्ररी के अधिष्ठापन, जेएसएलपीएस महिला स्वयं सहायता समूह को स्थानीय व आधुनिक परिधानों के निमार्ण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, सीएचसी का आधुनिकीकरण, अनुसूचित जनजातीय आवासीय उच्च विद्यालय किस्को और पेशरार प्रखंड में अनुसूचित जनजातीय आवासीय विद्यालय का आधुनिकीकरण के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई और इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए विस्तृत कार्ययोजना बना कर एक सप्ताह के अंदर नीति आयोग को भेजे जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी संबंधित फेलो उपस्थित थे।

## बीएचयू के कुलपति का कुडू प्रखंड का दौरा, कहा

# जैविक खेती का विस्तार करें



### चंदलासो व कोकर गांव के किसानों से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

बीएचयू के कुलपति डॉ ओएन सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम ने कुडू प्रखंड के चंदलासो एवं कोकर गांव का दौरा किया। टीम में कुलपति ओएन सिंह के अलावा उप निर्देशक प्रशासन डॉ सुभाष सिंह, अपर निदेशक प्रसार शिक्षा के एस ऋषभ, कृषि विज्ञान केंद्र लोहरदगा के वरीय वैज्ञानिक डॉ हेमंत पांडे शामिल थे। टीम के सदस्यों ने दोनों गांव में किसानों से मिलकर पशुपालन एवं कृषि से संबंधित उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान चंदलासो एवं कोकर में कृषि एवं पशुपालन एवं हेंजला स्तिथ चंद्रदीप सिंह के डेयरी को देखकर काफी प्रसन्न हुए। कुलपति सिंह ने कहा कि दूध बिक्री के अलावा दही, पनीर, खोवा एवं घी बनाकर भी बिक्री करें तो किसानों की आमदनी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि किसान मिश्रित कृषि पद्धति जैविक खेती एवं प्राकृतिक खेती का विस्तार करें जिससे अधिक आमदनी के साथ-साथ खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य एवं मनुष्य का स्वास्थ्य अच्छा रह सके। इस अवसर पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अवध किशोर, उप मुखिया सह राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किए किसान अखिलेश कुमार सिंह, चंद्रदीप सिंह, अभय कुमार सिंह, संदीप सिंह, जगन्नाथ साहू, रमेश साहू, रामधनी साहू, मुनतू मुंडा फागू उरांव सहित कई किसान उपस्थित थे।

## दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोपी पति गिरफ्तार



**सेन्हा।** दहेज उत्पीड़न व मारपीट के आरोप में नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड स्थित निवास स्थान से पति को गिरफ्तार सेन्हा पुलिस द्वारा भेजा गया जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा कटहर टोली निवासी रामाधार सिंह अपनी पुत्री सोनी देवी उर्फ प्रियंका का विवाह वर्ष 2022 में सामाजिक रीति रिवाज से अपनी पुत्री का विवाह रांची जिला अन्तर्गत नगड़ी थाना क्षेत्र के साहेर रोड निवासी बलराम सिंह के 32 वर्षीय पुत्र शशिभूषण सिंह के साथ किया था। वही पीड़ित महिला ने सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि विवाह के उपरांत दहेज मामला को लेकर हमेशा पति एवं महिला के ससुराल वालों लड़ाई झगड़ा और मार पीट करते रहते थे। जिससे महिला तंग आ कर सेन्हा थाना में अपने ससुराल वालों का पांच नामजद के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराते हुए न्याय का गुहार लगया था। इस संदर्भ में पु0आ0नि0 संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि दहेज को लेकर मार पीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में सेन्हा थाना कांड संख्या 5/23 दर्ज कर धारा 498 ए 504,506,323,34 आईपीसी एवं 3/4 के तहत पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए 32 वर्षीय शशिभूषण सिंह को गिरफ्तार किया गया है। और नियम संगत कारवाई करते हुए मेडिकल जांचोपरांत दहेज प्रताड़ना के आरोपी पति को जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामला में संलिप्त चार अभियुक्त के विरुद्ध भी अग्रतर कारवाई किया जा रहा है।

## जंगली हाथी के हमले से पति-पत्नी हुए घायल

**बानो।** प्रखंड के उकौली पंचायत के ग्राम छोटका रायका में हाथी द्वारा हमला किये जाने से पति पत्नी घायल।दोनों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अपने झुंड से बिछड़ा अकेला हाथी एक बार पुनः बानो प्रखंड के उकौली पंचायत पहुंचा रात्रि लगभग 3बजे बिछड़ा हाथी छोटका रायका निवासी मंगरा लोहरा के घर मे हमला कर दिया। जंगली हाथी ने अनाज के तलाश में दीवाल तोडा।दीवाल के गिरने से अंदर सो रहे पति पत्नी मलवा से दब गये।हाथी अनाज की तलाश करते हुए पहुंचा। इसी क्रम में मंगरा लोहरा को भी उठा कर बाहर फेंक दिया दीवाल गिरने से मंगरा लोहरा व पत्नी सोहरती लोहराइन दोनों घायल हो गया। घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग बानो को दी गई तथा 108 एम्बुलेंस के माध्यम दोनों पति पत्नी घायलों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। डॉ संजय कुमार ने सोहरती देवी की स्थिति गम्भीर बताया परन्तु खतरे से बाहर बताया। वन विभाग द्वारा बानो मुखिया बिश्वनाथ बड़ाईक व उकौली मुखिया कृपा हेमरोम के उपस्थिति में इलाज के लिए 10,000 (दस हजार रुपये)सहयोग प्रदान किया।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार



**सेन्हा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश में सेन्हा पुलिस नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में लोहरदगा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को बहला फुसला कर भागने के आरोप में सराफत अन्सारी का पुत्र तबरेज अन्सारी को सेन्हा थाना कांड संख्या 20/23 दर्ज कर धारा 363,366 ए के तहत कारवाई करते हुए मंगलवार को जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबालिक लड़की के परिजनों द्वारा आवेदन देते हुए भड़गांव निवासी सराफत अंसारी के 23 वर्षीय पुत्र तबारक अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कारवाई जारी था। बताते हुए उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार टीम गठित कर लोहरदगा बस स्टैंड से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि नाबालिक लड़की को कहीं और लेकर भागने के फिराक में था। जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है।

**कार्यक्रम** — मातृ-पितृ पूजन दिवस आयोजित, शशिधरलाल अग्रवाल ने कहा

# माता पिता ही ईश्वर के स्वरूप हैं

### पुलवामा के वीर शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में मंगलवार को मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा हमें पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण नहीं करते हुए अपनी परंपरा और संस्कृति को जानना समझना चाहिए जिसमें माता पिता हमेशा पूजनीय और वंदनीय रहे हैं। माता-पिता धरती पर भगवान के साक्षात स्वरूप हैं।

भगवान गणेश, भगवान राम, श्रवण कुमार आदि सनातन संस्कृति में माता पिता की भक्ति के श्रेष्ठतम उदाहरण प्रस्तुत करने वाले रहे हैं। अभिभावकों में हरिनारायण साहू, नीलमणि देवी, मुखदेव भगत ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में 16 माता पिता को महाविद्यालय द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने अपने माता पिता की पूजा करते हुए उनकी परिक्रमा भी की। तिलक लगाकर पुष्प अर्पित किया और मिष्ठान खिलाकर उनका आशीर्वाद लिया। कक्षा ग्यारहवीं के बहनों ने माता पिता को समर्पित गीत से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन चेतना प्रिया ने किया।

मौके पर उपाध्यक्ष विनोद कुमार राय, समिति की सदस्या शोभा देवी और अभिभावकों में फुलमनी देवी, हरिनारायण साहू, यशोदा देवी, नीलमणि देवी, बलराम कुमार, रमेश कुमार, मुन्नी उरांव, सबिता देवी, जय साहू, सुखदेव भगत, सिंधु देवी, तेतरी देवी, अनूप उरांव, रोहित ठाकुर, सरिता देवी, जीतन उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



# बिना डिश के देख सकेंगे 200 चैनल, एक धेला भी नहीं होगा खर्च

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय टेलीविजन को लेकर नई शुरूआत करने जा रहा है। इसकी शुरूआत के बाद लोगों बिना सेट-टॉप बॉक्स या फ्री डिश के 200 से ज्यादा चैनल तक पहुंच सकेंगे। सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि टेलीविजन सेट के बनाने के समय ही सैटेलाइट ट्यूनर लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कदम से अब दर्शक बिना किसी डिश के 200 चैनल देख सकेंगे। मंत्री ने कहा कि 'फ्री डिश' पर सामान्य मनोरंजन चैनल का काफी विस्तार हुआ है, जिसने करोड़ों दर्शकों को आकर्षित हुए हैं। आगे जानकारी देते हुए मंत्री ने कहा कि मैंने अपने विभाग में एक नयी शुरूआत की है। अगर ये शुरूआत



हो जाती है तो लोगों को फ्री डिश की आवश्यकता नहीं होगी। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से अब टेलीविजन में बिल्ट इन सैटेलाइट ट्यूनर लगाए जाने की तैयारी की जा रही है। इसका मतलब है कि अबर आपके टेलीविजन में ये चीज पहले से है तो आपको टीवी के अलावा फ्री डिश या सेट-टॉप बॉक्स खरीदने की आवश्यकता बिल्कुल नहीं होगी। रिमोट के एक क्लिक पर 200 से ज्यादा चैनल देखे जा सकते हैं। मंत्री ने साफ किया कि इस मामले में अभी फैसला होना बाकी है। पिछले साल दिसंबर में, ठाकुर ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा था कि वे टेलीविजन निमार्ताओं को औद्योगिक मानक ब्यूरो द्वारा निर्मित उपग्रह ट्यूनर के लिए जारी मानकों को अपनाने के निर्देश जारी करें। 'बिल्ट-इन सैटेलाइट ट्यूनर' के साथ टेलीविजन सेट किसी उचित जगह जैसे किसी घर की छत या दीवार पर एक छोटा एंटीना लगाकर फ्री-टू-एयर टेलीविजन और रेडियो चैनल की सुविधा तक पहुंच को सक्षम बनाएगा। मौजूदा समय में लोगों को ज्यादा चैनल का लाभ उठाने के लिए सेट टॉप बॉक्स और डिश की आवश्यकता होती है। डिजिटल सैटेलाइट ट्रांसमिशन का उपयोग करके फ्री-टू-एयर चैनल का प्रसारण जारी रहेगा। दूरदर्शन फ्री डिश वाले घर की संख्या 2015 से दोगुनी से ज्यादा हो चुकी है। केपीएमजी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में दूरदर्शन फ्री डिश यूजर्स की संख्या दो करोड़ आंकी गई थी। वर्ष 2021 में यह संख्या बढ़कर 4 l3 करोड़ हो गई थी।

## एफडी पर आईडीबीआई का 7.25 % ब्याज

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक के रेपो रेट में बढ़ोतरी के बाद देश के बैंक अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में इजाफा करना शुरू कर चुके हैं। आईडीबीआई बैंक ने दो करोड़ रुपये से कम की फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाली ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। ब्याज दरों में बदलाव के बाद आईडीबीआई बैंक अब 700 दिनों की एफडी पर आम जनता को 7.25 फीसदी की दर से ब्याज ऑफर कर रहा है। वहीं, सीनियर सिटीजन को इस अवधि एफडी पर 8 फीसदी की दर से ब्याज मिलेगा। आईडीबीआई की वेबसाइट के अनुसार, फिक्स्ड डिपॉजिट पर नई ब्याज दरें 13 फरवरी 2023 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक अब अगले 7 से 30 दिनों में मैच्योर होने वाली एफडी पर 3.00 फीसदी की दर से ब्याज ऑफर कर रहा है।

## 600 अंकों के साथ सेंसेक्स बंद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार के दिन बेहद मंगल साबित हुआ है। बैंकिंग एफएमसीजी शेयरों में निवेशकों की खरीदारी के चलते बाजार में शानदार तेजी रही और आज का कोराबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 600 अंकों के उछाल के साथ 61,032 अंकों पर बंद हुआ है। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 159 अंकों की तेजी के साथ 17,930 अंकों पर क्लोज हुआ है। आज के ट्रेडिंग सत्र में बैंकिंग, एफएमसीजी, आईटी, मेटल्स जैसे सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखी गई। जबकि ऑटो, फार्मा, रियल एस्टेट, मीडिया, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में बिकवाली नजर आई।




आज के ट्रेडिंग सत्र में मिड कैप और स्मॉल कैप सेक्टर के शेयरों में भी गिरावट देखने तो मिली है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 शेयर तेजी के साथ बंद हुए जबकि 22 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 19 शेयर तेजी के साथ तो 11 गिरावट के साथ बंद हुए। आज के सत्र में आईटीसी 3. 31 फीसदी, रिलायंस 2.35 फीसदी, बजाज फाइनैंस 1. 84 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक 1.78 फीसदी, इंफोसिस 1.61 फीसदी, एक्सिस बैंक 1.30 फीसदी, विप्रो 1 फीसदी , एचसीएल टेक 0. 98 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। जबकि एनटीपीसी 1.10 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.80 फीसदी, लार्सन 0.66 फीसदी, सन फार्मा 0.52 फीसदी, एशियन पेंट्स 0.49 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है।

## जीएसटी के लिए एजी विवरण केन्द्र को भेजना जरूरी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने जीएसटी मुआवजा मिलने में देरी को लेकर राज्यों की शिकायत पर संसद में बड़ा बयान दिया है। वित्त मंत्री ने कारण बता दिया है कि क्यों कुछ राज्यों को जीएसटी का पैसा नहीं मिल पा रहा है। वित्त मंत्री ने इसके पीछे का कारण बताने के साथ राज्यों को नसीहत भी दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि जीएसटी मुआवजे में देरी के लिए केंद्र को दोष देने के बजाय राज्यों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महालेखाकार के एजी विवरण समय पर भेजे जाएं। ये जीएसटी का पैसा मिलने के लिए जरूरी हैं। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान द्रमुक के ए राजा और आरएसपी से एन के प्रेमचंद्रन द्वारा उठाए गए जीएसटी मुआवजे पर कई सवालों के जवाब में सीतारमण ने कहा कि केरल सरकार ने पांच साल यानी 2017-18 से 2021-22 तक एजी के बयान नहीं भेजे हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने रिकॉर्ड देख रही हूं। और कह रही हूं कि केरल ने 2017-18, 2018-19, 2019-20, 2020-21 और 2021-22 के जीएसटी मुआवजे के लिए एजी के प्रमाणित बयान नहीं भेजे हैं। मुझे खेद है कि आपने इसे एक साल के लिए भी नहीं भेजा है। साल-दर-साल बीत रहा है और इस तरह सदन का बहुमूल्य समय जाया हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि क्या आपने अपना मुआवजा बकाया प्रोप्त करने के लिए मुझे एक साल के लिए भी एजी का प्रमाणित खाता भेजा है? फिर, यह आरोप लगाया जाता है कि केंद्र समय पर धन जारी नहीं कर रहा है। प्रमाणित अधिकृत बयान एक वर्ष के लिए भी नहीं पहुंचा है।

वित्त मंत्री ने प्रेमचंद्रन से कहा कि वह केरल सरकार को बताएं कि वह सभी स्टेटमेंट एक साथ भेज दे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा, स्टेटमेंट की प्राप्ति पर हम इसे क्लियर कर देंगे। आपने इसे एक साल के लिए भी नहीं भेजा है, और आप हम पर आरोप लगाते रहते हैं कि हम आपको समय पर पैसा नहीं दे रहे हैं।₹ उन्होंने ये भी कहा कि ये मामला जल्दी सुलझना चाहिए और जरूरी कागजों के मिलते ही केंद्र सरकार राज्यों को पैसा जारी कर देगी।

## सस्ता हुआ सोना 56670 रुपये प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में आज फिर तेजी देखी जा रही है। विदेशी बाजार में सोना और चांदी दोनों ही कीमती मेटल्स के दाम उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। इंडस्ट्रियल डिमांड में चांदी बाजी मार रही है और सोने के बार-सिक्कों की मांग भी विदेशी बाजार में उछाल पर है। देश में देखा जाए तो शादियों के सीजन के चलते सराफा बाजार गुलजार दिखाई दे रहे हैं। सोने-चांदी में कारोबार करने वाले ज्वैलर्स को अच्छी डिमांड से फायदा मिल रहा है। देश में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर देखें तो सोना और चांदी दोनों बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना तो 56,600 रुपये के पार निकल गया है। चांदी में 66,000 रुपये से ऊपर के लेवल देखे जा रहे हैं। एमसीएक्स पर सोना 173 रुपये या 0.31 फीसदी की बढ़त के साथ 56670 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट पर कारोबार कर रहा है। सोने के ये दाम इसके अप्रैल वायदा के लिए हैं।

### झारखण्ड सरकार
### कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग)
### कार्यालयः- भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा
### वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा
(E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com)

**आम सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृशि प्रभाग) झारखण्ड रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 62 दिनांक 01.02.2023 द्वारा लोहरदगा जिला में वित्तीय वर्ष 2022–23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अंतर्गत Sub Mission on Agriculture(SMAM) उपयोजना हेतु अनुदान पर कृशि उपकरण बैठक में (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs /Lampus/Pacs/FPOs/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन आदि के माध्यम से किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला कृषकों/को व्यक्तिगत कृषि यंत्रो पर अधिकतम 50 एवं 60 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है। आवेदन विहित पत्र में दिनांक **20.02.2023** तक जमा किया सकता है।

| क0 | कृषि यंत्र का नाम | TSP भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान(राशि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 15 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रू0 |
| 2 | कोनोविडर | 22 | 50 प्रतिशत या 1200 रू0 |
| 3 | मिनी राईसमील | 5 | 60 प्रतिशत या 240000 रू0 |
| 4 | मिनी दालमील | 5 | 60 प्रतिशत या 150000 रू0 |
| 5 | मेजसेलर | 5 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 6 | नेपशेक स्प्रेयर | 22 | 50 प्रतिशत या 750 रू0 |
| 7 | सोलर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 18 | 50 प्रतिशत या 1800 रू0 |
| 8 | पावर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 22 | 50 प्रतिशत या 3100 रू0 |
| 9 | प्लास्टिक मलचिंग लेयरिंग मशीन | 5 | 50 प्रतिशत या 75000 रू0 |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 11 | जीरो टील मल्टीक्रोप ड्रील | 10 | 50 प्रतिशत या 18000 रू0 |
| 12 | रोटावेर (5 फीट तक) | 10 | 50 प्रतिशत या 35000 रू0 |
| 13 | मल्टीक्रोप थ्रेशर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 14 | पैडीथ्रेशर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 15 | पावरवीडर | 10 | 50 प्रतिशत या 25000 रू0 |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 27 | 50 प्रतिशत या 10000 रू0 |
| 17 | एमबी प्लाव | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 18 | डिस्क प्लाव | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 19 | कल्टीवेटर | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 20 | केज व्हील | 10 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 21 | फरो ओपनर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 22 | रीजर | 5 | 50 प्रतिशत या 30000 रू0 |
| 23 | पोर्टटो प्लांटर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |
| 24 | पोर्टटो डीगर | 10 | 50 प्रतिशत या 40000 रू0 |

**लाभुक का चयनः–**

- इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट नाइवलीडुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहो के गठन में 10–12 सदस्य का होना आवश्यक है।
- वैसे महिला स्व्यं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृशक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए अद्योहस्तसक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय पता :–**

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा, वीर वुधू भगत भवन, दूसरा तल्ला। समाहरणालय परिसर, लोहरदगा।

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
लोहरदगा

PR290261 (Lohardaga)22-23*D

## सस्ता हुआ सोना 56670 रुपये प्रति 10 ग्राम

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी के दाम में आज फिर तेजी देखी जा रही है। विदेशी बाजार में सोना और चांदी दोनों ही कीमती मेटल्स के दाम उछाल के साथ कारोबार कर रहे हैं। इंडस्ट्रियल डिमांड में चांदी बाजी मार रही है और सोने के बार-सिक्कों की मांग भी विदेशी बाजार में उछाल पर है। देश में देखा जाए तो शादियों के सीजन के चलते सरार्फा बाजार गुलजार दिखाई दे रहे हैं। सोने-चांदी में कारोबार करने वाले ज्वैलर्स को अच्छी डिमांड से फायदा मिल रहा है। देश में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर देखें तो सोना और चांदी दोनों बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोना तो 56,600 रुपये के पार निकल गया है। चांदी में 66,000 रुपये से ऊपर के लेवल देखे जा रहे हैं।

## भारत ने किया यूएन को 30.54 मिलियन डॉलर का भुगतान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त राष्ट्रभारत ने संयुक्त राष्ट्र के बजट में 2023 के लिए 30.54 मिलियन डॉलर का वार्षिक योगदान दिया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने दी। महासचिव एंतोनियो गुटारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सोमवार को कहा कि भारत उन 43 देशों में शामिल है, जिन्होंने अब तक बजट में अपने हिस्से का भुगतान किया है। यूएन के मुताबिक शुक्रवार को भारत का योगदान मिला। कुल 3.217 अरब डॉलर के बजट में भारत की हिस्सेदारी 1.044 फीसदी आंकी गई है। हालांकि, यह 33.592 मिलियन डॉलर बनता है, इसे 3.052 मिलियन डॉलर का क्रेडिट दिया जाता है, जो संयुक्त राष्ट्र अपने भारतीय कर्मचारियों से उन



आयकरों के एवज में एकत्र करता है, जिन्हें उन्हें चुकाना पड़ता। 193 सदस्य देशों में से प्रत्येक के लिए बजट आकलन की दर सकल राष्ट्रीय आय, कर्ज का बोझ और प्रति व्यक्ति आय के आधार पर आधारित है। हालांकि, भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का दावा करता है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय कम होने से इसकी भुगतान करने की क्षमता कम हो जाती है। यह विकासशील देशों ब्राजील 2.013 प्रतिशत या मैक्सिको के 1.221 प्रतिशत की तुलना में कम है। अमेरिका संयुक्त राष्ट्र के कुल बजट का 22 प्रतिशत योगदान करता है। इसके बाद चीन 15.254 प्रतिशत या 490.83 मिलियन का योगदान करता है।

## इंडिगो ने पायलटों की वेतन वृद्धि बहाल की




**एजेंसी। नई दिल्ली**

श्देश की सबसे बड़ी घरेलू एयरलाइंस इंडिगो ने अपने पायलट्स को बड़ी सौगात दी है। इंडिगो ने अपने पायलट्स के सालाना इंक्रीमेंट को फिर से बहाल कर दिया है। अप्रैल 2023 से इन पायलट्स के वेतन बढ़ोतरी को बहाल करना का निर्णय लिया गया है। इंडिगो के मैनेजमेंट ने ईमेल के जरिए पायलट्स को सूचित किया है कि एयरबस और एटीआर फ्लीट के इंडियन कैप्टन्स के सालाना इक्रीमेंट जो हर महीने 10,000 रुपये बनता है और इंडियन फर्स्ट ऑफिसर्स जिनका सालाना इंक्रीमेंट 5000 रुपये महीने है उसे एक अप्रैल 2023 से फिर से बहाल करने का निर्णय लिया गया है जिसे कोविड-19 के बाद रोक दिया गया था। असिम मित्रा जो कि एयरलाइंस में सीनियर वाइस प्रेसीडेंट फ्लाइट ऑपरेशन पद पर तैनात हैं उन्होंने ये ईमेल भेजा है। इंडिगो एटीआर एयरकॉफ्ट उड़ान भरने वाले फर्स्ट ऑफिसर्स की सैलेरी की समीक्षा करने की योजना बना रहा है। इन ऑफिसर्स को एयरबस फ्लीट के कैप्टन से कम पेमेंट दिया जाता है। असिम मित्रा ने मेल में लिखा कि इसपर कार्य किया जा रहा है और जल्द ही इसे लेकर सूचना साझा किया जाएगा। इससे पहले इंडिगो ने कोरोना पूर्व के समय की सैलेरी को नवंबर 2022 से बहाल कर दिया था। सालाना इंक्रीमेंट को फिर से लागू किया जा रहा है। लेकिन कुछ अलाउंस को बहाल किया जाना बाकी है। इंडिगो ने अक्टूबर दिसंबर तिमाही में शानदार वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं जिसके बाद इंक्रीमेंट को बहाल किया गया है। इस तिमाही में इंडिगो का मुनाफा 1422 करोड़ रुपये रहा है। इससे पहले लगातार तीन तिमाही में एयरलाइंस को नुकसान हुआ था। बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 129 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

इस वर्ष ऑपरेशन से रेवेन्यू में शानदार उछाल और पैसेंजर लोड बढ़ने के कारण रेवेन्यू 60 फीसदी बढ़कर 14933 करोड़ रुपये पर जा पहुंचा है। इंडिगो का अबतक का ये सबसे बेहतर नतीजा माना जा रहा है।

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

**स्थगन संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–RDD/SD/CHATRA/14/2022-23 जिसका PR No.-288732 Rural Development (22-23) D में वर्णित सभी कार्यों को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.290241 Rural Development(22-23):D

### कार्यालय, नगर परिषद, लोहरदगा
Email ID nagarparshad07.lohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

दिनांक 11.02.2023 को अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में **Fire Safety Audit** से संबंधित जिलास्तरीय गठित समिति के द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार शहरी क्षेत्र अवस्थित व्यवसायिक भवनों, बैंक्विट हॉल, होटल मॉल, निजी अस्पताल/ क्लिनिक आदि संचालकों/ मालिकों को आगलगी से बचाव हेतु **Mock Drill** के साथ **Fire Safety** पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसमें भवन प्लान एवं **Fire Safety Measures** से संबंधित सभी जानकारी दी जायेगी। प्रशिक्षण स्थल की विवरणी निम्नवत् है :–

स्थान – नगर भवन, प्रखण्ड परिसर, लोहरदगा
तिथि – 15 फरवरी 2023
समय – 11.00 बजे अपराह्न

अतः आप संबंधित भवन/मकान के मालिक/ संचालक से अनुरोध है कि स–समय यथा स्थान में उपस्थित होकर आगलगी से बचाव हेतु **Mock Drill** के साथ **Fire Safety** पर प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेकर भवन प्लान एवं **Fire Safety Measures** से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करने का कष्ट करेंगे।

धन्यवाद!

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 290245 Lohardaga (22-23)_D

### GOVT. OF JHARKHAND, WATER RESOURCES DEPTT.
### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

**Tenderinviting e-Procurement Notice**

e-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-$F_2$-05/2022-23 Dated :-13.02.2023

| Sl. No. | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Class of Contractor eligibility | Last date/Time forreceipt of e-Tender upto | Date of Publication of e-Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of hard copy, cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 01. | Chainpur | Renovation of BalwaAhar, Plot No.-2683, Under Chainpur Block. | 1936122.33 | 38800.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | 01.03.2023 (05:00 P.M.) | 15.02.2023 (Till 02:00 P.M.) | 06.03.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 03.03.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 02. | Chainpur | Renovation of GadgadwaAhar, Jamindari Bandh Plot No.-288, Vill-PurubdihaChainpur Block. | 2000866.37 | 40100.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 03. | Chainpur | Renovation of BaurahiyaAhar, Jamindari Bandh Plot No.-1420, Vill-ChandoChainpur Block. | 2326298.46 | 46600.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 04. | Chainpur | Renovation of BelmaAhar, Plot No.-2597, under Chainpur Block. | 2453965.40 | 49100.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 05. | Chainpur | Renovation of PurainJamindari Bandh, Babhandi, Plot No.-696, Block-Chainpur. | 3031415.72 | 60700.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 06. | Haidarnagar | Renovation of BadkaAharKukhi, Plot No-1726,1629,1608,2621 Under Haidarnagar Block. | 6544317.26 | 130900.00 | 10000.00 (Non Refundable) | Class-II | | | | | | | | 90 Days |
| 07. | Haidarnagar | Renovation of AharBelaspur, Plot No-577 Under Haidarnagar Block. | 5920514.78 | 118500.00 | 10000.00 (Non Refundable) | Class-II | | | | | | | | 90 Days |
| 08. | Haidarnagar | Renovation of BadkaAhar Bandh, Plot No-567 Under Haidarnagar Block. | 5032640.16 | 100700.00 | 10000.00 (Non Refundable) | Class-II | | | | | | | | 90 Days |
| 09. | Haidarnagar | Renovation of Ahar Bandh Hemza, Plot No-397 Under Haidarnagar Block. | 3057310.99 | 61200.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 10. | Haidarnagar | Renovation of PhokharAhar Bandh, Plot No-351,349,712,829 Under Haidarnagar Block. | 2857636.13 | 57200.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 11. | Mohammadganj | Renovation of Tendua Kala, Ahar Bandh, Plot No-133 Mohammadganj Block. | 3684782.23 | 73700.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | 01.03.2023 (05:00 P.M.) | 15.02.2023 (Till 02:00 P.M.) | 06.03.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 03.03.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |
| 12. | Mohammadganj | Renovation of BanbighaAhar Bandh, Plot No-489 Mohammadganj Block. | 8349773.02 | 167000.00 | 10000.00 (Non Refundable) | Class-II | | | | | | | | 90 Days |
| 13. | Mohammadganj | Renovation of TarkulyaAhar Bandh, Plot No-297 Mohammadganj Block. | 4200821.68 | 84100.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 14. | Mohammadganj | Renovation of UparkiAhar Bandh, Plot No-310 Mohammadganj Block. | 3623140.11 | 72500.00 | 5000.00 (Non Refundable) | Class-III | | | | | | | | 90 Days |
| 15. | Mohammadganj | Renovation of Siwan Ahar Bandh, Plot No-615 Mohammadganj Block. | 5180116.04 | 103700.00 | 10000.00 (Non Refundable) | Class-II | | | | | | | | 90 Days |

Note :- Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

PR 290268 Water Resource (22-23)_D

Executive Engineer,
Water Ways Division, Medininagar

**ज्ञान की बात**

**राजा को क्रूर नहीं होना चाहिए, किंतु शत्रुओं और अत्याचारियों के दमन के लिए उसे कठोर तो होना ही पड़ेगा। यदि वह अपनी रक्षा नहीं करेगा, तो प्रजा की रक्षा कैसे करेगा? यदि राजा सर्प के प्रति कठोर नहीं होगा, तो गाय की रक्षा कैसे होगी? क्या हम सर्प को यह अनुमति देंगे कि वे हमारी गोशालाओं में घुस आए और मनमाने ढंग से हमारे गोधन को नष्ट कर दे?**

*- ठाकुरजी*

# आदिवासी महाकुंभ मेले का संदेश

***किसी*** भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए किसी आयोजन का होना नितांत जरूरी होता है। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला दुबियाखांड़ शुरू करने के पीछे यही वजह थी। सोच यही थी कि समूह के माध्यम से अच्छा संदेश दिया जा सकता है। वही सोच आज काम करने लगी है। झारखंड सरकार के मंत्री का आना यह बताता है कि आने वाले दिनों में इस मेले का और विस्तार होगा। कारण जिस तरह से इसकी उपयोगिता समाज में बढ़ रही है,वह यह बताने के लिए काफी है कि मेले के माध्यम से आदिवासी समाज को जोड़ कर किसी अच्छे कार्य की शुरूआत की जा सकती है। बहरहाल इस समाज में आज भी कई विसंगतियां मुंह बाये खड़ी हैं। अशिक्षा,शराब,अंधविश्वास के मकड़जाल में यह समाज आज भी जकड़ा हुआ है। समय के अंतराल में इसकी पड़ताल जारी है। मेले में परिसम्पत्तियों का वितरण हौसला अफजाई के क्षेत्र में बड़े कदम के रूप में देखा जा सकता है। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले, इसके प्रयास हो रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर राजा मेदिनीराय के सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मेला आदिवासियों सहित पूरे पलामू प्रमंडलवासियों की भावना से जुड़ी है। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल और सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गयी। आमजन इसका लाभ उठा रहे हैं। राजा मेदिनीराय पलामू के लोकप्रिय राजा थे। उनके जमाने में यहां घी और दूध की नदियां बहती थी। उनकी याद में प्रत्येक वर्ष इस मेले का आयोजन किया जाता है। योजनाओं का लाभ देने एवं लेने के लिए सभी का सहयोग जरूरी होता है। समाज के अग्रिम पंक्ति के लोग आगे आयें और सरकारी योजनाओं को बताने एवं लाभ लेने के लिए जन जागरूकता जरूरी है। हाल के दिनों में झारखंड सरकार ने ऐसी-ऐसी योजनाएं लागू की है, जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रही है। राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का विकास एवं प्रचार-प्रसार झारखंड के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी करने की जरूरत है। तभी इसकी भव्यता निरंतर बढ़ेगी। इसे राजकीय मेला घोषित करने के बाद पहली बार 2023 में आयोजन हुआ। आने वाले दिनों में बड़े मेले की तर्ज पर इसका विस्तार होना चाहिए। एक बात ध्यान रखना जरूरी है कि मेले को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। मेले के माध्यम से आदिवासियों के समस्याओं का निदान होना चाहिए। दिन प्रतिदिन मेले का विराट रूप हो रहा है। आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मेला काफी सार्थक साबित हो,यही उम्मीद हम सब कर सकते हैं।

**समय के अंतराल में इसकी पड़ताल जारी है। मेले में परिसम्पत्तियों का वितरण हौसला अफजाई के क्षेत्र में बड़े कदम के रूप में देखा जा सकता है। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले।**

# ड्रीम बजट से मतदाताओं को साधेंगे गहलोत





**रमेश सर्राफ धमोरा**

***राजस्थान*** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चुनावी साल में अपना ड्रीम बजट विधानसभा में पेश कर दिया है। उनकी सरकार के इस कार्यकाल का यह अंतिम बजट है। इस वर्ष के अंत में राजस्थान विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में बजट का लोक लुभावना होना स्वाभाविक ही है। मतदाताओं को लुभाने के लिए गहलोत ने बजट में राहतों का पिटारा खोला है। आमजन के लिए नई योजनाओं की घोषणा भी की है। मुख्यमंत्री का पूरा प्रयास है कि राजस्थान में हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसी को ध्यान में रखकर प्रदेश के आम मतदाताओं को बजट के माध्यम से लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। बजट से पहले ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि इस बार के बजट का पूरा फोकस युवा व महिलाओं पर होगा। यह बजट में देखने को मिल भी रहा है। बजट में गहलोत ने समाज के किसी भी तबके को राहत देने से वंचित नहीं रखा है। मुख्यमंत्री के रूप में गहलोत तीसरी बार अपने 15 साल का कार्यकाल पूरा करने जा रहे हैं। प्रदेश के वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने दसवीं बार बजट पेश किया। इस बार गहलोत ने लगातार 3 घंटे 20 मिनट तक बजट भाषण देकर प्रदेश में सबसे लंबा भाषण देने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने राजस्थान सरकार के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल करने की घोषणा कर कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। पिछली बार के बजट में पुरानी पेंशन योजना की घोषणा की गई थी। मगर उसमें राज्य सरकार के विभिन्न बोर्डों, निगमों, आयोग, विश्वविधालयों सहित अन्य संस्थानों में कार्यरत करीबन एक लाख सरकारी कर्मचारी वंचित रह गये थे। उन सभी को भी इस बार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया गया है। दो साल पहले गहलोत ने राजस्थान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना लांच की थी। इसमें प्रदेश के सभी लोगों को कैशलेस उपचार की सुविधा देने का प्रावधान किया गया था। गहलोत ने उसी योजना को इस बार बढ़ाकर प्रदेश के हर परिवार को 25 लाख रुपये तक निशुल्क उपचार देने की घोषणा की है। इस योजना में शामिल परिवार को दस लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा का लाभ भी मिलेगा। यह पूरे देश में अपने आप में अनूठी योजना है। इसमें प्रदेश के सभी बीपीएल, अन्नपूर्णा योजना, संविदा कर्मी, नरेगा मजदूर, लघु कृषक सहित काफी परिवार निशुल्क शामिल होते हैं। जबकि 850 रुपये का वार्षिक शुल्क देकर अन्य सभी वंचित परिवार भी इस योजना में शामिल हो सकते हैं। ऐसी योजना देश के अन्य किसी प्रांत में नहीं चल रही है। गहलोत ने राजस्थान की सीमा में सरकारी रोडवेज की बसों में महिलाओं को किराये में

**बजट से पहले ही मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि इस बार के बजट का पूरा फोकस युवा व महिलाओं पर होगा। यह बजट में देखने को मिल भी रहा है। बजट में गहलोत ने समाज के किसी भी तबके को राहत देने से वंचित नहीं रखा है।**

**इन दिनों**

50 प्रतिशत छूट देने की भी घोषणा की है। प्रदेश में 8 हजार आंगनबाड़ी और 2000 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र खुलेंगे। कक्षा 1 से 8 तक के स्कूली बच्चों की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को भी दो सेट यूनिफार्म दिये जायेंगे। पांच लाख नये परिवारों को महिला स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जायेगा। स्कूली बच्चों को अब मिड डे मील में हर दिन दूध मिलेगा। संभाग मुख्यालयों पर 100 महिलाओं और जिला मुख्यालयों पर 50 महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी वर्किंग वुमन हॉस्टल खोले जायेंगे। वहीं कामकाजी महिलाओं के लिए 500 प्रियदर्शिनी डे केयर सेंटर खोले जायेंगे। ग्रामीण इलाकों में भी महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी महिला हॉस्टल खोले जायेंगे। प्रदेश में 18 गर्ल्स कॉलेज खुलेगें। जनजाति क्षेत्रों में 250 मां-बाड़ी सेंटर खोले जायेंगे। प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन को भी बढ़ाकर एक हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। सरकार प्रदेश के सीनियर सिटीजन को अयोध्या स्थित रामलाल मंदिर समेत पांच नए तीर्थ स्थल के दर्शन करवायेगी। ये दर्शन वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत करवाये जायेगें। इस योजना के तहत वर्तमान में देश-विदेश के 14 तीर्थ स्थलों पर दर्शन करवाये जा रहे है जिसे बढ़ाकर अब 20 से ज्यादा किया जा रहा है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को अब 50 के बजाय 100 यूनिट प्रतिमाह निशुल्क बिजली दी जायेगी। इससे अधिक विद्युत उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को टैरिफ के अनुसार पूर्ववत छूट जारी रहेगी। वहीं किसानों को अपने खेतों में बने ट्यूबवेल पर प्रतिमाह 2000 यूनिट तक बिजली निशुल्क दी जायेगी। उज्जवला योजना में शामिल राजस्थान के 76 लाख परिवारों को 500 रुपये की दर से एक साल में 12 घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाये जायेंगे। राजस्थान सरकार के बजट में मुख्यमंत्री गहलोत ने इस बार यूथ को भी बहुत कुछ दिया है। सबसे बड़ी राहत कॉम्पिटिशन एग्जाम देने वाले कैंडिडेट्स को मिली है। सभी भर्ती परीक्षाओं को मुफ्त करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस फैसले से 50 लाख से ज्यादा कैंडिडेट्स को फायदा होगा। साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी और आवासीय हॉस्टल भी बनेंगे। सबसे बड़ी घोषणा पहली से 12वीं तक के स्टूडेंट के लिए है। इन्हें फ्री में पढ़ाया जायेगा।

**बोधि वृक्ष**

## *आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा*

***चौथा अध्याय***

***उनको*** दुःखी देखकर एक पडोसी ब्राह्मण बोला - हे रथकार, तू क्यों इधर उधर भटकता फिरता है, मेरी बुद्धि में तू सब तरह से मूर्ख प्रतीत होता है। तू वृथा ही शिखा और यज्ञोपवीत को धारण करता है, और तेरी भार्या भी बिल्कुल मूर्ख है। इसमें कोई सदेंह नहीं। इन मिथ्या उपायों से सतांन उत्पन्न नहीं हुआ करती है और न धन मिलता है, और न कुछ भी सुख प्राप्त होता है। यह तो व्यर्थ की भाग दौड है। वे मनुष्य अज्ञानी है, जो इस प्रकार के व्यर्थ उद्योगों से अपने मनोरथ सिद्ध करना चाहतें है। कहीं व्यर्थ उद्योग करने पर भी मनोगथ सिद्ध हुए है। इन मनुष्यों से अधिक वे मूर्ख है, जो म्लेच्छों की फूकं की अग्नि ज्वाला से अपनी संतान का जीवन होना समझते है। म्लेच्छों की फूकं से दग्ध हुए कुमाता के पुत्रों की फिर धर्मशास्त्र के अमुकूल उत्तम बुद्धि उत्पन्न नहीं हो सकती है। इसलिए तू सब वृथा के उपायों कों छोड़ दे और केवल दयालु श्री विश्वकर्मा की शरण को प्राप्त हो। हे श्रेष्ठ पुरूष, विश्वकर्मा की कृपा से तेरी अवश्य सिद्धी होगी। समस्त दुःखों कें नाश करने में श्री विश्वकर्मा के अतिरिक्त अन्य कोई भी समर्थ नहीं है। कर्मों के फलदान देने में वह विश्वकर्मा परमेश्वर स्वतन्त्र है और आगे पीछे करके कर्मो के फल देते रहते है। यदि तेरी यह दुर्दशा अपने बुरे कर्मो के फल से हो रही है तो, वह विश्वकर्मा रूप ईश्वर अन्य योनियों में भी फल दे सकता है, क्योकिं वह सर्व शक्तिमान है। ईश्वर कर्मो के फलस्वरूप सुख दुःख देता है और इस सुख और दुःख के साधन उसके पास बहुत है।

*(क्रमशः)*

# नियुक्ति का विरोध करने वाले जरा अपनी गिरेबां में झांकें



**नीरज कुमार दुबे**

***जस्टिस*** नजीर के सुप्रीम कोर्ट में लगभग छह साल के कार्यकाल को भी देखें तो इस दौरान उन्होंने तमाम बड़े फैसले दिये लेकिन कुछ लोगों की गाड़ी क्यों सिर्फ अयोध्या विवाद, ट्रिपल तलाक और कुछ अन्य मामलों पर ही अटक गयी है? उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस अब्दुल नजीर को आंध्र प्रदेश का राज्यपाल बनाये जाने पर विपक्ष भड़क गया है। हालांकि ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी पूर्व न्यायाधीश को राज्यपाल बनाया गया है। देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों और शीर्ष न्यायालय में सेवाएं दे चुके न्यायाधीशों को राज्यपाल बनाया जाता रहा है। यहां तक कि भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तक राज्यपाल बनाये जा चुके हैं, ऐसे में सवाल उठता ही है कि अब ऐसा क्या हो गया कि जस्टिस नजीर के विरोध में आवाज बुलंद की जा रही है। न्यायाधीश पद पर रहते हुए कोई भी व्यक्ति तमाम मुकदमों पर फैसले सुनाता है। हर फैसला किसी एक के पक्ष में और दूसरे के विपक्ष में होता ही है। क्या हम न्यायाधीशों का आकलन इस आधार पर करेंगे कि उन्होंने हमारे से जुड़े किसी मुकदमे पर क्या फैसला दिया था? किसी भी न्यायाधीश को फैसला करते समय भावनायें नहीं सबूतों पर ध्यान देना होता है। न्यायाधीशों को संविधान और कानून द्वारा तय किये मार्ग के आधार पर ही फैसला सुनाना होता है, ऐसे में कई फैसले ऐसे हो सकते हैं जो हमारे मन मुताबिक नहीं हों। अगर कोई फैसला हमारे मन मुताबिक नहीं है तो क्या हम भारत की न्यायपालिका पर सवाल उठा देंगे? जस्टिस नजीर के सुप्रीम कोर्ट में लगभग छह साल के कार्यकाल को भी देखें तो इस दौरान उन्होंने तमाम बड़े फैसले दिये लेकिन कुछ लोगों की गाड़ी क्यों सिर्फ अयोध्या विवाद, ट्रिपल तलाक और कुछ अन्य मामलों पर ही अटक गयी है? जिस तरह से भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई को राज्यसभा में राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत करने पर विपक्ष ने हंगामा किया था और अब जस्टिस नजीर को राष्ट्रपति द्वारा आंध्र प्रदेश का राज्यपाल मनोनीत किये जाने पर हंगामा किया जा रहा है, क्या वह यह नहीं दर्शाता कि विपक्ष आज भी अयोध्या विवाद का समाधान निकल जाने की बात को पचा नहीं पाया है? सवाल उठता है कि क्या जस्टिस नजीर पर हो रहे हमले का मुख्य कारण अयोध्या विवाद ही है? सवाल यह भी उठता है कि जब कांग्रेस ने न्यायाधीश पद पर रहे लोगों को राज्यपाल बनाया, उन्हें विभिन्न आयोगों का चेयरमैन बनाया या उनकी योग्यता अनुरूप उन्हें ऐसे पदों पर बिठाया जहां उनके अनुभव का लाभ देश को मिल सके तब क्यों उसमें कुछ भी संविधान विरुद्ध नहीं था लेकिन जब वर्तमान सरकार ऐसा कर रही है तो वह संविधान विरुद्ध कैसे हो गया? जरा कांग्रेस और माकपा की ओर से लगाये गये आरोपों पर नजर डालिये एकदम साफ हो जायेगा कि सिर्फ विरोध के लिए विरोध की राजनीति की जा रही है। जबकि जस्टिस नजीर की नियुक्ति के विरोध का कोई आधार है ही नहीं। हम आपको बता दें कि जस्टिस नजीर पर हो रहे राजनीतिक हमलों के बीच केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा है कि ''पूरा इकोसिस्टम एक बार फिर इस मुद्दे पर सक्रिय हो गया है।'' उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा कि उन्हें समझना चाहिए कि अब वे भारत को ''व्यक्तिगत जागीर'' नहीं मान सकते। रीजीजू ने ट्विटर पर कहा कि भारत संवैधानिक प्रावधानों पर निर्देशित होगा। राज्यपालों की नियुक्ति की, न्यायाधीश नजीर बने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल उधर, जहां तक कांग्रेस की ओर से किये गये विरोध की बात है तो आपको बता दें कि कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एस अब्दुल नजीर को राज्यपाल नियुक्त किये जाने को लेकर मोदी सरकार की आलोचना करते हुए इस तरह की

**देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों और शीर्ष न्यायालय में सेवाएं दे चुके न्यायाधीशों को राज्यपाल बनाया जाता रहा है। ऐसे में सवाल उठता ही है कि अब ऐसा क्या हो गया कि जस्टिस नजीर के विरोध में आवाज बुलंद की जा रही है।**

**राजनीति**

नियुक्तियों के खिलाफ भाजपा के दिवंगत नेता अरूण जेटली की टिप्पणियों का जिक्र किया है। कांग्रेस ने साथ ही, इस कदम को न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए एक ''गंभीर खतरा'' करार दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, ''भाजपा के एक कद्दावर (दिवंगत) नेता अरूण जेटली ने पांच सितंबर 2013 को संसद में और कई बार इसके बाहर भी कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद पद पाने की आकांक्षा सेवानिवृत्ति से पूर्व के फैसलों को प्रभावित करती हैं। यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए खतरा है।'' उन्होंने जेटली की टिप्पणी का संदर्भ देते हुए कहा, ''हम व्यक्तियों या निजी व्यक्ति के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। व्यक्तिगत रूप से मैं इस व्यक्ति (नजीर) का काफी सम्मान करता हूं। मैं उन्हें जानता हूं, यह उनके बारे में कहीं से नहीं है।

**फोटो की दुनिया**




बनारसी रंग
फोटो: विजय विनीत

**ट्वीट-ट्वीट**

@JMM_E_Singhbhum

झारखण्ड के युवा ही तय करें अपना भविष्य !
1.वर्ष 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण के विषय को नौवीं अनुसूची में शामिल होने का इंतजार करें ?2.वर्ष 2016 से पहले की नियोजन नीति के आधार पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाए

**फेसबुक वॉल से**



**नए किरदार आते जा रहे हैं**
**मगर नाटक पुराना चल रहा है**

**~ राहत इंदौरी**

# खेमे ने काऊ हग डे का विरोध किया



**राकेश सैन**

***जब*** इंसान गायों की पीठ को थपथपाते हैं तो वो उनके लिए काफी आरामदायक होता है। गाय पालन सकारात्मकता को बढ़ावा देता है और मनुष्यों में ऑक्सीटोसिन को बढ़ाकर तनाव को कम करता है। इसीलिए गाय को गले लगाने का चलन दुनिया में बढ़ रहा है। सेक्युलर दलों के विरोध व सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना के बाद भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने 14 फरवरी को गाय से आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली। इस दिन पूरी दुनिया में वेलेंटाइन डे भी मनाया जाता है। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मन्त्री श्री पुरुषोत्तम रुपाला की टिप्पणी के एक दिन बाद बोर्ड के सचिव श्री एस.के. दत्ता ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए एक नोटिस के माध्यम से यह अपील वापस ले ली। रुपाला ने कहा कि 'अच्छा होता कि अगर लोग बोर्ड की ओर से 14 फरवरी को 'गाय आलिंगन दिवस' के रूप में मनाने की अपील पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते। यह पहली बार था जब पशु कल्याण बोर्ड ने देश में गाय प्रेमियों से 'गाय आलिंगन दिवस' मनाने की अपील की। बोर्ड ने कहा था कि पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के चलते भारत की वैदिक परम्पराएं विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं। अब समय है कि हम अपनी परम्पराओं को पहचानें व उनको अपनाएं। ज्ञात रहे कि भारतीय समाज व गाय का रिश्ता उसके अस्तित्व से ही जुड़ा है। यह शायद सम्भव नहीं लगता कि देश में परम्परा निर्वहन व गौ कल्याण की बात हो और इसे वो सेक्युलर खेमा इसे सहजता से स्वीकार कर ले, जो गौमांस भक्षण को संवैधानिक अधिकार बताता आया हो। ऐसा हुआ भी, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वामपन्थी दलों सहित समूचे इको सिस्टम ने इसका विरोध करना और उपहास उड़ाना शुरू कर दिया। बोर्ड के एक सार्थक प्रयास को कभी साम्प्रदायिक, कभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छिपे एजेण्डे का हिस्सा बताया जाने लगा तो सोशल मीडिया पर इसका खूब उपहास उड़ाया गया। इसी कारण बोर्ड ने किसी विवाद की आशंका के चलते अपना निर्णय वापस ले लिया लगता है। सांसद शशि थरूर ने 'काउ हग डे' की अपील वापस लेने के पर पशु कल्याण बोर्ड पर कटाक्ष किया इस बात की तो पहले से ही आशंका व्यक्त की जा रही थी कि पशु कल्याण बोर्ड की इस साहसिक पहल पर कईयों के नाक भौं चढ़ सकते हैं और अन्ततः ऐसा हुआ भी जिसके चलते बोर्ड को अपना निर्णय बदलना पड़ा। दूसरी ओर यह सच्चाई है कि भारत की तरह ही दुनिया के कई देशों में गायों से बहुत प्यार और स्नेह किया जाता है। इन देशों में नीदरलैण्ड, रॉटरडैम, स्विट्जरलैण्ड, अमेरिका सहित यूरोप, अफ्रीका के कई देश शामिल हैं जहां के नागरिक गायों को खूब प्रेम करते हैं। मैं और मेरा दोस्त राजेश लखोटिया बचपन में गली में घूमने वाली गायों के गलकम्बल व पीठ को सहलाते, तो देखते कि इससे गाय जड़वत खड़ी हो जाती और आनन्द में उनकी आंखें मुन्द जातीं। हमें भी अजीब-सा सुकून मिलता और देख कर हैरानी होती कि ये गायें हमें पहचानने लगती और जब भी गली में हम खड़े मिलते तो हमारे पास आकर हमें चाटना या हमारे शरीर के साथ गर्दन खुजाना शुरू कर देतीं। हम भारतीयों का गायों से नाता हमारे हमारे अस्तित्व से ही जुड़ा है और गौप्रेम जन्मघूटी से ही मिलता है। खुशी की बात है कि अब दुनिया गाय के महत्त्व को पहचानने लगी है। बताते हैं कि नीदरलैण्ड के गांव रूवर से गौ आलिंगन का प्रचलन निकला जो अब कई देशों में फैलता जा रहा है। डच भाषा में इसे 'कोए नफेलेन' कहते हैं। 'एप्लाइड एनिमल बिहेवियर साइंस जर्नल' के एक अध्ययन में कहा गया है कि जब गायों की गर्दन और ऊपरी पीठ के विशेष हिस्सों में मालिश की जाती है, तो वे गहरी राहत महसूस करती हैं, उनकी आंखें मुन्द जाती हैं और वे अपने कान गिरा देती हैं। जब इंसान गायों की पीठ को थपथपाते हैं तो वो उनके लिए काफी आरामदायक होता है। गाय पालन सकारात्मकता को बढ़ावा देता है और मनुष्यों में ऑक्सीटोसिन को बढ़ाकर तनाव को कम करता है। इसीलिए गाय को गले लगाने का चलन दुनिया में बढ़ रहा है। इन दिनों अमेरिका में एक विशेष प्रकार का अभियान छेड़ा गया है। इस अभियान में अमेरिका की जनता बढ़ चढ़कर भाग ले रही है। यहां तक कि जमकर पैसे भी खर्च कर रही है। लोगों का मानना है कि कोरोना वायरस के दौर में दुनिया में कई लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। ऐसे में उन्हें गाय को गले लगाना चाहिए। गाय की गर्दन और पीठ की तरफ सहलाने से उन्हें तो बड़ा आराम मिलता है, लेकिन यह गाय के साथ-साथ उसे भी आराम पहुंचाता है जो गाय को सहला रहा होता है।

**सेक्युलर दलों के विरोध व सोशल मीडिया पर व्यापक आलोचना के बाद भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने 14 फरवरी को गाय से आलिंगन दिवस के रूप में मनाने की अपील वापस ले ली। इस दिन पूरी दुनिया में वेलेंटाइन डे भी मनाया जाता है।**

**ये भी खूब रही**

**स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।** प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज**, संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र***, **प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर :** 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय** : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।




## NEWS इन ब्रीफ

### दो हफ्ते में होगा थरूर के भाग्य का फैसला

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर के भाग्य का फैसला दो सप्ताह के भीतर होगा, जब एआईसीसी राजस्थान में आगामी पूर्ण सत्र में अपने सदस्यों की सूची की घोषणा करेगी। थरूर के लिए एक अच्छी बात यह है कि हाल ही में केरल के तीन कांग्रेस सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से मुलाकात कर उनसे तिरुवनंतपुरम के सांसद थरूर को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी देने पर विचार करने का अनुरोध किया।

### 90 साल की महिला को पोते ने पीट-पीट कर मार डाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी इलाके में एक बुजुर्ग महिला को उसके 30 वर्षीय पोते ने पीट-पीटकर मार डाला। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। घटना रविवार को हुई। अधिकारी ने कहा कि मृतका की पहचान रोहिणी के प्रेम नगर निवासी राईसा (90) के रूप में हुई है। उनके पोते शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### नगा राजनीतिक मुद्दा का समाधान चाहते हैं पीएम : जेपी नड्डा

**कोहिमा।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि नगा राजनीतिक मुद्दा अब अपने अंतिम चरण में है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले के जल्द समाधान के लिए बहुत उत्सुक हैं। कोहिमा में भाजपा और नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (एनडीपीपी) की एक संयुक्त चुनावी रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह नगा मुद्दे के समाधान के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं और मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो और उपमुख्यमंत्री वाई. पैटोन इसके साक्षी हैं।

### केजरीवाल के खिलाफ दर्ज हो एफआईआर

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मांग की है कि दिल्ली जल बोर्ड घोटाले में तीन व्यक्तियों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है। इस घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाए, क्योंकि जल बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्हें इस घोटाले की पूरी जानकारी थी। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने वर्ष 2015 में कारपोरेशन बैंक को दिल्ली जल बोर्ड के बिलों को वसूलने का अधिकार दिया।

# बीबीसी के दफ्तरों पर आईटी का छापा

### एक साथ दिल्ली-मुंबई के दफ्तरों पर छापेमारी

### बीबीसी के दफ्तर को सील कर सभी कर्मचारियों के फोन कर लिए गए जब्त

**एजेंसी। नई दिल्ली/मुंबई**

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के दिल्ली दफ्तर पर आयकर विभाग के छापे की खबर है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीबीसी के दफ्तर को सील कर दिया गया है और सभी कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए गए हैं। कर्मचारियों को घर जाने के लिए कह दिया गया है। बीबीसी के लंदन हेडक्वार्टर को भी छापे की जानकारी दे दी गई है।

बता दें कि दिल्ली के साथ ही बीबीसी के मुंबई स्थित दफ्तर पर भी आयकर विभाग ने छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 60-70 सदस्यों वाली आयकर विभाग की टीमें बीबीसी के दफ्तर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। दफ्तर में अंदर आने और बाहर जाने पर भी रोक लगा दी गई है।

इधर, बीबीसी के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर छापेमारी के बीच गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जिग्नेश मेवाणी ने ट्वीट में अडाणी का जिक्र किया। उन्होंने तंजपूर्ण अंदाज में कहा, 'अडाणी के दिल्ली स्थित दफ्तर पर आयकर विभाग का सर्वे चल रहा है। सभी कर्मचारियों के फोन जब्त हो गए हैं। माफ कीजिएगा बीबीसी के दफ्तर पर।'

## कांग्रेस बोली, विनाशकाले विपरीत बुद्धि, देश में अघोषित आपातकाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली और मुंबई में बीबीसी दफ्तर पर आयकर विभाग के छापे के बाद कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि यह 'अघोषित आपातकाल' का ऐलान है। कांग्रेस ने ट्वीट कर लिखा, पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी दफ्तर पर छापा पड़ गया। अघोषित आपातकाल। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा: यहां हम अडाणी के मामले में जेपीसी की मांग कर रहे हैं और वहां सरकार बीबीसी के पीछे पड़ी हुई है। 'विनाशकाले विपरीत बुद्धि।'

**अखिलेश यादव ने छापेमारी को 'वैचारिक आपातकाल' बताया**

टीएमसी सासंद महुआ मोइत्रा ने ट्वीट कर लिखा, बीबीसी के दिल्ली स्थित दफ्तर पर इनकम टैक्स के छापे की खबर। वाह वाकई? समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव ने भी केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट कर लिखा, 'शासन-प्रशासन जब अभय एवं निर्भय की जगह भय और उत्पीड़न के प्रतीक बन जाएं तो समझ लेना चाहिए उनका अंत निकट है।' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा, बीबीसी पर छापे की खबर 'वैचारिक आपातकाल' की घोषणा है। पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट कर लिखा : बीबीसी कार्यालय पर छापे का कारण और प्रभाव बिल्कुल स्पष्ट है। सच बोलने वालों को केंद्र सरकार बेशर्मी से परेशान कर रही है। चाहे वह विपक्षी नेता हो, मीडिया, कार्यकर्ता या कोई और हो।

## भाजपा बोली- बीबीसी का इतिहास भारत के खिलाफ काम करने का


**एजेंसी। नई दिल्ली**

बीबीसी पर आयकर विभाग के सर्वे पर बीजेपी ने कहा कि चाहे वह कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी हो, यह हर भारतीय के लिए चिंता का विषय है। पहले कांग्रेस को यह समझना होगा कि भारत कानून और संविधान से चलता है और यह पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कोई भी जांच एजेंसी पिंजरे का तोता नहीं रही, जिसे कांग्रेस फटकार लगाएगी। यह अपना काम कर रही हैं। कोई भी एजेंसी हो, मीडिया से जुड़ी हो, कंपनी हो। अगर वह भारत में काम कर रही है तो उसे भारत के कानून का पालन करना होगा। यह कहना गलत नहीं होगा कि बीबीसी का इतिहास द्वेषपूर्ण तरीके से भारत के खिलाफ काम करने का रहा है। कांग्रेस को यह याद रखना चाहिए कि किस तरह से इंदिरा गांधी ने खुद बीबीसी पर बैन लगाया था।

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का पहला चरण खुला

**एजेंसी। जयपुर**

**मंगलवार** को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले चरण के उद्घाटन के साथ मौजूदा दिल्ली-जयपुर राजमार्ग (एनएच-48) पर यात्रा का समय कम हो जाएगा। मार्ग यह सुनिश्चित करेगा कि दिल्ली-जयपुर यात्रा का समय दो घंटे कम हो जाए। नई दिल्ली-जयपुर रूट पर एक निजी कार के लिए कुल एक तरफ का टोल 585 रुपये होगा। न्यू-वे पर टोल कुल किलोमीटर की यात्रा पर आधारित होगा। आठ लेन के इस एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट 120 किमी प्रति घंटे होगी और हर 30 किलोमीटर पर सुविधाएं होगी। यह जयपुर के यात्रियों को सोहना, दौसा, लालसोट खंड के माध्यम से चार घंटे से भी कम समय में दिल्ली पहुंचने की अनुमति देगा। पूरे खंड में सीसीटीवी लगी हुई है और प्रत्येक 20 किमी पर स्पीड डिटेक्शन बोर्ड ड्राइवरों को उनके वाहनों की गति के बारे में सचेत करने के लिए लगाए गए हैं।



## वैलेंटाइन डे : किडनी देकर पति ने पत्नी की बचाई जान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वैलेंटाइन डे को प्रेम दिवस के रूप में मनाया जाता है। दिल्ली के एक अस्पताल में वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर प्रेम की एक अटूट मिसाल पति पत्नी के बीच देखने को मिली। दिल्ली के सनर इंटरनेशनल अस्पताल में सोमवार को एक किडनी प्रत्यारोपण हुआ। जिसमें 48 वर्षीय नामती सारा ढोंगा को उनके पति की किडनी प्रत्यारोपण की गई। गौरतलब है कि 2 साल पहले एक सड़क दुर्घटना में नामती सारा ढोंगा को गंभीर चोटें आई थी। उसके बाद लंबे समय तक उनकी कुछ दवाइयां चली। दवाओं के सेवन के दौरान उनके शरीर में खुजली के साथ सूजन आने लगी। फिर अस्पताल में उनकी जांच हुई और जांच में पता चला कि उनकी दोनों किडनी खराब हो चुकी है। उनका स्वास्थ्य लगातार खराब होता चला गया। डॉक्टर ने उन्हें डायलिसिस की सलाह दी।

पिछले दो वर्षों से वह डायलिसिस पर थी। लेकिन उनके स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो पा रहा था। स्वास्थ्य दिन-ब-दिन खराब हो रहा था। सोमवार को वैलेंटाइन डे की पूर्व संध्या पर उनके पति ने उन्हें किडनी दी, उन्हें उनके पति की कितनी प्रत्यारोपित की गई। रामकुमार थापा ने कहा कि हमें भगवान और डॉक्टर पर पूरा भरोसा है।

## दिग्विजय सिंह की जांच हो : शिवराज सिंह चौहान

**एजेंसी। भोपाल**

पुलवामा कांड की चौथी बरसी पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने खुफिया विफलता का जिक्र किया है। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिग्विजय सिंह की जांच के साथ कांग्रेस की डीएनए की जांच की मांग कर डाली है। पुलवामा में आज ही के दिन चार साल पहले हुए एक हमले में 40 जवान शहीद हुए थे। इस पर मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने ट्वीट किया और कहा, आज हम उन 40 सीआरपीएफ शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं, जो पुलवामा में खुफिया विफलता के कारण शहीद हो गए। मुझे उम्मीद है कि सभी शहीद परिवारों का उपयुक्त रूप से पुनर्वास किया गया है।

वहीं, मुख्यमंत्री चौहान ने दिग्विजय पर ही सवाल उठाए और कहा कि दिग्विजय सिंह की जांच होनी चाहिए कि आखिर उनके दिमाग में यह बीज बोता कौन है। देश की सेना का मनोबल गिराने की कोशिश करते हैं, पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। कांग्रेस के डीएनए की जांच होनी चाहिए। यह अजूबा है, एक पार्टी का नेता लगातार सेना की राष्ट्रभक्ति, उनकी बहादुरी पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है, सोनिया और राहुल को इस का जवाब देना चाहिए।

# विदेश सचिव क्वात्रा ने नेपाल के राष्ट्रपति, पीएम से मुलाकात की

**एजेंसी। काठमांडू**

दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को काठमांडू पहुंचे भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और विदेश मंत्री बिमला राय पौडयाल से मुलाकात की। माना जा रहा है कि बालुवातार में प्रचंड के साथ मुलाकात के दौरान क्वात्रा ने ऊर्जा, व्यापार, कनेक्टिविटी, कृषि, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्रों में नेपाल-भारत सहयोग पर चर्चा की। क्वात्रा ने शीतल निवास में राष्ट्रपति भंडारी से शिष्टाचार मुलाकात की



और भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से बधाई दी, नेपाल में भारतीय दूतावास ने बैठक के बाद ट्वीट किया।

इससे पहले दिन में क्वात्रा ने अपने नेपाली समकक्ष भरत राज पौडयाल से मुलाकात की और व्यापक द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों विदेश सचिवों ने कनेक्टिविटी, व्यापार और पारगमन, बिजली क्षेत्र में सहयोग, कृषि, शिक्षा, संस्कृति, स्वास्थ्य क्षेत्र और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित नेपाल-भारत संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। पिछले साल 25 दिसम्बर को प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने के बाद किसी भारतीय अधिकारी की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा है। क्वात्रा के भारत दौरे के लिए नेपाल के प्रधानमंत्री को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का निमंत्रण सौंपने की भी उम्मीद है।

**शहीदों को श्रद्धांजलि** | **पुलवामा हमला की चौथी बरसी**

# 19 आतंकियों में आठ हो गए ढेर

### सात गिरफ्तार और चार पाकिस्तानी में तीन फरार

**एजेंसी। श्रीनगर**

पुलवामा हमले की चौथी बरसी पर कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) विजय कुमार ने मंगलवार को बताया कि हमले में शामिल 19 आतंकियों में से आठ मारे गए हैं। सात गिरफ्तार हैं जबकि चार अन्य में से तीन पाकिस्तानी अभी भी फरार हैं।



सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत में एडीजीपी ने बताया कि सुरक्षा बल जैश-ए-मुहम्मद के पीछे पड़े हैं और उनके लगभग सभी शीर्ष कमांडरों को मार गिराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जैश-ए-मुहम्मद के पास केवल 7-8 स्थानीय और मोसा सोलेमानी सहित 5-6 सक्रिय पाकिस्तानी हैं। पुलिस उनके पीछे है और उन्हें जल्द ही मार गिराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वे आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर रहे हैं। विशेष रूप से वे नार्को-आतंकवाद और आतंक के वित्त पोषण का। उन्होंने एक सवाल के जवाब में बताया कि हम 41 लाख रुपये वसूलने में सफल रहे हैं और हाल ही में बारामूला में 26 लाख रुपये वसूले गए हैं। विजय कुमार ने यह भी कहा कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल ओजीडब्ल्यू के खिलाफ दर्ज मामलों को तेजी से निपटाया जा रहा है। ऐसे मामलों की संख्या पिछले साल अक्टूबर में 1600 से घटकर वर्तमान में 950 हो गई है और अब तक 13 दोषियों को सजा भी हो चुकी है।


एडीजीपी ने बताया कि वर्तमान में कुल 37 स्थानीय आतंकी सक्रिय हैं और उनमें से फारूक नल्ली और रियाज छत्री सहित केवल दो पुराने हैं जबकि बाकी हाल ही में शामिल हुए हैं। इंस्पेक्टर जनरल ऑपरेशंस सेक्टर सीआरपीएफ एमएस भाटिया ने बताया कि पुलवामा हमले के बाद से जमीनी स्तर पर स्थिति में सुधार हुआ है और सुरक्षा बलों द्वारा किए गए उपायों को देखते हुए इस तरह के हमले कभी नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि 2019 में हमले के बाद उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## FILMY हलचल

### अक्षय के साथ काम करना सपने के सच होने जैसा : राज मेहता

**अक्षय** कुमार के साथ 'गुड न्यूज' और 'सेल्फी' जैसी फिल्मों में काम कर चुके निर्देशक राज मेहता ने अभिनेता की तारीफ करते हुए कहा कि यह किसी भी फिल्मकार के लिए सपने के सच होने जैसा है। राज मेहता ने कहा : अक्षय सर के साथ काम करना एक रत्न है। यह किसी भी निर्देशक के लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैं सेट पर उनके समर्पण और अनुशासन का सम्मान करता हूं। क्रू उनके साथ काम करना पसंद करता है। गुड न्यूज के बाद सेल्फी पर एक बार फिर सर के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा। स्टार स्टूडियो धर्मा प्रोडक्शंस, पृथ्वीराज प्रोडक्शंस, मैजिक फ्रेम्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स के सहयोग से सेल्फी प्रस्तुत कर रहा है। हीरू यश जौहर, अरुणा भाटिया, सुप्रिया मेनन, करण जौहर, पृथ्वीराज सुकुमारन, अपूर्व मेहता और लिस्टिन स्टीफन द्वारा निर्मित, सेल्फी 24 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सनी देओल, अमीषा पटेल-स्टारर 'गदर 2' के पोस्टर का अनावरण




**'गदर** 2' के निर्माताओं ने वैलेंटाइन डे पर सनी देओल और अमीषा पटेल अभिनीत प्रतिष्ठित भारतीय ब्लॉकबस्टर 'गदर : एक प्रेम कथा' के सीक्वल का अनावरण किया। 'गदर 2- द कथा कंटीन्यूज' शीर्षक वाले इस मोशन पोस्टर में सनी का किरदार तारा सिंह और अमीषा की सकीना एक-दूसरे को देख रही हैं और बैकग्राउंड में मशहूर 'उड़जा काले कांवा' गाना चल रहा है। जी स्टूडियो के एक ट्वीट में कहा गया : तारा सिंह और सकीना की शाश्वत प्रेम कहानी, जिसने 22 साल पहले बड़े पर्दे पर रोशनी डाली थी, सिल्वर स्क्रीन पर अपना जादू वापस लाने के लिए पूरी तरह तैयार है! हैशटैग गदर 2 11 अगस्त 2023 को। फिल्म का निर्माण जी स्टूडियोज के सहयोग से अनिल शर्मा प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है। यह 11 अगस्त, 2023 को दुनिया भर में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### 'दाएं बाएं' ने वैलेंटाइन डे के मूड को किया सेट

**कोरियोग्राफर** शक्ति मोहन और अभिनेता हिमांश कोहली की नई कोलैबोरेशन 'दाएं बाएं' सोमवार को रिलीज हुई, जिसने वैलेंटाइन-डे के मूड को पूरी तरह से सेट कर दिया। यह रोमांस और मस्ती से भरी है और निराश रोमांटिक लोगों को चिढ़ाता है। शांत शूट लोकेशन और कूल हुकस्टेप वीडियो को मजेदार बनाते हैं। गाने के बारे में बात करते हुए, हिमांश ने कहा : दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए मैं काफी रोमांचित हूं। ट्रैक को एक खूबसूरत लोकेशन पर शूट किया गया है और मैंने शूटिंग का पूरा आनंद लिया है। अब मैं बस अपने प्रशंसकों और शुभचिंतकों के प्यार और समर्थन का इंतजार कर रहा हूं। यासीर देसाई द्वारा गाए गए इस गाने को गोल्डी सोहेल ने कंपोज किया है और इसमें रोमांटिक कव्वाली का तड़का है।

### ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट का ऐलान



**ड्रीम** गर्ल 2' अब 7 जुलाई को रिलीज होगी और इसकी घोषणा करने के लिए, अभिनेता आयुष्मान खुराना ने एक नया मजेदार वीडियो जारी किया है। उनका किरदार पूजा सुपरस्टार शाहरुख खान की 'पठान' के साथ फोन पर फ्लर्ट करती नजर आ रही हैं। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज की तारीख की घोषणा करते हुए एक क्लिप साझा की। वैलेंटाइन डे के मौके पर इसका अनावरण किया गया। इसमें लहंगा पहने हुए आयुष्मान को 'पठान' के साथ फोन पर बात करते हुए उनके कैरेक्टर पूजा के रूप में दिखाया गया है। दूसरी तरफ से शाहरुख खान की आवाज सुनाई दे रही है। आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर इसे कैप्शन दिया, ब्रेकिंग न्यूज : एटदरेट पूजा ड्रीमगर्ल इज बैक! हैशटैग 7 के साथ में देखेंगे! हैशटैग ड्रीमगर्ल 2, 7 जुलाई 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'ड्रीम गर्ल 2' में आयुष्मान के साथ अनन्या पांडे हैं, जबकि पहले भाग में नुसरत भरुचा थीं। 'ड्रीम गर्ल 2' में असरानी, परेश रावल, विजय राज, राजपाल यादव, सीमा पाहवा, गोवर्धन असरानी, अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह, मनोज जोशी भी हैं।

# व्यापारियों के हित में बाजार शुल्क वापस ले सरकार : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सांसद संजय सेठ ने आज सांसद कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक 2022 के तहत राज्य सरकार द्वारा दो फीसदी शुल्क लगाने के निर्णय का विरोध करते हुए व्यापारियों के हित में इस काले कानून को वापस लेने की मांग की है। सांसद सेठ ने कहा पूर्व की भाजपा सरकार ने व्यापारियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए कृषि शुल्क हटा दिया था इससे व्यापार में बढ़ोतरी हुई और कारोबार भी बढा परंतु वर्तमान सरकार फिर से 2 प्रतिशत बाजार शुल्क लगाने का निर्णय किया है, इससे किसानों खाद्यान्न कारोबारी के साथ साथ ट्रेडर्स और आम जनों को महंगाई की मार झेलनि होगी झारखंड में अधिकांश खाद्यान्न वस्तुएं बाहर से आती हैं पहले ही उस पर टैक्स लगा होता है फिर यहां आने पर 2 प्रतिशत बाजार शुल्क देना होगा इससे खाद्यान्न महंगी होगी और हर वर्ग के लोग प्रभावित होंगे साथ ही व्यापार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि आसपास के राज्यों में बाजार शुल्क नहीं लगता है, साथ ही अफसरशाही हावी होंगे कई भाजपा शासित राज्यों में लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाजार सुख हटा दिया गया है राज्य सरकार को भी राज्य कृषि उत्पादन और पशुधन विपणन विधेयक वापस लेना चाहिए सांसद सेठ ने कहा वह व्यापारियों के साथ इस लड़ाई में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने व्यापारियों के कल के बंदी का समर्थन किया है। साथ ही सांसद सेठ ने बजट सत्र के दौरान सदन में उठाए गए महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी दी सांसद सेठ ने पहाड़ी मंदिर को राष्ट्रीय महत्व का स्थान घोषित कर इसे संरक्षण की मांग की पहाड़ी मंदिर का धार्मिक एवं ऐतिहासिक संस्कृति का महत्व है। यहां लाखों लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। इसे राष्ट्रीय महत्व का स्मारक घोषित कर इसके संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य करने की मांग रखी। उन्होंने निफ्ट का मामला सदन में उठाते हुए इस ऐतिहासिक संस्था के स्वायत्तता और राष्ट्रीय पहचान दिलाने की मांग की ताकि प्रधानमंत्री जी के मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे विजन को सार्थक बनाया जा सके और इसे धरातल पर उतारा जा सके। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र की भी जानकारी ली गई साथ ही झारखंड में सीएसआर के तहत किए गए कार्य का भी विवरण लिया गया केंद्र द्वारा यह बताया गया कि झारखंड में 210 करोड रु सीआरएस फंड के तहत खर्च हुए हैं।

# आदिवासी के जल, जंगल और जमीन से समझौता नहीं : अर्जुन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि आदिवासी के जीवन का आधार प्रकृति है। वे जंगलों के साथ जीवन जीते है। प्रकृति हमारी है और हम प्रकृति के हैं, इसी भावना से आदिवासी जंगलों के साथ जीवन जीते हैं। प्रकृति ही आदिवासियों की परंपरा, जीवन पद्धति और संस्कृति है। आदिवासी अपनी इस संस्कृति को छोड़ना नहीं चाहते, इसलिए किसी भी कीमत पर आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन से समझौता नहीं कर सकते हैं। मुंडा मंगलवार को मुरहू प्रखंड के कुंजला गांव में आयोजित तिड़ू संकुरा पड़हा जतरा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शासन पद्धति विकसित होने के बावजूद आदिवासी हमेशा स्वशासन व्यवस्था के साथ ही रहे। आदिवासियों की परंपरा पर कभी कोई हस्तक्षेप नहीं हुआ। आदिवासियों को उनका अधिकार देने के काम में लगे अधिकारियों को यह साफ निर्देश दिया गया है कि आदिवासियों की जीवन पद्धति के आधार को मजबूत कर रहे हैं।



इस सोच के साथ उनका डॉक्यूमेंटेशन करना है, ताकि वन एवं वन के अंदर रहनेवाले आदिवासी एक दूसरे का पूरक बनके रहें। मंत्री ने कहा कि आधुनिकता की इस दौड़ में जंगलों के साथ होनेवाली छेड़छाड़ के परिणामस्वरूप आज वातावरण में बदलाव होने लगा है, लेकिन आदिवासी कभी जंगलों से छेड़छाड़ नहीं करते। प्रकृति से संबंध के साथ जीने की परंपरा ही आदिवासी है, यही हमारी संस्कृति है। इससे पूर्व आयोजन स्थल में केंद्रीय मंत्री के पहुंचने पर पारंपरिक रीति रिवाज से उनका भव्य स्वागत किया गया। बाजे गाजे और नृत्य दलों के साथ उन्हें मंच तक ले जाया गया। मंच पर तिड़ू पड़हा राजा जकरियस तिड़ू की अगुवाई में केंद्रीय मंत्री को आदिवासी पगड़ी बांधकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। केंद्रीय मंत्री के अलावा सभा को तिड़ू संकुरा पड़हा राजा मंगल सिंह मुंडा, दानियल मुंडा, भीम सिंह मुंडा, लोदरो मुंडा सहित कई अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन दामू मुंडा ने किया। प्रति वर्ष 14 फरवरी को आयोजित होनेवाले तिड़ू पड़हा जतरा में तिड़ू पड़हा अंतर्गत 52 गांवों से जनजातीय समुदाय के महिला पुरुष एवं बच्चे अपने झंडे और नृत्य दलों के साथ शामिल हुए।

## पांच हजार से अधिक हुआ तो कटेगी बिजली

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) के रांची जीएम पीके श्रीवास्तव ने कहा कि जिन बिजली उपभोक्ताओं तीन माह से पांच हजार रुपये से अधिक बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन 15 फरवरी से काटा जाएगा। श्रीवास्तव ने अफसरों से कहा है कि फरवरी माह में तय राजस्व के लक्ष्य की स्थिति संतोषजनक नहीं रही है। इसलिए 15 फरवरी से राजस्व बढ़ाने का काम करें। अपने अधीन के सर्किल और डिविजन रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा के इंजीनियरों से कहा है कि कुल 100 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है। इसलिए 15 फरवरी से विशेष अभियान चलाये। जो उपभोक्ता का तीन महीने से अधिक समय से शहरी क्षेत्र में पांच हजार और ग्रामीण क्षेत्र में 10 हजार रुपये से ऊपर बकाया है।

## सीसीएल एरिया में रहने वाले भी आयुष्मान के लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सीसीएल के प्रवक्ता अनुपम राणा ने मंगलवार को कहा कि सीसीएल के खनन क्षेत्र के आसपास रहने वाले गरीब परिवार सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज करा सकते हैं। रांची स्थित सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में चिकित्सकों की ओर से हर प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का उपचार किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित इस योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल में रेफर किये गये मरीजों का इलाज किया जाता है। इसके अतिरिक्त सभी लोगों को निःशुल्क आपातकालीन सेवाएं भी प्रदान की जाती है। केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर सीसीएल का शीर्ष अस्पताल है। लगभग 200 बेड के इस हॉस्पिटल में सभी प्रकार के विशेषज्ञ चिकित्सीय सेवाएं प्रदान की जाती है। यह अस्पताल न केवल सीसीएल कर्मियों और उनके आश्रितों का, बल्कि परियोजना प्रभावित क्षेत्रों के लोगों का भी उपचार करता है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें निःशुल्क परामर्श, जांच तथा दवाओं का वितरण किया जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में अस्पताल द्वारा सुदूर क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों के लिए डिजिटल डिस्पेंसरी के तहत टेलीमेडिसिन की सेवाएं भी प्रदान की जा रही है।

# आयुक्त ने आधार सिडिंग करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर ससमय योजनाओं को पूर्ण करवाने एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ पहुंचाने को लेकर मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने सभी जिला के परियोजना पदाधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की। संचालित योजनाओं की जिलावार जानकारी ली।मनरेगा की प्रमुख योजनाओं यथा बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो विकास योजना, आंगनबाड़ी योजनाओं के आवश्यक प्रगति लाने का निर्देश दिया। ताकि, ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाए और योजनाओं का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का स्थल निरीक्षण



भी किया जाएगा। बैठक में मनरेगा आयुक्त द्वारा मनरेगा अन्तर्गत सभी लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया साथ ही, मनरेगा आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाबद्ध तरीके से एक समुचित कार्य प्रारूप तैयार कर जल्द से जल्द सभी योजनाओं को पूर्ण करने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा योजनांतर्गत सक्रिय मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की लंबित योजनों का अवलोकन कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर लंबित एटीआर के साक्ष्य भी अपलोड करने हेतु निदेशित किया। बैठक के दौरान मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी ने वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना की पूर्णता में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा में स्थानीय श्रमिकों द्वारा निर्माण कराने का निदेश दिया। गिरीडीह, कोडरमा, पाकुड़ एवं सिमडेगा जिला में खेल मैदान निर्माण पूर्ण नहीं होने पर संबंधित परियोजना पदाधिकारीयों को मनरेगा आयुक्त द्वारा आदेश देते हुए जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। मनरेगा आयुक्त श्रीमती राजेश्वरी बी के द्वारा मनरेगा कार्य की समीक्षा के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 की योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

## उपायुक्त ने भुगतान करने की दी स्वीकृति

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को राशि भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के पात्र किसानों को अनुग्राहिक राहत राशि देने के लिए श्रेणी 'क' में कुल 1132 लाभुकों एवं श्रेणी 'ग' में कुल 121 लाभुकों को तीन हजार 500 रुपये प्रति लाभुक की दर से कुल 43 लाख 85 हजार 500 रुपये का भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है। उपायुक्त ने शाखा प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, महावीर चौक अपर बाजार को लाभुकों के बैंक खाता में आरटीजीएस के माध्यम से राशि हस्तांतरित करने का निर्देश दिया है।

# भाकपा माले का प्रतिनिधिमंडल पटना के लिए हुआ रवाना

**नवीन मेल संवाददपाता। रांची**
भाकपा माले का 11वां राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने के लिए के मंगलवार को पटना के गांधी मैदान में अयोजित फासीवाद मिटाओ- देश बचाओ रैली में भाग लेने के लिए सैंकड़ो कार्यकर्ता पटना के लिए हटिया स्टेशन से रवाना हुए। भाकपा माले के राज्य कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट, जिला सचिव जगमोहन महतो, नगर सचिव नंदिता भट्टाचार्य के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं का जत्था पटना के लिए निकले। झारखंड की सांस्कृतिक टीम भी नगाड़े मांदर के पटना पहुंचेंगे। भाकपा माले राष्ट्रीय महाधिवेशन के




माध्यम से विभिन्न वाम-लोकतांत्रिक शक्तियों को एकताबद्ध करते हुए देश भर में पर भाजपा विरोधी अभियान को संगठित करने पर भी जोर देगी। इस बार माले का राष्ट्रीय महाधिवेशन देश की राजनीतिक दिशा 2024 के लिए कई मायने में अहम होगी। भाकपा माले के राज्य स्थयी कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि कॉरपोरेट गिरफ्त की राजनीति के वरखिलाफ राष्ट्रीय महाधिवेशन जन राजनीति की मिशाल होगी।

# सॉफ्टवेयर शार्क्स ने डिजिटल स्ट्राईक को सात विकेट से हराया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आद्रिका इंटरप्राइजेज के तत्वावधान में मंगलवार को एसटीपीआई के प्रांगण में आद्रिका कप 2023 का आयोजन किया गया। 10-10 ओवर्स के इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में डिजिटल स्ट्राइकर्स को सॉफ्टवेयर शार्क्स ने 7 विकेट से हरा दिया। इस फाइनल मैच में सॉफ्टवेयर शार्क्स के ओपनर बल्लेबाज दिलशाद अंसारी ने शानदार पारी खेलकर नॉट आउट 51 रन बनाए और 7 विकेट से अपने टीम को जीत दिलाई। इस दौरान दर्शकों में काफी उत्साह एवं जूनून देखने को मिला। इस मैच में डिजिटल स्ट्राइकर्स टीम के कप्तान मेहुल प्रसाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया और 8 ओवर में टीम 62 रन पर ही सिमट गयी। डिजिटल स्ट्राइकर्स से दीपांकर कुमार ने 16 गेंदों में 40 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, सॉफ्टवेयर शार्क्स की तरफ से कप्तान राजीव कुमार एवं दिलशाद अंसारी ने अपने बल्ले से रनों की बारिश कर दी। गेंदबाजी में गिरधारी ने 3 विकेट लेकर स्ट्राइकर्स को रन बनाने से रोक दिया। बैटिंग करने आये सॉफ्टवेयर शार्क्स की टीम ने सिर्फ 1 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इस रोमांचक मैच में ओवरऑल उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु दिलशाद अंसारी को मैंन ऑफ द मैच एवं मैंन ऑफ द सीरिज का खिताब दिया गया। वहीं, गिरधारी महतो को बेस्ट बोलिंग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# पुलवामा के वीर शहीदों की शहादत देश सदैव याद रखेगा : आजसू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू ने रांची विवि वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी एवम मारवाड़ी महाविद्यालय अध्यक्ष विशाल यादव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर 4 साल पहले आज ही के दिन 14 फरवरी 2019 को पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दिया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने गांडीव उठा लो अर्जुन फिर से, समर महाभारत कर दो,लाहौर, कराची, रावलपिंडी सब भारत ही भारत कर दो के नारे भी लगाए। रांची विश्वविद्यालय वरीय उपाध्यक्ष राहुल तिवारी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में दो साल पहले 14 फरवरी 2019 को आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए. पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर पूरा देश शहीद जवानों को याद कर रहा है. वहीं आजसू ने जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि आज के ही दिन 2019 में आतंकियों ने पुलवामा में सैनिकों की बस पर आतंकी हमला किया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे और कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मारवाड़ी अध्यक्ष विशाल यादव ने कहा जम्मू कश्मीर में तीन साल पहले हुए पुलवामा हमले की बरसी पर आज शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि आप सबका बलिदान समाज पर ऋण है। मां भारती के अमर वीर सपूतों को शत-शत नमन। आप सभी का त्याग आतंकवाद के विरुद्ध हम सभी को एकजुट करता है। इस मौके पर नैतिक सिंह, अनमोल कुमार, सागर सिंह, दीपक कुमार, विशाल कुमार गुप्ता, दुर्गा उरांव, अंबर उरांव, ऋतिक रंजन, नवीन महतो, आशीष कुमार, अमन कुमार, गौरव यादव, साहिल कुमार, नेहा कुमार, आरजू प्रवीण, सिमरन कौर, के अलावा कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**व्यापारियों की है...**
आधार पर स्थानीय नीति लागू करवाने की पहल की, लेकिन विपक्षियों को यह असंवैधानिक लगने लगा। राज्यपाल के द्वारा इसमें अड़ंगा लगाकर वापस लौटा दिया गया जबकि दूसरे राज्यों में यही नीति विपक्षियों के द्वारा लागू की गई है। उन्होंने कहा कि विपक्षियों का एक ही मकसद है कि किसी भी तरह से झारखंड को गरीब ही रहने दिया जाए ताकि यहां की संपत्ति को आसानी से लूटा जा सके। कार्यक्रम को श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

**हमारा पूरा फोकस योजनाओं की गति को...**
कार्यों और विधि-व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास सरकारी कर्मियों की एक बड़ी फौज फौज है। इनके वेतन पर सरकार बजट का एक बड़ा हिस्सा खर्च करती है। इसके बाद भी अगर योजनाओं की गति धीमी हो, योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिले और अगर योजनाओं की प्रगति सिर्फ कागजों पर दिखे तो बजट का बड़ा हिस्सा अधिकारियों के वेतन पर खर्च करने का कोई मतलब नहीं है। अधिकारियों को बैठाकर वेतन देना कहीं से मुनासिब नहीं होगा। इसलिए अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को समझें और इंप्लीमेंटिंग अथॉरिटी होने के नाते गांव-गांव घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाएं और राज्य के विकास का मार्ग प्रशस्त करें।

**योजनाओं के आंकड़ों में हेराफेरी बर्दाश्त नहीं आंकड़ों के साथ फोटो भी देखेंगे**
मुख्यमंत्री ने कहा कि समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों द्वारा उपलब्धियों को दिखाने के लिए आंकड़ों में हेराफेरी की जाती है, लेकिन आज सूचना तंत्र काफी मजबूत हो चुका है। अब समीक्षा बैठकों में आंकड़ों के साथ उससे संबंधित फोटो भी देखूंगा, ताकि वास्तविक स्थिति का पता चल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि हमारे पास हजारों की संख्या में लोग अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देते हैं, अगर आवेदनों पर कड़ाई से कार्रवाई हो तो कई अधिकारी- कर्मचारी नप जाएंगे। इसलिए, अधिकारी आंकड़ों का खेल नहीं खेलें। योजनाओं को जमीन पर उतारें।

**जनता की न्यूनतम जरूरतें भी पूरी नहीं कर पाएं तो काफी चिंता की बात**
मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की जो ज्योग्राफिकल स्थिति है, यहां के लोगों का जो स्वभाव है, उसके लिहाज से यहां के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता और क्रियाशील रखकर कार्य करने की जरूरत है। अलग झारखंड राज्य बनने के दो दशक गुजर जाने के बाद भी अगर हम किसी गांव- पंचायत या इलाके में लोगों की मूलभूत जरूरतें भी पूरी नहीं कर सके, तो यह सरकार के साथ पूरे राज्य के लिए चिंता की बात है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कागज में आपने जो लिखा है, वह हकीकत में दिखनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी योजना को लेकर कोई भी कंफ्यूजन है तो उसे जिला या मुख्यालय स्तर के वरीय अधिकारियों को तुरंत जानकारी दें, ताकि उसका समाधान निकले। मैं आगे यह सुना नहीं चाहूंगा कि कन्फ्यूजन के कारण योजनाएं लंबित है और लोग उसके लाभ से वंचित हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के उपायुक्त को कहा कि कि वे योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की ऐसी कई योजनाएं हैं, जिसे कई विभाग आपस में समन्वय बनाकर संचालित कर सकते हैं। इसके लिए विभाग आपस में को-आर्डिनेशन करें और योजनाओं को जमीन पर उतारने में कोई कमी नहीं रहने दें।

**7 सालों से पुल का निर्माण कार्य अधूरा, गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश**
मुख्यमंत्री ने लातेहार शहर में न्यू पुलिस लाइन जाने के रास्ते में नदी पर 2016 से बन रहे पुल का निर्माण कार्य अब तक अधूरा रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने इस पुल का निर्माण करा रहे गायत्री बिल्डकॉन को टर्मिनेट करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने चतरा जिले के टंडवा प्रखंड में जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति योजना का कार्य कर रही श्रीराम ईपीसी कंपनी को भी कार्य की धीमी गति को लेकर शो-कॉज जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने चतरा उपायुक्त को इस योजना का रिव्यू कर रिपोर्ट देने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों में किसी प्रकार की हेराफेरी नहीं होनी चाहिए वरना संबंधित पदाधिकारियों और संवेदक पर कार्रवाई होगी। समीक्षा बैठक में मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विधायक वैद्यनाथ राम, रामचंद्र सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, सचिव अबूबकर सिद्दीकी, सचिव मनीष रंजन, सचिव कृपानंद झा, एडीजी संजय आनंद लाटकर, पुलिस महानिरीक्षक एवी होमकर, लातेहार के उपायुक्त भोर सिंह यादव, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन और चतरा के उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन तथा दोनों जिलों के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**पंकज मिश्रा के करीबियों पर...**
मोबाइल फोन से इस बात की पुष्टि हुई थी कि पंकज मिश्रा ने न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान उन मोबाइल फोन व सिम का इस्तेमाल करते हुए राज्य के कई प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों, अलग-अलग विभाग के वरीय पदाधिकारियों से लगातार फोन पर बात की थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने अवैध खनन केस में 19 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से ही वह न्यायिक हिरासत में हैं।

**अयोध्या में सौ एकड़ में बनेगा...**
स्वयं सेवक संघ का यह सबसे बड़ा कार्यालय परिसर होगा। सूत्रों का कहना है कि अयोध्या का यह परिसर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रमुख प्रशिक्षण, रणनीतिक अध्ययन-चिंतन व पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का आवासीय केंद्र हो जायेगा। जहां वर्षभर कोई न कोई महत्वपूर्ण कार्यक्रम, आयोजन, प्रशिक्षण होते रहेंगे। वैसे तो अयोध्या में राम मंदिर से लगभग चार किलोमीटर की दूरी पर साकेतपुरी में 2.30 एकड़ जमीन पर संघ का प्रांतीय मुख्यालय साकेत निलयम भी बनकर तैयार हो चुका है। नव्य अयोध्या में संघ का मुख्यालय बनकर तैयार होता है, तो यह अयोध्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का दूसरा कार्यालय होगा। लेकिन इसके अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई आनुषांगिक संगठनों के भी कार्यालय यहां हैं। संघ के एक प्रमुख आनुषांगिक संगठन विश्व हिन्दू परिषद का कारसेवकपुरम व रामसेवकपुरम परिसर राम जन्मभूमि आंदोलन के समय से ही इससे जुड़े विहिप व संघ के कार्यक्रमों के चलते भरा रहता है। यहां से ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का भी संचालन होता है। इसके एक बड़े पदाधिकारी चंपत राय का केंद्र भी कारसेवक पुरम ही है। चूंकि, अब अयोध्या में भव्य राम जन्मभूमि मंदिर बनने से अयोध्या हिन्दुओं के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन केंद्र हो गया है। यहां पूरे भारत व विश्व से हिन्दुओं व विदेशी पर्यटकों, यात्रियों का आगमन बढ़ गया है, इसके मद्देनजर राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने भविष्य की गतिविधियों व रणनीति के मद्देनजर अयोध्या को अपना प्रमुख व सबसे बड़ा केंद्र बनाने की योजना बनाई है। जिसके मार्फत अपना फैलाव देश दुनिया में और तेजी से तो कर ही सके, भारत के सबसे बड़े व सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उप्र व उससे सटे राज्य उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम की राजनीतिक गतिविधियों पर भी अपने आनुषांगिक संगठन भाजपा के लाभ के मद्देनजर निगाह रखते हुए गतिविधि चला सके।

**किफायती दर पर करें...**
त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, ग्रिश्नेश्वर ज्योतिर्लिंग, औंढा नागनाथ ज्योतिर्लिंग, परली वैजनाथ ज्योतिर्लिंग, मल्लिकार्जुन स्वामी ज्योतिर्लिंग जैसी जगहों पर जाकर भगवान शिव के दर्शन कर सकते हैं। इन सभी जगहों पर भारत दर्शन ट्रेन के जरिए घूमने का मौका मिलेगा। ट्रेन में बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी के आधिकारिक वेबसाइट पर लॉग इन कर बुकिंग करा सकते हैं। इसके अलावा आप सभी पर्यटक सुविधा केंद्र, रीजनल ऑफिस और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी बुकिंग कराया जा सकता है। इस संबंध में आसनसोल रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमिताभ चटर्जी ने बताया कि महाशिवरात्रि को लेकर शिव भक्तों के लिए यह योजना लायी गई है।

**झारखंड के रेलवे स्टेशनों पर होगी...**
सड़क व्यवस्था में सुधार, स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में कियोस्क, स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' के तहत दुकानें, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउंज, बैंक्वेट हॉल, लैंडस्केपिंग जैसी योजनाओं में सुधार किया जाएगा। साथ ही स्टेशन भवनों में सुधार, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं, स्टेशनों के दोनों ओर एकीकरण, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल समाधान, गिट्टी रहित ट्रैक का प्रावधान, आवश्यकता के अनुसार रूफ प्लाजा भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही योजना पर काम शुरू किया जाएगा।

# खिलाड़ियों को एमआई परिवार से जोड़कर खुश हूं: नीता अंबानी



**एजेंसी। मुंबई**

महिला प्रीमियर लीग की नीलामी को मुंबई इंडियंस की मालिक नीता एम अंबानी ने महिला क्रिकेट के लिए एक बहुत ही खास दिन बताया है। उन्होंने कहा : नीलामी हमेशा अच्छी होती है, लेकिन आज का दिन वास्तव में विशेष था। यह पहली नीलामी (डब्ल्यूपीएल के लिए) थी, इसलिए आज वास्तव में एक ऐतिहासिक दिन था। आज सभी नामों और आंकड़ों से अधिक, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि हर महिला क्रिकेटरों की प्रतिभा का उत्साह बढ़ा रहा है और इसका जश्न मना रहा है। नीलामी में नीता अंबानी के साथ आकाश अंबानी, महेला जयवर्धने, महिला टीम के लिए नई कोचिंग टीम चार्लोट एडवर्डस (मुख्य कोच), झूलन गोस्वामी (टीम मेंटर और बॉलिंग कोच) और देविका पलशिकार (बल्लेबाजी कोच) मौजूद रहे। खेल के प्रति उनके जुनून और अधिक महिलाओं और लड़कियों को खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए नीता अंबानी खिलाड़ी के चयन और भारत के कप्तान को बहुत पहले हासिल करने से खुश थीं। उन्होंने कहा : एक टीम के रूप में, जिस तरह से नीलामी हुई उससे हम बहुत खुश हैं। हम मुंबई इंडियंस में भारतीय कप्तान को पाकर बहुत खुश हैं, जहां हमारे पास पहले से ही पुरुषों का कप्तान है। हम (साइवर-ब्रंट), पूजा वस्त्रेकर और सभी प्रतिभाशाली महिलाएं जो एमआई परिवार में शामिल हो रही हैं। उनको देखने के लिए भी बहुत उत्साहित हैं।

आईपीएल के आगामी सीजन में रोहित शर्मा के फ्रेंचाइजी की कमान संभालने की 10वीं वर्षगांठ भी होगी और नीता अंबानी एमआई परिवार के लिए दोनों भारतीय कप्तानों के आने की संभावना को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने कहा : मैंने रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस में एक खिलाड़ी से कप्तान बनते देखा है और इस साल, हम मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में रोहित के 10 साल पूरे होते देख रहे हैं। अब हम हरमन (हरमनप्रीत कौर) का एमआई परिवार में स्वागत कर रहे हैं। उन्होंने टी-20 के इतिहास में दो सबसे सफल कप्तानों के बीच समानताएं भी बनाईं।

### रोहित शर्मा ने दी बधाई

**भारत** और मुंबई इंडियंस पुरुष टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को एक सफल महिला प्रीमियर लीग नीलामी के लिए अपने फ्रेंचाइजी को बधाई दी। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले संस्करण की नीलामी सोमवार को हुई। रोहित ने सफल नीलामी पर अपनी फ्रेंचाइजी को बधाई देने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। रोहित ने ट्वीट किया : एक परिवार अब बड़ा और मजबूत है। सफल नीलामी के लिए फ्रैंचाइजी को बधाई। हमारी महिला टीम को ब्लू और गोल्ड में देखने का इंतजार है।

## NEWS इन ब्रीफ

### इंग्लैंड टेस्ट सीरीज से जेमीसन बाहर

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पहले बड़ा झटका लगा है। अनुभवी तेज गेंदबाज काइल जेमीसन संदिग्ध चोट के कारण दो मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को कहा कि एक अन्य तेज गेंदबाज मैट हेनरी भी बे ओवल में पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे, क्योंकि वह अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे हैं। जैकब डफी और स्कॉट कुगलेइजन की अनकैप्ड जोड़ी को टीम में जगह दी गई है और गुरुवार से शुरू होनेवाले शुरुआती डे-नाइट टेस्ट से पहले मंगलवार दोपहर माउंट माउंगानुई पहुंचेंगे।

### शिविर में स्ट्रेंथ और फिजिकल फिटनेस पर फोकस : शोपमैन

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों को ध्यान में रखते हुए रविवार से शुरू हो रहे भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर के लिए 33 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है। शिविर का समापन 26 मार्च को होगा। मुख्य कोच जननेके शोपमैन ने कहा कि आगामी सत्र के लिए शिविर में शारीरिक फिटनेस में सुधार पर ध्यान दिया जाएगा।

### दूसरे टेस्ट में भी श्रेयस अय्यर का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर का दिल्ली में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट मैच में खेलना भी संदिग्ध हैं। पीठ की चोट के कारण नागपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के पहले टेस्ट खेलने से भी अय्यर चूक गए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, वह टीम के साथ दिल्ली जाएंगे, लेकिन इस बात की संभावना नहीं है कि वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। दूसरा टेस्ट 17 से 21 फरवरी तक दिल्ली में खेला जाएगा। इसका मतलब है कि अय्यर के मुंबई टीम के साथी सूर्यकुमार यादव को अपनी टेस्ट साख साबित करने का एक और मौका मिलेगा।

# जडेजा सर्वश्रेष्ठ

## पूर्व क्रिकेटर दासगुप्ता बोले, रवींद्र जडेजा सभी प्रारूपों के सर्वश्रेष्ठ हरफनमौला खिलाड़ी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने चोट से उबरने के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की जमकर तारीफ की। जडेजा ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने नागुर में पांच विकेट हासिल किए और एक शानदार अर्द्धशतक लगाया, जो स्पष्ट रूप से उनके मानसिक स्थिति को दर्शाता है। उन्होंने रणजी मैच में तमिलनाडु के खिलाफ शानदार सात विकेट लेकर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। 34 वर्षीय ऑलराउंडर को पिछले साल भारत के एशिया कप अभियान के दौरान घुटने में चोट लग गई थी और वह सितम्बर 2022 से मैदान से दूर थे। बाद में वह ऑस्ट्रेलिया में भारत के टी-20 विश्व कप अभियान से चूक गए थे।

दासगुप्ता ने स्टार स्पोर्ट्स के शो 'फॉलो द ब्लूज' पर कहा : बिल्कुल, और वह भी छह महीने के ब्रेक के बाद आए हैं। उन्होंने कुछ प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेली, लेकिन यह ऑस्ट्रेलिया है और वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। छह महीने के बाद अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में इस तरह के स्वभाव और अनुशासन का प्रदर्शन किया। रवींद्र जडेजा के बारे में बात यह है कि उनके पास इतने सारे अलग-अलग शॉट हैं, वह एक बेहतरीन पारी खेलते हैं और एक सामान्य स्ट्राइक रेट रखते हैं।

उन्होंने कहा : यह वह मानसिक अनुशासन है जो हम उनकी गेंदबाजी में भी देखते हैं। यही कारण है कि उन्हें सर्वश्रेष्ठ में से एक माना जाता है और मेरी राय में वह शायद सभी रूपों में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर हैं। नागपुर में पहला टेस्ट तीन दिनों के भीतर समाप्त हो गया था। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्पिन जोड़ी रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ खेलने में नाकाम रहे। दोनों ने मिलकर 20 में से 15 विकेट लिए थे। पूर्व क्रिकेटर ने पहले टेस्ट में अपमानजनक हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की वापसी की संभावनाओं के बारे में भी बात की और कहा कि पैट कमिंस की टीम में अपने लाइन-अप में कुछ बदलावों के साथ वापसी करने की क्षमता है। उन्होंने कहा : वे वापसी कर सकते हैं, अगर आप इसे केवल प्रतिभा के नजरिए से देखते हैं, तो निश्चित रूप से उनमें वापसी करने की क्षमता है। कुछ बदलावों के साथ, बहुत सारे अच्छे खिलाड़ी जो इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे, अब उपलब्ध होंगे।

# प्रियंका गोस्वामी, आकाशदीप सिंह ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



**नवीन मेल नेटवर्क। रांची**

टोक्यो ओलंपियन प्रियंका गोस्वामी और आकाशदीप सिंह ने मंगलवार को नेशनल ओपन रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में क्रमशः महिला और पुरुष 20 किमी रेस वॉक में क्वालीफिकेशन पूरा करने के बाद पेरिस ओलंपिक 2024 और वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 के लिए क्वालीफाई किया। मोरहाबादी वॉक इवेंट में महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में, प्रियंका ने बुडापेस्ट और पेरिस ओलंपिक में एथलेटिक्स वर्ल्ड के लिए निर्धारित 1:29.20 सेकेंड के क्वालीफाइंग मानक को पार करने के लिए 1:28:50 सेकेंड का समय लिया और शीर्ष स्थान हासिल किया। जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता ने दो मार्की स्पर्धाओं में एक स्थान पक्का किया, लेकिन 1:28.45 सेकंड के साथ अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए पांच सेकंड से पीछे रह गईं। एक अन्य टोक्यो ओलंपियन भावना जाट ने 1:29.44 सेकंड के साथ रजत पदक जीता, लेकिन कोटा हासिल करने से चूक गईं। सोनल सुखवाल ने 1:31.03 समय के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। पुरुषों की 20 किमी स्पर्धा में, अक्षदीप ने 1:19.55 सेकेंड का लिया और दोनों स्पर्धाओं में क्वालीफाई करने के लिए 1:20.10 क्वालिफिकेशन मार्क को पार किया। इस प्रक्रिया में, उन्होंने रांची में 2021 नेशनल रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में संदीप कुमार द्वारा बनाए गए 1:20:16 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दूसरी ओर, सूरज पंवार विश्व और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच गए, लेकिन 1:20.11 सेकेंड के समय के बाद 0.01 से चूक गए।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम द. अफ्रीका के लिए रवाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से दक्षिण अफ्रीका के लिए रवाना हुई। कप्तान प्रीति और उपकप्तान रुताजा की अगुवाई वाली भारतीय टीम 17 से 25 फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका की जूनियर महिला हॉकी टीम और दक्षिण अफ्रीका ए टीम के खिलाफ मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका में खेलने के बारे में बात करते हुए प्रीति ने कहा : टीम में हर कोई दक्षिण अफ्रीका में खेलने के लिए बहुत उत्साहित है। यह कुछ खिलाड़ियों के लिए पहला दौरा है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

### महिला टी-20 वर्ल्ड कप

# श्रीलंका की विकेटकीपर अनुष्का पर लगा जुर्माना

**एजेंसी। केपटाउन**

श्रीलंका की विकेटकीपर अनुष्का संजीवनी पर रविवार को आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंका के ग्रुप 1 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। विकेटकीपर को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कार्मिकों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन करते पाया गया, जो किसी बल्लेबाज के आउट होने पर उसके प्रति किसी भी भाषा, क्रिया या हावभाव का उपयोग करने से संबंधित है। इसके अलावा, संजीवनी के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला मामला था।

यह घटना बांग्लादेश की पारी के 10वें ओवर में घटी, जब सोभना मोस्टरी के आउट होने पर, संजीवनी जश्न में आउट हुए बल्लेबाज के साथ गलत तरह से पेश आईं। संजीवनी ने मामला स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के अमीरात आईसीसी इंटरनेशनल पैनल के जीएस लक्ष्मी द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया। आईसीसी की एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस तरह से कोई औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर अन्ना हैरिस और सू रेडफर्न, तीसरे अंपायर जैकलीन विलियम्स और चौथे अंपायर किम कॉटन ने आरोप लगाए थे। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, खिलाड़ी की मैच फीस का 50 फीसदी जुर्माना और एक या दो डिमेरिट अंक का प्रावधान है। हर्षिता समरविक्रमा और निलाक्षी सिल्वा ने शतकीय साझेदारी कर श्रीलंका को बांग्लादेश के खिलाफ केपटाउन में 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने में मदद की थी।

# भारतीय स्टार सुमित नागल को मिला वाइल्ड कार्ड



**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल को मंगलवार को 20 से 26 फरवरी तक होनेवाले बेंगलुरु ओपन 2023 के एकल मुख्य ड्रा में वाइल्ड कार्ड मिला है। 25 वर्षीय पूर्व भारत नंबर 1 एटीपी चैलेंजर इवेंट के पांचवें सीजन में पहली वाइल्ड कार्ड एंट्री है, जिसे कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) द्वारा यहां केएसएलटीए स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। बेंगलुरु ओपन के टूर्नामेंट निदेशक और केएसएलटीए के संयुक्त सचिव सुनील यजमान ने कहा : हम नागल को पांचवें बेंगलुरु ओपन सीजन का पहला वाइल्ड कार्ड देकर खुश हैं। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं।

उन्होंने यहां अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता है। हम अपने भारतीय खिलाड़ियों को कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए एक विश्व स्तरीय मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस टूर्नामेंट के माध्यम से टेनिस की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ नाम है। नागल उन खिलाड़ियों में से एक हैं, जिन्होंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। नागल ने 2017 में इस टूर्नामेंट में अपना पहला एटीपी चैलेंजर खिताब जीता और उसके बाद अपने करियर में कुछ प्रभावशाली प्रदर्शन किए। उन्होंने इस टूर्नामेंट में क्रमशः 2018 और 2020 में अपने अन्य दो मुकाबलों के दौरान क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल भी पूरा किया था। नागल रोमांचक एकल मैच का हिस्सा होंगे, जिसमें पूर्व विश्व नंबर 10 लुकास पॉउली और पिछले साल के चैम्पियन चुन-सीन त्सेंग शामिल हैं।

## डब्ल्यूपीएल — पाकिस्तान की पूर्व कप्तान उरोज मुमताज बोलीं

# पाक खिलाड़ियों को नहीं देखना दुखद

**पाकिस्तानी खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन से हैं बाहर**

**मुंबई में पहली डब्ल्यूपीएल नीलामी में 87 खिलाड़ियों को पांच टीमों ने है चुना, 30 विदेशी क्रिकेटर भी शामिल**

**नीलामी में कुल मिलाकर 59.5 करोड़ रुपये किए गए खर्च**



**कराची। नई दिल्ली**

पाकिस्तान की पूर्व कप्तान से कमेंटेटर बनीं उरोज मुमताज ने कहा कि यह बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि पाकिस्तानी खिलाड़ी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन से बाहर हैं। सोमवार को मुंबई में पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) नीलामी में 87 खिलाड़ियों को पांच टीमों द्वारा चुना गया, जिनमें से 30 विदेशी क्रिकेटर थे, नीलामी में कुल मिलाकर 59.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

मुमताज ने ईएसपीएन क्रिटइंफो को बताया, पाकिस्तानी खिलाड़ियों को चूकते हुए देखना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हर अवसर निष्पक्ष और समावेशी होना चाहिए और सभी अवसर सामूहिक रूप से महिलाओं के खेल के स्तर को बढ़ाने और विश्व स्तर पर खेल को बढ़ाने की दिशा में कदम हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे क्रिकेट खेलने वाले देश की बीच की गुणवत्ता में अंतर को पाटते हैं। पाकिस्तान की महिला क्रिकेटरों को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के अपने सीजन में खेलना था। लेकिन दिसम्बर में प्रशासन में बदलाव के बाद उस योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया, जब नजम सेठी ने रमीज राजा से बोर्ड के अध्यक्ष का पदभार संभाला था। पाकिस्तान की कप्तान बिस्माह मारूफ से भी डब्ल्यूपीएल नीलामी के बारे में पूछा गया था, मौजूदा महिला टी-20 विश्व कप में भारत से शुरूआती मैच में हार के बाद उन्होंने कहा : पाकिस्तान के रूप में, हमें लीग में खेलने के कई अवसर नहीं मिलते हैं और यही बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। निश्चित रूप से, हम खेलना पसंद करेंगे और हम लीग में हर अवसर प्राप्त करना चाहते हैं। लेकिन हां, यह हमारे नियंत्रण में नहीं है।

### आरसीबी में जाने पर डेन वैन नीकेर्क ने जताई खुशी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका की डेन वैन नीकेर्क ने पहली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर द्वारा 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर चुने जाने के बाद खुशी जताई है। सोमवार को खिलाड़ियों की नीलामी में आरसीबी द्वारा चुने जाने के बाद दक्षिण अफ्रीकी ने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने ट्वीट किया, वाह..मैं बहुत खुश हूं!! धन्यवाद। आईपीएल टीम जिसका मैंने पहले दिन से समर्थन किया! मेरा एक सपना सच हुआ! वैन नीकेर्क ने सितम्बर 2021 से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की फिटनेस आवश्यकताओं को पूरा नहीं करने के कारण दक्षिण अफ्रीका की टी-20 विश्व कप टीम से बाहर होना पड़ा। वह वर्तमान में एक कमेंट्री पैनल के रूप में टूर्नामेंट में है। रिपोर्टों के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका पहले डब्ल्यूपीएल में खेलने के लिए वैन नीकेर्क को अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देने को तैयार है।